www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

7



कांस फिल्म फेस्टिबल...

10



सात्विक-चिराग की...

■ वर्ष 28 अंक 320 | डाक/नगर संस्करण | जबलपुर, रविवार 19 मई 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# 4 जून के बाद एफडीआई नियमों को उदार बनाएगी नई सरकार

## डीपीआईआईटी सेक्रेटरी ने इंडस्ट्री को दिया तैयार रहने का संकेत

नई दिल्ली।

देश में अभी लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और नई सरकार बनने के बाद कई सेक्टर्स में एफडीआई नियमों को उदार बनाया जा सकता है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियमों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और मतगणना 4 जून को होनी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब





अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण हुआ।

### 1.13 लाख करोड़ का निवेश

*उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं की सफलता के बारे में बात करते हुए सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है और लाभार्थी कंपनियों ने नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ रुपये का निर्यात सृजित किया है, और साथ ही आठ लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी दी है। सिंह ने कहा कि कुछ लोग यह कहते हुए इस योजना की आलोचना करते हैं कि इससे घरेलू मूल्यवर्धन में वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि इसमें समय लगता है।*

### ईवी नीति पर अच्छा रिस्पॉन्स

*सिंह ने कहा कि भारत को अपनी इलेक्ट्रिक-वाहन नीति पर कई ऑटोमोबाइल कंपनियों से अच्छी प्रतिक्रिया की उम्मीद है। यह नीति टेस्ला जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए मार्च में जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि नीति में सरकार ने भारत में कोई भी वास्तविक निवेश किए बिना सिर्फ आधार स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताकर शुल्क में बदलाव करने की व्यवस्था की है। हर कोई टेस्ला के बारे में बात करता है, लेकिन हम इस नीति पर कई कंपनियों से प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं।*

# भाजपा जेल का खेल न खेले : केजरीवाल

## स्वाती मालीवाल का गुनहगार बिभव कुमार गिरफ्तार

नई दिल्ली।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि भाजपा जेल-जेल का खेल नहीं खेलें। मैं रविवार दोपहर 12 बजे अपने बड़े नेताओं के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर जा रहा हूं। आपको जिस-जिस को जेल में डालना है, डाल दीजिए। केजरीवाल ने कहा, आपको लगता है कि आप आम आदमी के नेताओं को जेल में डालकर आप हमारी पार्टी को क्रश कर देंगे, ऐसे आम आदमी पार्टी क्रश नहीं होने वाली। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो पूरे देश के अंदर लोगों के दिल में है। आप जितना आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालेंगे, उससे 100 गुना नेता ये देश पैदा करेगा। केजरीवाल ने अपनी बात 2 मिनट 33 सेकेंड के वीडियो में रखी। उन्होंने अपने पीए बिभव कुमार का जिक्र तो किया, लेकिन पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर एक भी शब्द नहीं बोले। केजरीवाल ने कहा, किस तरह से आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं ये लोग। हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया, संजय सिंह को जेल में डाल दिया, आज मेरे पीए को जेल में डाल दिया। अब कह रहे हैं कि राघव चड्ढा को भी जेल में डालेंगे। राघव चड्ढा अभी-अभी लंदन से लौटे हैं। कह रहे हैं कि थोड़े दिन में सौरभ भारद्वाज को भी जेल में डालेंगे। आतिशी को भी जेल में डालेंगे।



### हमारा कसूर क्या है

*केजरीवाल ने कहा, मैं सोच रहा था कि ये लोग हम सबको जेल में क्यों डालेंगे। हमारा कसूर क्या है। हमारा कसूर ये है कि हमने गरीब बच्चों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध किया है। सरकारी स्कूल शानदार बनाए हैं। ये नहीं बना सके। इसलिए ये लोग दिल्ली के सरकारी स्कूल रोकना चाहते हैं। हमारा कसूर ये है कि दिल्ली के अंदर मोहल्ला क्लीनिक, सरकारी अस्पताल बनाए, लोगों के लिए फ्री दवाई का इंतजाम किया, अच्छे इलाज का इंतजाम किया, ये नहीं कर पा रहे। इसलिए ये मोहल्ला क्लीनिक और दिल्ली के अस्पतालों को रोकना चाहते हैं।*

### हम सबको जेल में डाल दो

केजरीवाल ने कहा, बीजेपी दिल्लीवालों की फ्री बिजली रोकना चाहती है, क्योंकि ये उनके बस की बात नहीं है। मैं प्रधानमंत्री से बोलना चाहता हूं कि आप ये जेल-जेल का खेल खेल रहे हो, कभी एक को जेल में डालते हो, कभी मनीष सिसोदिया को जेल में डालते हो, कभी अरविंद केजरीवाल को जेल में डालते हो, कभी संजय सिंह को। रविवार को मैं 12 बजे अपने सभी बड़े नेताओं सांसदों, विधायकों के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं। जिस-जिस को आप जेल में डालना चाहते हो, डाल दो। एक साथ जेल में डाल दीजिए।

### स्वाती के गाल पर चोट के निशान

*राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पीए बिभव कुमार को शनिवार को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ के बाद बिभव को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि बिभव कुमार पर सांसद मालीवाल के साथ मारपीट का आरोप है। इस मामले में दोनों तरफ से ही आरोपों और वीडियों की बौछार हो रही है। मालीवाल ने इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। इसके बाद ही पूरी कार्रवाई शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि स्वाति मालीवाल केजरीवाल के जेल से आने के बाद वह मिलने गई थी। भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का खुलासा किया है। शनिवार को अपनी चिकित्सा जांच में बताया है कि मालीवाल के बाएं पैर पर 3म2 सेंटीमीटर की चोट आई है। इसके साथ ही मालीवाल दाहिने गाल पर 2म2 सेंटीमीटर में चोट के निशान हैं। मालीवाल की आंख में भी चोट के निशान मिले। एमएलसी रिपोर्ट आने के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली पुलिस सीएम हाउस पहुंची और बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया।*

# लाशें देखकर चीत्कार उठी फिजां



## 64 यात्रियों से भरी बस में लगी आग, 10 की मौत

चंडीगढ़।

हरियाणा में शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी चलती बस में आग लग गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 25 से अधिक बुरी तरह झुलस गए। 8 लोगों की मौत मौके पर ही हुई, 2 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों ने बताया है कि हादसा नूंह जिले में तावडू गांव के पास हुआ। बस में 64 लोग सवार थे। ये सभी आपस में रिश्तेदार हैं और पंजाब-चंडीगढ़ के रहने वाले हैं। वे मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे थे। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बस में सवार एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिलने पर वह बस से कूद गई और खुद को बचा लिया। उसने बताया कि एक बाइक सवार व्यक्ति ने बस में आग लगी हुई देखी और उसने बस को ओवरटेक करके ड्राइवर को इसके बारे में बताया।

महिला ने बताया कि मैंने बस के नीचे से आवाज सुनी। हालांकि, बाद में बदबू भी आई। कई किलोमीटर तक बस के पीछे रहने वाला एक बाइक सवार आगे निकल गया और ड्राइवर से कहा कि बस में आग लग गई है। मैं आगे की सीटों में से एक पर बैठी थी, इसलिए मैं कूद गई। महिला ने बताया कि कई यात्री उसके रिश्तेदार थे और वे पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले थे। वह भी लुधियाना से है। उसने बताया कि वे 7-8 दिन की तीर्थयात्रा पर गए थे और घर लौट रहे थे। तभी अचानक यह हादसा हो गया।

### सेवानिवृत्त एसपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक को शुक्रवार रात सरकारी गोपनीयता कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। सेवानिवृत्त एसपी शेख मोहम्मद असलम ने एक किताब लिखी थी। इसमें कुछ संवेदनशील जानकारियां प्रकाशित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है।



# खुशखबरी! मॉनसून...कमिंग सून

## 8 राज्यों में होगी झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच लोगों के लिए राहत की खबर यह है कि मॉनसून जल्द ही दस्तक देने वाला है। तेलंगाना में जून के दूसरे हफ्ते में मॉनसून आने की संभावना है, जिससे वहां के लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, केरल में मॉनसून 31 मई को प्रवेश करेगा और धीरे-धीरे अन्य राज्यों की ओर बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश में 20 जून के आसपास मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद है। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मॉनसून 19 मई को आ सकता है। इस बीच, उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग ने हीटवेव की चेतावनी जारी की है और उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, उत्तरी मध्य प्रदेश, गंगीय पश्चिम बंगाल, और ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में 18 से 21 मई तक लू चलने की संभावना जताई है। लोगों को इस गर्मी से जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि मॉनसून की शुरुआत हो रही है, जो गर्मी को कम करेगा और ताजगी भरी बारिश लेकर आएगा। आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटों में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों, केरल, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, कई इलाकों में बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

# बंगाल : राजभवन के 3 कर्मचारियों पर एफआईआर

*कोलकाता।*

*पश्चिम बंगाल के गवर्नर आनंद बोस से जुड़े सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में कोलकाता पुलिस ने राजभवन के तीन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शनिवार को हुई कार्रवाई में पुलिस ने एसएस राजपूत, कुसुम छेत्री और संत लाल का नाम शामिल किया है। इन तीनों को बंगाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहचाना है। इन पर 2 मई को छेड़छाड़ की घटना के बाद राजभवन की महिला कर्मचारी को गलत तरीके से रोकने का आरोप है।*

## नरेंद्र मोदी पर अखिलेश यादव का तंज

# इस बार तो खतरे के ऊपर बह रही है आंसुओं की नदी

अयोध्या।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को अयोध्या और श्रावस्ती में चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार जो देश का चुनाव होने जा रहा है, ये हमारे आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो हैं, जो संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चार चरणों के वोट पड़े हैं। उसमें भाजपा चारों खाने चित्त है। पीएम पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है। इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि हम किसान भाइयों से कह के जा रहे हैं कि किसानों का पूरा का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सपा ने तय किया है कि राशन की गुणवत्ता



बढ़ाएंगे। गरीबों को आटा के साथ डाटा फ्री देने का काम करेंगे। मैंने एम्बुलेंस की सुविधा दी थी, आज एंबुलेंस खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो रथ निकला है वो फंसा नहीं है, इस बार धंस गया है। श्रावस्ती की लोकसभा का संदेश तो बहुत पहले ही चला गया कि यहां से समाजवादी पार्टी न केवल जीतने जा रही है, इस बार यहां के लोगों ने मन बनाया है कि रिकॉर्ड मतों से जिता कर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे। अखिलेश ने कहा, इंडिया गठबंधन ने तय किया है, अपने किसानों, गरीबों का कर्ज माफ करने का काम करेंगे। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है।

### देश की 140 करोड़ जनता मेरी वारिस : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली में जनसभा की। उन्होंने कहा कि मेरा कोई वारिस नहीं है। देश के 140 करोड़ देशवासी मेरे वारिस हैं। मैं आपके लिए ही दिनरात मेहनत कर रहा हूं। मेरा पल-पल आपके लिए है। जनता के सपनों के लिए मेरा जीवन कुर्बान है। मोदी ने आगे कहा कि साल 2024 का ये चुनाव भारत को टॉप 3 अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है। भारत की अर्थव्यवस्था को उन ताकतों से बचाने के लिए है जो अपनी आर्थिक नीतियों से देश को दिवालिया कर देना चाहते हैं। 2024 का ये चुनाव भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए हैं।

# आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं



## भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने दी सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली।** देश में आम का मौसम शुरू हो चुका है। बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों को कड़ी चेतावनी जारी की है। यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो खास तौर पर आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 और इसके संबंधित नियमों और रेगुलेशंस के तहत इसके इस्तेमाल पर पाबंदी है। इस मुहिम के पीछे स्त्रस्स्द्ध का उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। यह कदम अवैध प्रैक्टिस को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में उठाया गया है।

# 5 को कुल्हाड़ी से काटकर खुद लगा ली फांसी

रायपुर।

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ जिले के सलिहा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत थरगांव में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। एक घर में 6 लोगों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हत्या का मामला है। पांच लोगों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान हैं। वहीं, एक युवक का शव फांसी पर लटका मिला है। पुलिस ने हेमलाल साहू, उनकी पत्नी जगमोती साहू, उनकी बेटियां- मीरा साहू और ममता साहू, हेमलाल का नाती और गांव के एक अन्य व्यक्ति मनोज साहू का शव बरामद किया है।

# बिट्टू आ गया, घर से निकलो...

## गांव में स्पीकर पर अनाउंसमेंट कर भाजपा प्रत्याशी का किया विरोध

लुधियाना।

जगराओं के पूर्व कांग्रेस सांसद गुरचरण सिंह गालिब के गांव गालिब कलां में उस वक्त हंगामा मच गया जब किसानों को बीजेपी प्रत्याशी रवनीत सिंह बिट्टू के आने की सूचना मिली, जिसके बाद गांव गालिब कलां में किसानों की भीड़ जमा होने लगी। इस दौरान पुलिस विभाग में भी भगदड़ मच गई। आनन-फानन में पुलिस ने गांव गालिब कलां को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। भाजपा प्रत्याशी के गांव गालिब कलां में कदम रखते ही किसानों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया। भाजपा प्रत्याशी रवनीत



सिंह बिट्टू को गांव के पूर्व भाजपा प्रत्याशी के घर आना था, जिसे लेकर पुलिस विभाग ने पूरी व्यवस्था की थी, ताकि भाजपा प्रत्याशी को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन बीजेपी उम्मीदवार के पहुंचते ही भारतीय किसान यूनियन एकता डकोटा और भारती किसान यूनियन उगराहा के कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी को किसानों का दुश्मन बताकर उनका विरोध भी किया। वहीं महिला किसान यूनियन नेता सुखवंत कौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने किसानों से बातचीत कर प्रदर्शन को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसानों के विरोध के आगे पुलिस बेबस नजर आई।

### पूरे गांव को विरोध की सूचना

*किसानों ने ट्रैक्टर पर स्पीकर लगाकर पूरे गांव को बीजेपी प्रत्याशी के आने की सूचना दी और विरोध करने के लिए घरों से बाहर निकलने को कहा, जिसके बाद किसानों ने नारेबाजी और विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने किसी तरह किसानों को रोका लेकिन किसानों ने ऐलान किया कि वे गांव में बीजेपी का बूथ नहीं लगने देंगे।*

# लकड़ी की अवैध कटाई एवं परिवहन की आयुक्त से की गई शिकायत

## ठेकेदार की मनमानी पर नहीं है किसी की नजर






**शहडोल/ब्योहारी।** एस्कान्स इन्फ्रास्ट्क्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रीवा से टेटका तक सड़क निर्माण के दौरान ब्योहारी क्षेत्र अंतर्गत मऊ आश्रम से वन विहार होटल तक सड़क निर्माण में दोनों तरफ जो पेड़ सड़क निर्माण को प्रभावित कर रहे थे उन्हें चिन्हित करते हुए 1266 पेड़ो की कटाई श्रृंषभ देव सिंह उर्फ धीरज सिंह निवासी न्यू बरोंधा को ठेके में देकर बिना किसी मंजूरी के पेड़ो को कटवा कर वन विभाग से परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज जारी कराये बिना ही उसका परिवहन कर लकड़ी बेच दिये जाने की शिकायत कमिश्नर शहडोल, मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारी उत्तर वन मंडल शहडोल से कर कार्यवाही की मांग लोगों द्वारा की गयी है। एस्कान्स इन्फ्रास्ट्क्चर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मैनेजर मनोज गौड़ पिता के. एन. लाल. शर्मा द्वारा सड़क निर्माण को प्रभावित करने वाले पेड़ो की कटाई, ढुलाई एवं शासन द्वारा निर्धारित जगह पर भंडारण के साथ ही परिवहन हेतु टी. पी. आदि का उप ठेका ऋषभ देव सिह उर्फ धीरज सिंह पिता अरुण प्रताप सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 09 न्यू बरौधा को दिया गया था जिसके द्वारा बिना किसी मंजूरी के मऊ आश्रम से वन विहार तक कुल 1266 पेड़ काटने की बात बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो 1500 रूपये प्रति पेड़ के हिसाब से 1902000 रूपये भुगतान धीरज सिंह द्वारा प्राप्त कर लिया गया है किन्तु कटाई उपरांत निकलने वाली कीमती इमरती एवं जलाऊ लकड़ी को कहाँ रखवाया गया है इसका कोई रतापता नहीं है। लोगों की माने तो नियमानुसार लकड़ी कटाई कराने हेतु विधिवत नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं जंगल विभाग से मंजूरी लेने के बाद ही लकड़ी की कटाई की जानी चाहिये थी किन्तु ऐसा नहीं किया गया है और न ही परिवहन हेतु टी. पी. ही जारी कराया गया है। कहा जा रहा है कि ऐसा नहीं है की अवैध रूप से लकड़ी कटाई की जानकारी स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियो को नहीं थी किन्तु राजनैतिक दबाव होने के कारण किसी ने ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं की।

***कार्यवाही करने छूट रहा पसीना***– बेस कीमती इमरती एवं जलाऊ लकड़ी को काटकर बेच दिया गया और जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गये हद तो तब हो गयी जब इसकी शिकायत कुछ लोगों द्वारा जंगल विभाग ब्योहारी के एसडीओ रेशम धुर्वे से की गयी किन्तु उनके द्वारा कार्यवाही करने के बजाय यह कहा गया कि उक्त लकड़ी राजस्व विभाग की है इसमें हम कुछ नहीं कर सकते कह अपना पल्ला झाड़ लिया गया। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि यदि कोई गरीब लकड़ी काटकर बिना मंजूरी और टी. पी. के लकड़ी का परिवहन करता तो पूरा विभाग उस पर टूट पड़ता। वन विभाग की नाक के नीचे 1266 पेड़ों को काटा गया और उसका कहीं अता–पता नहीं है।लोगों की माने तो कोई भी पेड़ चाहे वह राजस्व में हो या पट्टे की जमीन में उसे काटने के लिए वन विभाग से मंजूरी लेना अवश्यक होता है साथ ही उसे काटकर कास्टागार में रखवाना पड़ता है एवं परिवहन हेतु टीपी भी जारी कराना पड़ता है किन्तु ठेकेदार द्वारा ऐसा नही किया गया है।

***कार्यवाही का इंतजार कर रहे शिकायतकर्ता***– ठेकेदार द्वारा इमरती और जलाऊ लकड़ी काटकर शासन को करोड़ो रूपये के राजस्व की छति पहुंचाते हुए लकड़ी बेच दी गयी जिसकी शिकायत दिनांक 04 अप्रैल 2024 को कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर आयुक्त शहडोल, कलेक्टर शहडोल, मुख्य वन संरक्षक शहडोल एवं वन मंडलाधिकारी उत्तर वन मंडल शहडोल के यंहा देकर पावती लिया गया है किन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी आज तक कोई जांच कर कार्यवाही नहीं की गयी जिस पर लोगों द्वारा दोषियों को बचाने का आरोप भी लगाया जा रहा है।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का हुआ प्रसंग

शहडोल

शहडोल जिले के ग्राम नरगी में शुक्ला परिवार में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी विवाह का प्रसंग कथा व्यास आचार्य श्री डॉ तीरथ प्रसाद द्विवेदी जी महराज जी ने विस्तार पूर्वक सुनाया। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान पंडित शिवदयाल शुक्ला एवं श्रीमती मालती शुक्ला ने सभी भक्तों श्रोताओं का शान्तिपूर्ण आयोजन संपन्न होने पर आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर की है एवं भागवत कथा के आयोजक शिवभूषण शुक्ला और रामभूषण शुक्ला ने सभी धर्म प्रेमियों से रविवार को हवन कार्यक्रम एवं भण्डारा प्रसाद में पहुंचने का आग्रह किया है, भगवान श्री कृष्ण–रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया उन्होंने वर्णन मे बताया की भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया। कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का



### शुक्ला परिवार में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का हुआ भव्य आयोजन

अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। वहीं सुन्दर झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया। जिससे पूरा क्षेत्र में माहौल धर्ममय हो गया।

# शिक्षा के क्षेत्र में शहडोल संभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाएं: कमिश्नर

## शिक्षक हर एक बच्चे का भविष्य सवारें

## शिक्षक धर्म का करें निर्वहन : कमिश्नर

शहडोल



कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शहडोल संभाग को हम सब मिलकर सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। उन्होंने कहा है कि इसके लिए शहडोल संभाग के सभी शिक्षक अपने शिक्षक धर्म का पालन करें। कमिश्नर ने कहा है कि अपने पास सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, स्कूलों में अच्छी सुविधाएं हैं, इसके बावजूद पालक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं की ओर देखता है। कमिश्नर ने कहा है कि हम सबको मिलकर इस मिथक को तोड़ना होगा, और शिक्षण संस्थानों को आनंद शालाएं बनाना होगा। उन्होंने कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों में आनंद दायक वातावरण निर्मित होने पर बच्चे स्कूल आने के लिए स्वयं आकर्षित हो, इसके प्रयास करने होंगे। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद आज उमरिया जिले के कन्या शिक्षा परिसर में संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के पालकों से जीवंत संपर्क स्थापित करें। बच्चों के पालकों को शिक्षा का महत्व बताएं, शिक्षा के प्रति पलकों को जागरूक करें। कमिश्नर ने कहा कि हम सबको मिलकर शहडोल संभाग के एक–एक बच्चे के भविष्य की चिंता करना है, अच्छे प्रयास कर बच्चों के भविष्य को गढ़ना है, इसके लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि गांव के एक–एक बच्चे को स्कूल पहुंचा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को गढ़ने का प्रयास सभी शिक्षक करें।उन्होनें कहा कि शिक्षक पूरी लगन, मेहनत एवं पूर्ण आस्था के साथ बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। उन्होनें कहा कि कोई भी छात्र किसी से कम नहीं होता है, किसी भी बच्चे की समझने की झमता किसी से कम नहीं होती है। कोई बच्चा खेल, में अच्छा है, कोई साहित्य में, कोई योगा में, कोई वाद्य यंत्र बजाने में, कोई डॉक्टर या इंजीनियर बनने की इच्छा रखता है। शिक्षक छात्रों की रूचि को समझें और अभिरूचि अनुरूप छात्रों को आगे बढ़ानें का प्रयास करें। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शिक्षक को एक जौहरी की संज्ञा देते हुए कहा है कि शिक्षक एक जौहरी समान होता है जो बच्चों को हीरे की तरह तरास कर उसकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने इस दायित्व का निर्वहन जवाबदेही के साथ करें। कमिश्नर ने कहा कि पहले शिक्षकों का बहुत मान सम्मान था इस मान सम्मान को बनाए रखने के लिए शिक्षक निरंतर अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। उन्मेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर उमरिया श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा की शिक्षक समाज को जागरूक करता है। शिक्षक छात्रों का पथ प्रदर्शक है, किंतु आज शिक्षकों को जागरूक करने की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय उन्मेष कार्यक्रम में शिक्षकों में जागरुकता आएगी। शिक्षक अपने दायित्वों को समझेंगे कलेक्टर ने कहा कि हम सभी का प्रयास यह होना चाहिए कि छात्रों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाला छात्र क्या बनना चाहता है इस पर शिक्षक ध्यान दें एवं उसी अनुसार बच्चों को शिक्षा मुहैया कराएं । कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षक स्कूल का वातावरण सुखद और आनंद दायक बनाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग ऊषा सिंह ने कहा है बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा गुणवत्तापूर्ण मिलना चाहिए। इसके लिए स्कूल का वातावरण सुखद होना चाहिए। शिक्षा के अलावा बच्चों में मानवीय गुण का विकास भी आवश्यक है। उन्मेष कार्यक्रम में लगभग 12 शिक्षकों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए।

# 38 नग नशीले इंजेक्शन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना प्राप्त हुइ की प्राथमिक स्कूल वार्ड नं.10 के पीछे झूलापुल के पास एक व्यक्ति काले रंग की 02 पहिया वाहन में हैं एवं एक काले रंग का बैग रखे हुए हैं जिसमें काफी मात्रा में इंजेक्शन रखे हुए हैं, जोकि चोरि छिपे किसी को बिक्रि करने जा रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त स्थान पर जाकर देखा गया तो दो व्यक्ति वाहन में बैठे मिले एवं उक्त सूचना के मुताबिक एक काले रंग का बैग भी रखे हुए थे, जो कि पुलिस वाहन को देखते हि भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे हमराह स्टाफद्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम राज कछवाहा पिता बिहारी कछवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी अंडरब्रिज के पास पुरानी बस्ती शहडोल का होना बताया एवं दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम अभिजीत वर्मा पिता विश्वनाथ वर्मा निवासी वार्ड क्र.36 पुराना बस्ती शहडोल का होना बताया। आरोपीयों के बैग एवं मोटर सायकिल की तलाशी लेने पर बैग से 38 नग नशीले इंजेक्शन होना पाया गया, और पूंछताछ करने पर आरोपीयों द्वारा बताया गया कि वे यह नशीले इंजेक्शन की खरीदने और बेचने एक और साथी है जिसका नाम आरिफखान निवासी मिट्ठू बाड़ा का होना बताया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त पूंछताछ के बाद वाहन एवं नशीले इंजक्शन के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज न होना बताया जिससे आरोपी के विरूद्ध एमडीपीएस एक्ट एवं म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में सउनि. रजनीश तिवारी, राकेश बागरी, प्र.आर रहे।

# पडौर के पूर्व सरपंच ने उपयंत्री अंशुल अग्रवाल पर दर्ज कराई शिकायत





**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत पडौर के पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह ने हाल ही में अजाक थाना प्रभारी को एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने उपयंत्री अंशुल अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उमाकांत सिंह ने बताया कि जब उन्होंने ग्रेवल मार्ग की बकाया राशि की मांग की, तो अंशुल अग्रवाल ने उन्हें जातिगत गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो ग्रेवल मार्गों का निर्माण किया गया था जिसमें वेंडर मेसर्स महाजन सेल्स एंड सर्विसेज बागडुमरा द्वारा सामग्री की आपूर्ति की गई थी हालांकि जब भुगतान नहीं हुआ तो उमाकांत सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई जांच में पता चला कि उपयंत्री अंशुल अग्रवाल ने खाली बिल पर साइन करा कर पैसा निकाल लिया था। उमाकांत सिंह ने बताया कि सामग्री प्रदाय करने वाले वेंडर को बकाया राशि प्राप्त न होने के कारण उन्हें मजबूर होकर अपनी बोलेरो और ट्रैक्टर बेचने पड़े, जिससे उन्होंने 7,80,000 (सात लाख अस्सी हजार रुपये) की राशि का भुगतान किया। अभी भी 4,20,000 (चार लाख बीस हजार रुपये) बकाया है। 14 मई 2024 को जब उमाकांत सिंह की मुलाकात उपयंत्री अंशुल अग्रवाल से रेलवे फाटक बेलिया में हुई तो उन्होंने वेंडर की बकाया राशि की मांग की। इस पर अंशुल अग्रवाल ने मां–बहन की गालियां दीं और कहा, ष्अब तुम सरपंच नहीं हो, जूते मारूंगा जिससे तुम्हारी बुद्धि ठीक हो जाएगी। जब उमाकांत सिंह ने पूछा कि उनसे धोखाधड़ी कर खाली बिल पर क्यों हस्ताक्षर कराए गए, तो अंशुल अग्रवाल ने कहा, ष्मैं इंजीनियर हूं, अच्छे–अच्छे लोगों को चरा के बैठा हूं और जान से मरवा दूंगा।ष् उमाकांत सिंह ने अजाक थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उपयंत्री अंशुल अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि किसी आदिवासी–हरिजन के साथ अभद्र व्यवहार ना हो सके। साथ ही, फर्जी बिल से निकाली गई राशि को सही सामग्री प्रदाय करने वाले वेंडर को 12,00,000 (बारह लाख रुपये) दिलाई जाए।

# पुलिस की लापरवाही से शहर में चोरी की वारदात को खुलेआम अंजाम दे रहे चोर




**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में 3 महीनो में लगभग 5 चोरियां हो चुकी है, पिछले 48 घंटे पूर्व वार्ड नंबर 09 में रहने वाली स्टाफनर्स के घर में बीती रात चोरों ने किया हाथ साफ इस चोरी में चोरों ने घर की अलमारी में रखें लगभग एक तोला सोने की चौन के अलावा चांदी के कुछ अन्य जेवरात और तीन नग मोबाइल की समेत 6000 रुपए नगद चोरी कर ले गए हैं चोर चोरी की घटना के 24 घंटे बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ स्टाफ नर्स कांता मिंज पति शांतिलाल इक्का उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि बीते 15 मई की रात लगभग 8 बजे वह जिला अस्पताल में आम दिनों की तरह ड्यूटी करने गई हुई थी तब घर में दो बच्चे एवं एक बड़ी बहन घर में मौजूद थी।

***खिड़की के ग्रिल को काटकर चोरी की घटना को दिया अंजाम***– श्रीमति कांता मिंज ने बताया कि वो रात में जिला चिकत्सालयम ड्यूटी पर गई हुई थी। सुबह घर से उनकी बहन का फोन आया कि घर में चोरी हुई है तब पता चला कि मकान के पीछे की खिड़कियों के ग्रिल को काटकर चोर ने घर के अंदर घुस कर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

***कोतवाली थाना अंतर्गत लगातार हो रही है चोरियां, चोरों को दी खुली छूट***– कोतवाली अंतर्गत तीन माह में लगभग यह पांचवीं चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं इससे पहले श्रीमती राधा तिवारी के घर से लगभग 7 से 8 लाख रुपए की चोरी हुई जिसमें थाना कोतवाली के द्वारा लगभग 15 दिनों के बाद एफआईआर दर्ज की गई। इसी प्रकार हरिश्चंद्र अग्रवाल के दुकान से लाखों रुपए की चोरी की गई किंतु कोतवाली पुलिस के द्वारा अब तक चोरों का कोई भी सुराग नहीं लग पाया गया है।

# अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हो रहा रसपान

अमरकंटक (स्वतंत्रमत)



माँ नर्मदा जी की उद्गम स्थली ध् पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय आश्रम में वैशाख शुक्ल अष्टमी तिथि गुरुवार 16 मई से वैशाख शुक्ल चतुर्दशी बुधवार 22 मई तक रोजाना अपरान्ह 03 बजे से 06 बजे संध्याकालीन समय तक रोजाना कथा व्यास काशी (बनारस) के पूज्य श्री स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती जी महाराज के सरस सुमधुर सारगर्भित वाणी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के रसपान का लाभ सुलभ हो रहा है। परमपूज्य सतगुरूदेव श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य सच्चिदानंद स्वरुप अनंत श्रीविभूषित श्रोत्रिय ब्रम्हनिष्ठ श्री स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के पुण्य स्मरण (स्मृति) में शिवप्रिय मेकल शैल सुता सी की पावन भूमि पर सतगुरुचरण चंचरीक महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज (परमाध्यक्ष दैवी सम्पत मंडल) के पावन सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा प्रतिदिन प्रातरू 06 बजे से 08 बजे तक रुद्राभिषेक शिवार्चन का पवित्र दर्शन आप सभी को सुलभ हैं। इस पावन पुनीत श्रीमद् भागवत कथा ब्रम्हनिष्ठ स्वामी शारदानंद सरस्वती जी के स्मरण में सप्तदिवसीय कथा, प्रतिदिन रुद्राभिषेक शिवार्चन का आप सभी प्रेमीजन, भक्तजन, श्रद्धालुजन मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में पधार कर सपरिवार कथा श्रवण कर आध्यात्मिक पुण्य लाभ अर्जित कर जीवन को धन्य बनाए। भागवत कथा समापन के अगले दिवस 23 मई को विशाल नगर भंडारा, प्रसादी वितरण का आयोजन भी है जिसमे आप सभी की उपस्थित सादर आमंत्रित हैं।

## हर घर नाद की मुहिम से अब जानवरों, पशु पक्षियों को नहीं रहना पड़ेगा प्यासा

अनूपपुर (स्वतंत्रमत)

परोपकार जैसे पवित्र कार्य करने वालों की अनूपपुर शहर में कमी नहीं है। इसी में शिव मारुति युवा संगठन की एक नई पहल सामने आई है। जिसके चलते अब जानवरों, पशु–पक्षियों को प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। परोपकार का अर्थ ही भलाई करना है जिसे कर दिखाया है। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर अनूपपुर ने परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है, परोपकार ऐसा कार्य है, जिससे शत्रु भी मित्र बन जाता है। यदि शत्रु पर विपत्ति के समय उपकार किया जाए तो वह भी सच्चा मित्र बन सकता है। मनुष्यों को पानी पिलाने के लिए तमाम सामाजिक संगठन एवं निकाय आगे आते हैं। लेकिन जानवरों, पशु– पक्षियों के लिए कोई कोई ही आगे आ पाता है। हर घर नाद मुहिम अब इस तरह से रंग ला रही है जिसकी उम्मीद किसी ने सपने में भी नहीं कि थी। सर्वप्रथम शिव मारुति युवा संगठन ने एक छोटी सी पहल इस भीषण गर्मी में शुरू की है। जिससे कोई भी मूक जीव प्यासा न रहे।

# बीमारी से पीड़ित रामदीन पयासी के निधन से शोक

## नेताओं एवं पत्रकारों ने दी शोक श्रद्धांजलि



**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश पयासी, पत्रकार सुधाकर मिश्रा के परमपूज्य पिता रामदीन पयासी का लंबी बीमारी के बाद उनके गृह निवास ग्राम लखनौटी (जयसिंहनगर) में निधन हो गया। जैसे ही निधन का समाचार मिला सर्वत्र शोक की लहर व्याप्त हो गई। जिले के पत्रकारो, राजनीतिक दल के नेताओं ने अपना गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ईश्वर शोक संतप्त परिवार को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें एवं ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें। पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी के साथ ही पत्रकारों जिसमें प्रमुख रूप से जिला जनसंपर्क अधिकारी अमित श्रीवास्तव, अरविंद बियानी, राजेश शिवहरे, चौतन्य मिश्रा, मनोज द्विवेदी, अजीत मिश्रा, अमित शुक्ला, मनोज शुक्ला, नीरज द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, भरत मिश्रा, अखिलेश नामदेव, बद्रीनाथ तिवारी, राजकुमार शुक्ला, राजेश शुक्ला, मुकेश मिश्रा, दीपक सिंह, गणेश रजक, राज नारायण द्विवेदी, हिमांशु बियानी, रामबाबू चौबे, संदीप गर्ग नियामू अली, धर्मेंद्र कांत तिवारी, बीज्जू थॉमस, राजेश सिंह, श्रीमती सुमिता शर्मा, विजय उरमालिया, अनीस तिगाला, लक्ष्मीकांत शुक्ला, सुरेश कुमार सोनी आदि अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## ग्रीष्मकाल में परिषद ने की प्याउ की व्यवस्था

**राजनगर (स्वतंत्रमत)।** गर्मी मे राहगीरो एवं नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए नागरिकों को सुविधा के लिए नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर नगर परिषद डूमरकछार द्वारा नगर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। ग्रीष्मकाल के इस मौसम मे पेयजल कि महती आवश्यकता होती है। पेयजल के जरूरत मे नगर मे आने वाले राहगीरों एवं लोगो को पीने के पानी के लिए यंहा वंहा परेशान होना पड़ता था तब प्यास बुझती थी। इन्ही सब परेशानी को देखते हुए परिषद ने नगर मे प्याउ की व्यवस्था विगत माह से की गयी है। सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था हो जाने से नगरवासी व राहगीरों को ठंडा पेयजल का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था की गयी है, ताकि झुलसती गर्मी मे शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है जो सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था करके नगर मे आने वाले राहगीर एवं नगर वासी शीतल पेयजल से अपनी प्यास बुझा सकेंगे।

मोबाइल चुराकर पेमेंट एप से निकाली रकम

# झारखंड से जुड़े सायबर फ्रॉड के तार

## जबलपुर के लोगों के लाखों ठगे 3 शातिर अरेस्ट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गढ़ा पुलिस ने तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से आधा दर्जन मोबाइल, तीन एटीएम, तीन आधारकार्ड जब्त किए है। पकड़े गए आरोपी काफी शातिर है जो लोगों के पहले मोबाइल चुराते थे और फिर उनके खातों से रकम उड़ा लेते थे। पुलिस तीनों साइबर ठगों से पूछताछ कर रही है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि लखनलाल बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 3 मार्च को उसका मोबाइल गुम गया था। जिसका दुरुपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके खाते से धोखाधड़ी कर 1,09,038 रुपये निकाल लिये गये है। दौरान विवेचना के सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई व अन्य आवेदक रमेश चंद्र जैन और राज सिंह परमार के मोबाईल भी घटना दिनांक को गुम हुये थे जिनके मोबाईल का दुरुपयोग कर भी क्रमशः 2 लाख और 4 लाख रुपये करीब की धोखाधड़ी कर निकाले गये थे इन दोनों आवेदकों की शिकायत को भी जांच में लिया गया।



उपरोक्त खातो से पेमेंट एप के माध्यम से रुपये निकालकर ट्रांसफ र किये गये मामले की गंभीरता को देखते हुये जांच पड़ताल शुरु की गई।

### झारखंड के रहने वाले हैं शातिर

15 मई को प्रार्थी संजय चक्रवर्ती के द्वारा अपना मोबाईल रेडमी कंपनी का गढ़ा बाजार से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी जिस पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया मोबाइल की लोकेशन के जरिए राजा कुमार महतो, सूरज कुमार यादव व अलोपी महतो तीनों निवासी साहेबगंज झारखण्ड को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर चोरी गये मोबाईल, सिम, एवं प्रार्थी का आधारकार्ड जप्त किया गया।

### ऐसे करते थे वारदातें

भीड़-भाड़ वाले स्थानों से आम लोगों से घेरकर धक्का-मुक्की देकर ध्यान भटकाकर मोबाइल चुराते है। चोरी किये गये मोबाइलों से सिम निकालकर अन्य चोरी के मोबाइलो में सिम लगाकर उसका नम्बर प्राप्त कर फोन पे के माध्यम से नाम प्राप्त कर आधार कार्ड एप के जरिये आधार नंबर प्राप्त कर फोन पे यूपीआई रीसेट कर अपने मोबाईल में फोन पे एक्टिवेट कर रुपये निकालते हैं।

### ठगों से बचने एडवाईजरी जारी

पुलिस ने साइबर ठगों से बचने एडवाईजरी जारी की है कि कभी भी मोबाईल गुमने पर तत्काली नजदीक थाना जाकर सूचना दर्ज करावे, बाद यदि सिम बैंक खाता से लिंक है तो बैंक को सूचना देवे व खाता से ट्राजेक्शन पर होल्ड करायें, नई सिम प्राप्त होने पर फोन पे यूपीआई रीसेट अवश्य करें।

# समुद्र मंथन में विष्णु जी ने लिया था मोहिनी अवतार

## मोहिनी एकादशी आज, निराहार व्रत, दान का महत्व

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आज वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी है। इसे मोहिनी एकादशी कहा जाता हैं। ये भगवान विष्णु की विशेष पूजा और व्रत करने का दिन है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक पुराने समय में देवता और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था। उस समय मंथन में अमृत निकला तो इसे पाने के लिए देवता और दानवों में युद्ध होने लगा। अमृत देवताओं को मिले, इसके लिए भगवान विष्णु ने इसी तिथि पर मोहिनी रूप में अवतार लिया था। मोहिनी रूप में अमृत लेकर देवताओं को इसका पान करवाया था। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक व्रत करने वाले भक्त को दिनभर निराहार रहना चाहिए। अगर ये संभव न हो तो फलाहार कर सकते हैं।

### ऐसे करें उपासना

शाम को भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। एकादशी की सुबह तुलसी को जल चढ़ाएं और शाम को तुलसी के पास गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए, साथ ही तुलसी परिक्रमा करने का भी महत्व बताया गया है। एकादशी पर गुस्सा न करें। घर में किसी भी तरह का वाद-विवाद या क्लेश करने से बचना चाहिए। व्रत करने वाले व्यक्ति को ईमानदारी से काम करना चाहिए और गलत कामों से बचना चाहिए। सुबह देर तक न सोएं। किसी भी तरह का नशा न करें।



## एमपीएसबीसी के मुख्यालय पर जमकर हंगामा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। शनिवार को मप्र में वकीलों की सबसे बड़ी संस्था, एमपी स्टेट बार काउंसिल के शहर स्थित मुख्यालय में जमकर हंगामा हुआ। हंगामा आधे घंटे तक चला बाद में बैठक भी हुई। दरअसल साधारण सभा की बैठक आयोजित होनी थी, लेकिन इससे पहले सभा कक्ष में ताला जड़ दिया गया। अधिवक्ता आरके सैनी ने आरोप लगाया कि स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष प्रेम सिंह भदौरिया ने बैठक का आयोजन रोकने के लिए ताला लगवाया था, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि बैठक में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। बहरहाल सदस्यों के विरोध के बाद सभा कक्ष का ताला खुलवाया गया और यहां साधारण सभा की बैठक भी की गई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कई सदस्यों की ओर से अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। नियम के मुताबिक अब 21 दिनों के भीतर स्टेट बार काउंसिल की साधारण सभा की अगली बैठक की जाएगी जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के मुताबिक अध्यक्ष पद पर फैसला लिया जा सकता है। विदित हो कि एमपी स्टेट बार काउंसिल में कुल 25 सदस्य हैं और अध्यक्ष पद के लिए आधे से ज्यादा सदस्यों का समर्थन ज़रुरी है।

**अविश्वास प्रस्ताव लाने की आशंका पर ताला लगाने का आरोप**

# पंपों में पहुंच रहा मिलावटी पेट्रोल-डीजल

### सिहोरा धनगवां में कटिंग कर निकाला 1650 लीटर ज्वलनशील पदार्थ जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। टैंकरों से पंपों पर पहुंचने वाला पेट्रोल-डीजल मिलावटी है क्योंकि ये खेल बदस्तूर जारी है। बीती रात सिहोरा के धनगवां में क्राईम ब्रांच की टीम ने एक ढाबे के पीछे से 1650 लीटर डीजल व पेट्रोल जप्त किया है, जो कि टैंकरों से चुराया गया था और उसकी पूर्ती के लिये उसमें कैरोसीन का तेल मिला दिया जाता था। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को भी हिरासत में लिया है।

**सूर्या ढाबा का संचालक अरेस्ट**-एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राईम ब्रांच व सिहोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनगवां सूर्या ढाबा के पीछे दबिश दी। जहां से पुलिस ने खिलावन सिंह उर्फ बबलू ठाकुर उम्र 44 वर्ष निवासी धनगवां को पकड़ा।

ढाबे के पीछे से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखा डीजल व पेट्रोल बरामद किया। आरोपी खिलावन उर्फ बबलू ठाकुर राजपूत के द्वारा दो नीले रंग के प्लास्टिक के 200-200 लीटर वाले डिब्बे जिसमें एक डिब्बे में लगभग 200 लीटर पेट्रोल एवं एक डिब्बे में लगभग 100 लीटर पेट्रोल कुल 300 लीटर पेट्रोल कीमती लगभग 31 हजार 800 रूपये का बरामद किया। वहीं लोहे के 200-200 लीटर वाले 6 ड्रम जिसमें 5 ड्रमों में लगभग 1 हजार लीटर डीजल तथा एक ड्रम में 100 लीटर डीजल भरा मिला तथा 50-50 लीटर के प्लास्टिक के 5 गुम्मों में 250 लीटर कुल 1350 लीटर डीजल कीमती लगभग 1 लाख 24 हजार 200 रूपये का मिला। मौके से पुलिस ने पेट्रोल डीजल निकालने वाली दो सटक, डिब्बा, पांच प्लास्टिक की बाल्टी व आरोपी के पास से साढ़े पंद्रह हजार रुपये की नगदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रोड से आने जाने वाले टेंकर वाले अपना खाना खर्चा के लिये कुछ डीजल एवं पेट्रोल दे देते हैं।



वह हार्वेस्टर का ऐजेन्ट है तो हार्वेस्टर वालों को उक्त पेट्रोल-डीजल बेच देता है। जिससे खाना खर्चा निकाल लेता है।आरोपी द्वारा अत्याधिक मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का भण्डारण करने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 285 भादवि तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

### डीजल भरते आरोपी पकड़ाया

वहीं केंट पुलिस ने लिये कम्पाउंड शीला टाकीज के पास अवैध रूप से वाहन में डीजल डालते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी कर्वधा हाउस सदर निवासी 26 वर्षीय आदित्य अग्रवाल के पास से दो केनों में भरा बारह लीटर डीजल कीमती 1092 रुपये का बरामद किया है। इसके अलावा दो मीटर की पाईप, कोलड्रिंक की कटी हुई बॉटल, दो चुंगी को भी पुलिस ने मौके से जप्त किया है।

### जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**जबलपुर**। सिविल लाईन साई मंदिर के समीप निवासी 65 वर्षीस काशी प्रसाद रजक ने किसी कारणवश जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे बेटा उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गया। जहां उपचार दौरान काशी प्रसाद की मौत हो गई। सूचना पर मामले को जांच में लिया है।

### शराब के विवाद पर चाकू से हमला

**जबलपुर**। माढ़ोताल पुरानी बस्ती निवासी आकाश चक्रवती से दोपहर को भोला केवट ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग की। मना करने परचाकू से हमला कर आकाश को चोट पहुंचा दी।

## नित नये आदेशों ने अवकाशों पर लगाया अंकुश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। मप्र जागरुक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया की एक तरफलोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा आदेश पारित कर 1 मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ कार्यालयों के द्वारा नित नये आदेशों को जारी कर ग्रीष्मकालीन अवकश पर अंकुश लगाया जा रहा है। जिससे लोकसेवक हलाकान, परेशान और हताश है की उनके साथ ये ज्यादती क्यों, यही वजह है की शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ ने आगे बताया की शासकीय स्कूलों में समर कैंप के अन्तर्गत खेल एवं अन्य गतिविधियाँ, एमपी टास्क छात्रवृत्ति का कार्य, मैपिंग एवं प्रोफाइल, ड्रॉपबॉक्स जैसी अन्य कार्यवाहियां चल रही है। वहीं वेल्यूशन का कार्य डाइट प्रशिक्षण संस्थान में किया जाना है। एसा कोई दिन नहीं जिस दिन नये नये आदेश ना आ रहे हों फिर कैसा ग्रीष्मकालीन अवकाश न ही अर्जित अवकाश की पात्रता है। जबकि दूसरे विभागों में छुट्टी के दर्मियान अर्जित अवकाश की पात्रता है। ऐसे में संगठन आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग करता है की सभी कार्य जून माह में स्कूल प्रारंभ होने पर कराए जाए।

## विहिप की मासिक बैठक आयोजित




जबलपुर (स्वतंत्र मत)। विश्व हिंदू परिषद रानी दुर्गावती जिले के हरिहर प्रखंड की मासिक बैठक संपन्न। हरिहर प्रखंड के सहपालक व अर्चक पुरोहित शैलेंद्र जोशी ने बताया कि सुहागी, महाराजपुर, खजरी, करौंदा नाला, खैरी आदि क्षेत्रों में विश्व हिंदू परिषद की रचना-योजना के अनुसार हमेशा कार्यक्रम आयोजित होते हैं। समय-समय पर प्रखंड के पालक व जिले के पदाधिकारी बैठक में उक्त कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजन करते हैं। बैठक में योजना, नवीन कार्यकर्ताओं को जोड़ने की योजना, क्षेत्र के सभी मंदिरों में साप्ताहिक सत्संग करने, पुराने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से संपर्क करने की योजना, गोवंश जो सड़कों पर सड़कों पर घायल हुए उनके उपचार के लिए समुचित योजना बनाकर कार्य करना पर विचार किया गया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती जिले के उमेश शुक्ला व प्रखंड के अध्यक्ष अतुल दुबे, प्रखंड मंत्री संजय यादव, मंगल पांडे, निशांत उपाध्याय, नितिन दुबे, नितिन पटेल आदि बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नागपुर ले जाते वक्त युवक का टूटा दम

### बाइक हादसे में हुआ था चोटिल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। बरेला थानातंर्गत ग्राम डूंडी में मनेरी फैक्ट्री लौटते वक्त सड़क हादसे में घायल हुए युवक की नागपुर ले जाने पहले ही रास्तें में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रांझी मानेगांव निवासी 22 वर्षीय राजेश सिंह मनेरी फैक्ट्री में काम करता था। जो कि फैक्ट्री से काम कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम डूंडी में रोड किनारे खड़े होकर बात कर रहा था। उसी समय मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एम जेड 1519 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राजेश को टक्कर मार दी। जिससे उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आ गई। जिसे उसके साथी ने उउपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से राजेश को एम्बूलेंस से उपचार के लिये नागपुर ले जाया जा रहा था कि उसी दौरान राजेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## माड्यूलर किचिन का झांसा देकर 1 लाख हड़पे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एक गिफ्ट गैलरी दुकान के संचालक से एक जालसाज ने माडूलर किचिन तैयार करने के लिये एक लाख रुपये ले लिये और न अब काम कर रहा है और न ही रुपये वापस कर रहा है। पीड़ित की शिकायत पर अधारताल पुलिस ने अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि कमला भण्डार के पीछे कटरा निवासी 48 वर्षीय अरविंद भार्गव ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह गिफ्ट गैलरी दुकान का संचालक है।

कटरा स्थित अपने मकान में माडूलर किचिन का काम कराना था। जिसके लिये उसने कमलेश विश्वकर्मा जिसकी दुकान ओजस इन्क लेव बंदरिया तिराहा गोरखपुर में है, उससे बातचीत की। जिसके बाद 17 अप्रैल 2024 की दोपहर डेढ़ बजे के करीब एचडीएफसी बैंक शाखा अधारताल के खाते से अपनी पत्नी रितु भार्गव के मोबाइल से कमलेश विश्वकर्मा के मोबाइल पर गूगल-पे के माध्यम से एक लाख रूपये ट्रांसफर किये गये। कमलेश विश्वकर्मा द्वारा उसकी माडूलर किचन का काम न कराकर उसे विश्वास में लेकर उससे एक लाख रूपये प्राप्त कर अपने उपयोग में लेकर विश्वास घात किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

**अधारताल थाने में पीड़ित ने दर्ज करायी शिकायत**



### ननि जनसंपर्क अधिकारी संजय मिश्रा को पितृशोक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। नगर निगम के सहायक जनसंपर्क अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के पिता नागेश्वर मिश्रा का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार यात्रा आज रविवार, 19 मई को गृहग्राम वैशाली, बिहार में गंगा तट पर सम्पन्न होगा।

# सिंचाई परियोजनाओं को मजबूत बनायें ताकि फसलों को मिल सके पर्याप्त पानी

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने ली जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कृषि उत्पादन आयुक्त एसएन मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार संभाग स्तरीय एपीसी की बैठक होटल कल्चुरी में आयोजित की गई। जिसमें जबलपुर संभाग के सभी जिलों के रबी 2023.24 की समीक्षा एवं खरीफ 2024 की तैयारियों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान एसीएस कृषि अशोक वर्णवाल, संभागीय आयुक्त अभय वर्मा, डायरेक्टर हॉर्टिकल्टर सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से कहा गया कि कम समयावधि में तैयार होने वाले बीजों की बोनी को प्रोत्साहित किया जाये। जिससे किसानों को अगली फसल के लिये पर्याप्त समय भी मिलने के साथ रकबा भी बढ़ेगा। बैठक में उर्वरकों की मांग व उपलब्धता की समीक्षा के साथ अन्य सूक्ष्म सहयोगी खादों के उपयोग के बारे में कहा गया। मृदा परीक्षण को लेकर कहा गया कि जहां.जहां मृदा परीक्षण केन्द्र हैं उन्हें सक्रिय करें और मृदा के आधार पर खाद.बीज का उपयोग करें। बैठक में सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं पर जोर देकर इन्हें प्रभावी बनाने पर जोर दिया ताकि समय पर फसलों को पानी उपलब्ध हो सके।

### उबर किसान एप को प्रचारित करें

आधुनिक कृषि में आधुनिक खाद.बीज के साथ आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर जोर दिया और कहा गया कि उबर जैसे किसान एप को ज्यादातर किसानों तक पहुंचाये जिससे किसान व सर्विस प्रोवाईडर उसमें अपना रजिस्ट्रेशन करा सके। अच्छेक नवाचारों को बढ़ावा दें और उनका डॉक्यूलमेंटेशन भी करें। फसल बीमा में ऋणी किसानों के साथ अऋणी किसानों को भी जोड़े। इसे प्राथमिकता में लेकर कार्य करें। एफपीओ से संपर्क बनायेए मंडी को हाईटेक करें, जिससे ट्रांजेक्श न टाइम कम होए ऑटो पेकेजिंग आदि होए कैशलेस सिस्टेम अपनायेए हर जिले में एक मंडी को कैशलेस सिस्टमम प्रणाली से युक्ति करें।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य योजना को प्रभावी बनायें

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्कसरण विभाग की समीक्षा के दौरान उद्यानिकी फसलों का रकबा एवं उत्पानदन में जबलपुर संभाग की हिस्सेदारी, फल, सब्जी, मसाला, पुष्प क्षेत्र का विस्तारर पर विस्तार से चर्चा कर कहा गया कि पर ड्राप मोर क्रॉप की पद्धति को अपनायें, मल्चिंग को प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना को प्रभावी बनाये तथा उद्यानिकी के नई चुनौतियों को स्वीकारें और नवाचार से उनका समाधान करें। पशुधन को बढ़ाने के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत में मैत्री की स्था पना की जाये और दुग्ध् उत्पादिन को बढ़ावा दिया जाये। इसके साथ ही मत्य्मैत पालन को बढ़ावा देने की गतिविधियों पर जोर दिया गया।



**हैप्पी सीडर से मूंग की बोनी का अवलोकन**

प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त एस एन मिश्रा एवं अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल ने शहपुरा विकासखंड के ग्राम किसरोद के कृषक कैलाश पटेल के खेत में गेहूं की नरवाई को जलाये बिना हैप्पी सीडर से मूंग की बोनी का अवलोकन किया।

# गरीब हुआ ठगी का शिकार नहीं हो रही एफआईआर

## इन्साफ नहीं मिला तो फरियादी करेगा अनशन

सतना (स्वतंत्रमत)।

कहते है कि भाजपा सरकार गरीबों के लिए हर तरह से मदद करती है। गरीब के लिए हर सुविधाए भी दे रखी है लेकिन यहां तो उल्टा ही हो रहा है। अगर गरीब कोई ठगी का शिकार हो जाता है तो उसकी पुलिस थाने में एफआई आर तक नही दर्ज की जाती है। यहां तक कि पुलिस के अफसर भी ऐसे लोगो की समस्याओं को नही सुन रहे है। ऐसा ही एक मामला सतना का प्रकाश में आया है।



सतना के कोठी कस्बे में रहने वाले विष्णु प्रसाद सोनी पिता स्व. मातादीन सोनी ने बताया कि दिनांक 19/7/2023 को सतना कलेक्ट्रेट रजिस्ट्रार शाखा में विक्रेता विजय गुप्ता पिता रामखेलावन गुप्ता निवासी साई मंदिर धवारी द्वारा अपने पट्टे की जमीन आराजी क्रमांक 1962/14का भूस्वामी एवं निजी स्वामित बताकर एवं दलाल शातिर बदमाश भूमाफिया जितेन्द्र राय पिता महाकांत राय अपने दो साथी दिलीप बुनकर और आलोक श्रीवास्तव को साथ लाकर क्रेता विष्णु प्रसाद सोनी के नाम चारों जालसाजों ने एक राह बनाकर ठगी का शिकार मुझे बनाया। जो कि एक मुस्त रकम दो लाख 26 हजार एक सौ बारह रूपये क्रेता से लेने के बाद उसकी रजिस्ट्री दी गई। विष्णु प्रसाद सोनी द्वारा तहसील उचेहरा में दाखिल खारिज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जो कि मामला क्रमांक 1088/अ 6सन 20-23-24 प्रकरण दिनांक 15/2/20-24 एवं 20/2/24 संसोधित आदेश म.प्र. भूराजस्व सहिंता 1959 की धारा 165-7 का विक्रेता द्वारा जानबूझ कर उल्लंघन करते हुए शासकीय बंटन से प्राप्त भूमि कि धोखाधडी एवं ठगी करते हुए शासन एवं प्रशासन की आंख में धूल झोकते हुए ठग गिरोह के सरगना जितेन्द्र राय विजय गुप्ता दिलीप बुनकर आलोक श्रीवास्तव द्वारा कानून की धजियां उडाते हुए बेखौफ हो कर ई फर्जी रजिस्ट्री 19/7/203 को कराकर क्रेता के दो लाख 26 हजार एक सौ 12 रूपये डकार गऐ।

### सतना एसपी को हटाने की मांग

विष्णु प्रसाद सोनी ने इस मामले को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई एवं एसपी सतना तथा रीवा संभाग के आई जी को आवेदन देकर ठग गिरोह के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की है। विष्णु सोनी ने आगे बताया कि सतना एसपी इस मामले में कोई कार्यवाही नही की गई। ऐसे पुलिस अफसर को सतना से हटाया जाये गरीबों की समस्याओं को नही सुनते है। और हिलाहवाली कर फरियादी को वापस कर देते है एवं फरियादी इंसाफ के लिए भटकता रहता है। और उसे इंसाफ नही मिलता है। इधर विष्णु ने यह भी आरोप लगाया है कि ठग गिरोह से मुझे खतरा भी है। वह कभी भी मेरी जान ले सकते है। श्री सोनी ने बताया कि मुझे अगर न्याय नही मिला तो मै अनशन करूगां।

# विश्व संचार दिवस पर हिंडालको महान ने लगाई संचार जागरूकता चौपाल

### मुफ्त के लाटरी, इनाम के झांसे में न आय : राहुल सक्सेना

**सिंगरौली।** दुनियाभर में 17 मई को वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन एंड इन्फोर्मेशन सोसाइटी डे सेलिब्रेट किया जाता है. इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों के मन में दूरसंचार के प्रति जागरूकता पैदा करना है. इसके अलावा दुनियाभर में डिजिटल डिवाइस के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है।हिंडालको महान द्वारा विश्व संचार दिवस के मौके पर ग्राम खेख?ा में आम लोगो को टेलिकम्युनिकेशन के फायदे व सायबर फ्रॉड जैसे विषयों पर लोगो को जागरूक किया। इस मौके पर हिंडालको महान आई.टी.विभाग से राहुल सक्सेना,सी.एस.आर.विभाग से विभाग प्रमुख संजय सिंह व उनके टीम सदस्य विजय वैश्य,शीतल श्रीवास्तव शामिल शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये शीतल श्रीवास्तव ने संचार की शक्ति,व समय के साथ संचार की तकनीकी विकास पर लोगो को जागरूक किया।वही कार्यक्रम में तकनीकी संचार विशेषज्ञ राहुल सक्सेना ने टेलिकम्यूनिकेश डे मनाने के उद्देश्य , इतिहास व सायबर फ्रॉड से बचने व आधुनिक संचार तकनीकी का बेहतर इस्तेमाल पर जोर देने की बात कही,साथ ही ये बात आम लोगो की बताई की, अक्सर लोग मोबाइल में लॉटरी लगने के फर्जी कॉल आते रहते हैं और उनके झांसे में आकर लोग घर के बचे पैसे भी गवा देते हैं,इसलिए ठगने वाले कॉल को पहचाने व सायबर फ्रॉड संचालकों से बचे,इस संचार के साधन का इस्तेमाल कैसे करना है,ये आपके हाथ मे है,वही कार्यक्रम में सी.एस.आर.प्रमुख संजय सिंह द्वारा इस वर्ष की रखी गई थींम 'सतत विकास के लिए डिजिटल नवाचार' पर अपने विचार रखे और लोगो



को संचार तकनीकी का शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर इस्तेमाल पर जोर देने की बात कही। साथ ही चिट्ठी से लेकर आज वीडियो काल से कॉन्फ्रेंसिंग तक के सफर को पूरा बनाने में विश्व के वैज्ञानिको के योगदान की सराहना की।वही संचार चौपाल के आयोजन पर खेख?ा सरपंच वरुण सिंह धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्व सहायता समूह के सदस्य के सदस्यों के साथ साथ हिंडालको महान टीम से बीरेन्द्र पाण्डेय ,अरविंद बैश्य,खलालू का विशेष योगदान रहा।

## वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर कल

**सतना (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच-उपचार एवं परामर्श के लिए 20 मई 2024 को प्रात: 9 बजे से जिला चिकित्सालय सतना में ट्रामा सेंटर, भूतल, माड्युलर ओटी के पास स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन तथा आरएमओ द्वारा शिविर में मेडीकल कालेज और चिकित्सालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। इनमें आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. सुजीत मिश्रा, नाक, कान, गला डॉ. कार्तिकेश गुप्ता, एमडी कम्युनिटी मेडीसीन डॉ. प्रियंका खाटवानी,, डेंटिस्ट डॉ. सपना सिंह, नेत्र रोग डॉ. रजनीश, साईकेट्रीस्ट डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद अशरफी, नर्सिग आफीसर श्रीमती मिथलेश गौतम, श्रीमती अर्चना विश्वकर्मा तथा श्रीमती दिव्या मिश्रा, फार्मसिस्ट डॉ. अजीत सिंह, लैब टेक्नीशियन दीपक चौधरी, नेत्र रोग सहायक कुलदीप कोल, लैब अटेन्डेंट मो. इमरान खान, आयुष्मान कार्ड अभय विश्वकर्मा तथा वार्ड ब्याय घनश्याम सोनी की डयूटी लगाई गई है।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिये आवेदन 31 तक

**सतना (स्वतंत्रमत)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिये प्रतिभावान खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता रहे जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी खेलवृत्ति के लिये आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेता को 8 हजार रुपये एवं कांस्य पदक विजेता को 6 हजार रुपये की राशि खेलवृत्ति के रुप में दी जायेगी। इस संबंध की अधिक जानकारी और दिशा-निर्देश खेल एवं कल्याण कार्यालय जवाहर नगर सतना एवं खेल विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# एकेएसयू इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक सप्ताह का वर्कशॉप

## विद्युत सुरक्षा पर किया गया आयोजन

सतना (स्वतंत्रमत)।

एकेएसयू इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक सप्ताह का स्टूडेंट ओरिएंटेड वर्कशॉप आयोजित किया गया। विद्युत सुरक्षा पर किया गया यह आयोजन सफल रहा। इस वर्कशॉप में ट्रेनर जे.एन सिंह ने बताया की इंडस्ट्रियल सेफ्टी टाइप्स आफशॉक मोटर रेटिंग ए इंडस्ट्रियल मशीन गैस हजार्ड्स अंडरग्राउंड वोल्टेज एक्सप्लोजन रेस्क्यू मिशन रिकवरी के बारे में उन्होंने बताया।



इंजीनियर अनिल कुमार मित्तल ने इंडस्ट्रियल सेफ्टी,कनेक्शन यूज्ड इन माइन्स एंड अदर इंडस्ट्री के बारे में बताया। इंजीनियर आर.के. श्रीवास्तव ने अर्थिंग का महत्व बताया तथा सावधानियां के विषय में स्टूडेंट से चर्चा की। मेडिकल फील्ड के श्री अमित द्विवेदी ने शॉक लगने के बाद ट्रीटमेंट के बारे में बताया उन्होंने आपात पुनर्जीवन अचेत अवस्था के उपचार के बारे में बताया। श्री अवधेश कुमार पांडेय ने मशीन में मशीन के उपयोग में की जानकारी दी। इस वर्कशॉप में स्टूडेंट्स को बेहद अहम जानकारियां प्रदान की गई। वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर इंजीनियर डॉक्टर रमा शुक्ला हैं।



## कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** शिक्षा के क्षेत्र में शहडोल संभाग को हम सब मिलकर सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। इसके लिए शहडोल संभाग के सभी शिक्षक अपने शिक्षक धर्म का पालन करें। अपने पास सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, स्कूलों में अच्छी सुविधाएं हैं, इसके बावजूद पालक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं की ओर देखता है। हम सबको मिलकर इस मिथक को तोड़ना होगा, और शिक्षण संस्थानों को आनंद शालाएं बनाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों में आनंद दायक वातावरण निर्मित होने पर बच्चे स्कूल आने के लिए स्वयं आकर्षित हो, इसके प्रयास करने होंगे। उक्त आषय के विचार कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने जिले के कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के पालकों से जीवंत संपर्क स्थापित करें। बच्चों के पालकों को शिक्षा का महत्व बताएं, शिक्षा के प्रति पालकों को जागरूक करें। हम सबको मिलकर शहडोल संभाग के एक-एक बच्चे के भविष्य की चिंता करना है, अच्छे प्रयास कर बच्चों के भविष्य को गढ़ना है, इसके लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। गांव के एक-एक बच्चे को स्कूल पहुंचाकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को गढ़ने का प्रयास सभी शिक्षक करें।

उन्होनें कहा कि शिक्षक पूरी लगन, मेहनत एवं पूर्ण आस्था के साथ बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। कोई भी छात्र किसी से कम नहीं होता है, किसी भी बच्चे की समझने की क्षमता किसी से कम नहीं होती है। कोई बच्चा खेल में अच्छा है, कोई साहित्य में, कोई योगा में, कोई वाद्य यंत्र बजाने में, कोई डॉक्टर या इंजीनियर बनने की इच्छा रखता है। शिक्षक छात्रों की रूचि को समझें और अभिरूचि अनुरूप छात्रों को आगे बढ़ानें का प्रयास करें। शिक्षकों को एक जौहरी की संज्ञा देते हुए कहा है कि शिक्षक एक जौहरी समान होता है जो बच्चों को हीरे की तरह तरास कर उसकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने इस दायित्व का निर्वहन जवाबदेही के साथ करें। पहले शिक्षकों का बहुत मान सम्मान था इस मान सम्मान को बनाए रखने के लिए शिक्षक निरंतर अच्छे कार्य करें। शिक्षक बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें।

# रिहायशी इलाके में पहुँचे जंगली हाथियों को बीटीआर की टीम ने खदेड़ा

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में शुक्रवार की रात लगभग दस बजे एक जंगली हाथी ताला गांव में घुस गया। इस जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हालांकि जंगली हाथी के हमले में किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथी ताला के जंगल से निकलकर रात में ताला गांव पहुंच गया। मुख्य मार्ग के किनारे स्थित पेट्रोल पंप के पास लगे एक कटहल के पेड़ को उखाड़कर हाथी ने गिरा दिया। इस पेड़ पर सैंकड़ों की संख्या में कटहल लगी हुई थी जिन्हें हाथी ने खा लिया जिससे उसका पेट भर गया और वह कुछ ही देर में शांत भी हो गया। हालांकि कटहल का पेड़ उखाड़ने से पहले वह काफी भूखा लग रहा था और उसने कई अन्य पेड़ों को भी तहस-नहस कर दिया था। जानकारी लगते ही बीटीआर कि टीम ने आग जलाकर और पटाखे फोड़कर जंगली हाथियों को रिहायशी इलाके से खदेड़ कर जंगलों की तरफ भेजा।



जंगल हाथी जब गांव में उत्पात मचा रहा था तब गांव के युवकों ने उसका वीडियो भी बनाया। पेट्रोल पंप के पास जब हाथी कटहल का पेड़ उखाड़ रहा था उस दौरान पास के घर की छत पर खड़े लोगों ने उसका वीडियो बनाया। इस वीडियो में हाथी कटहल के पेड़ को जोर-जोर से इस तरह हिला रहा है कि लगता है जैसे तूफान आ गया हो। हाथी कहीं घर को नुकसान न पहुंचा दे इस भय से छत पर खड़े लोग उसकी दिशा में टॉर्च से रोशनी मार रहे थे जिसे देखकर हाथी दूसरी दिशा में चला गया। हालांकि हाथी काफी देर तक ताला गांव में बना रहा और आधी रात के करीब वापस जंगल की दिशा में लौट गया।

बता दें कि जहां की यह घटना है उसके आस पास बहुत से रिसोर्ट बने हुए हैं जिसमे देशी विदेशी पर्यटक रुके हुए थे और वे भी इस घटना के बाद सहमे हुए हैं। चूंकि बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में रोजाना ही सैकड़ों पर्यटक बाघ के दीदार के लिए बांधवगढ़ पहुँचते है और इस समय ग्रीष्म कालीन छुट्टियां भी चल रही हैं जिससे प्रतिदिन हजारों लोग ताला बांधवगढ़ के आस पास निवासरत रहते हैं ऐसे में जंगली हाथियों का इतने समीप आना बेहद ही चिंतनीय है और जंगली हाथियों के बर्ताव से सब परिचित हैं..!ये तो अच्छा हुआ कि हाथियों ने कटहल खा कर चले गए नही हो कुछ भी हो सकता था....!

## गेहूं उपार्जन की अवधि 31 तक बढ़ाई गई

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25मे समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढाकर अब 31 मई कर दिया गया है। जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक पंजीकृत सभी किसानो से अपील की गई है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 31 मई 2024 तक अपनी उपज गेहू स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर शासन की समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

## खितौली जोन के हवामहल कैंप में शावक ने जमाया डेरा



**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बड़ी गर्मी को लेकर बाघ, बाघिन और शावक भी छाया और ठंडक वाले स्थान में दिखाई दे रहे हैं। लेकिन शुक्रवार को सफारी के दौरान पर्यटक शावक का अंदाज देखकर रोमांचित हो गए। धूप और गर्मी से परेशान शावक ने टाइगर रिजर्व के खितौली जोन के हवा महल कैंप में अपना डेरा जमा लिया। घंटो कैंप में बैठा रहा। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली जोन में सफारी में गये पर्यटक जंगल मे सफारी कर रहे थे। कि हवामहल कैंप के समीप पहुंचे। हवामहल कैंप में शावक के आराम फरमाते का अंदाज देखकर पर्यटक उत्साहित हो गये। कांटी बाह बाघिन के शावक की उम्र लगभग 10 माह है।

**सतर्क रहने दिए निर्देश** - हवामहल कैंप में शावक के आराम फरमाने का वीडियो वायरल होने के बाद परिक्षेत्र अधिकारी सात्विक जैन ने बताया कि वीडियो आया है। सभी कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश गये है। वहां पर बाघिन शावको की मूवमेंट है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन कल तक

**उमरिया।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि आईटीआई उमरिया मे प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है जो आगामी 20 मई तक चलेगा। जो विद्यार्थी 10 वीं पास हो गये है वे अपनी पसंद के 6 व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रिीशियन, बेल्डर, फिटर, स्टेनो हिंदी, ड्राप्ट मैन मैकेनिकल डीएमएम मे पास प्रवेश ले सकते है। सत्र 2024 के लिए उरिया जिले में संचालित 4 आईटीआई मे स्वीकृत 396 सीटो में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ है। काउंसलिंग के चरण रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग है। प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन तथा च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। पास छात्र, छात्राओ हेतु छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन उपरांत अपने नजदीकी आईटीआई में सपर्क किया जा सकता है।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें : अतिरिक्त मुख्य सचिव

## संभागीय बैठक के निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें : जेएन कंसोटिया

सतना( स्वतंत्र मत)।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीवा संभाग के प्रभारी अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव वन श्री जेएन कंसोटिया ने कहा कि कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें। क्षेत्र का भ्रमण करके योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करें। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं से जुड़े अन्तर्विभागीय विषयों पर चर्चा करके अधिकारियों को उचित निर्देश दें। संभागीय बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक के जिला और संभाग स्तर के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करके पालन प्रतिवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराएं। कलेक्टर और वनमण्डलाधिकारी विकास योजनाओं से जुड़े भूमि के प्रकरणों का संयुक्त रूप से प्रयास करके निराकरण करें। जिससे स्वीकृत विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सके।



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मऊगंज तथा मैहर नए जिले हैं। इनमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। इन जिलों में नवीन कार्यालय प्रारंभ करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पद स्वीकृत कराने के संबंध में विभागीय स्तर से प्रयास करें। सिंचाई, सड़क, नल-जल योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में जहाँ वन भूमि की आवश्यकता है वहाँ संबंधित विभाग के अधिकारी अनुमति के लिए आवश्यक अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन करें। वन विभाग के अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तय समय सीमा में आवेदन का निराकरण करें। कलेक्टर इसकी हर सप्ताह समीक्षा करें। जमीन के अभाव में किसी भी परियोजना का निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। ऐरा प्रथा के नियंत्रण के लिए कलेक्टर मऊगंज द्वारा किया गया नवाचार सराहनीय है। ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृत सभी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनमें गौवंशों के रखने की तथा गौशाला संचालन की व्यवस्था करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल व्यवस्था से जुड़े निर्माण कार्यों पर सभी कलेक्टर विशेष ध्यान दें। जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित समीक्षा करें। विकास योजनाओं के संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। संभागीय बैठक में जल जीवन मिशन की बाणसागर प्रथम समूह नल-जल योजना के कार्य में तेजी के सुझाव दिए गए थे। इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य समय सीमा में पूरा कराएं। संभाग में स्वीकृत सभी पाँच प्रमुख समूह नल-जल योजनाओं के कार्यो की कलेक्टर नियमित समीक्षा करें। बरगी परियोजना में स्लीमनाबाद टनल का निर्माण दिसम्बर माह तक पूरा होगा। इसकी नहरों का कार्य पूरा करा लें जिससे टनल का कार्य पूरा होते ही किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सके। सीधी और सिंगरौली जिले की सिंचाई परियोजनाओं तथा नल-जल परियोजनाओं में वन भूमि में अनुमति के संबंध में सभी प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित कर दिए गए हैं। इनमें स्वीकृतियाँ शीघ्र जारी हो जाएंगी।

बैठक में संभागीय बैठक के सभी एजेण्डा बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की गई। बैठक में सीधी-सिंगरौली हाईवे निर्माण, जल संरक्षण के कार्यों, विभिन्न सड़कों के निर्माण, गुलाबसागर सिंचाई परियोजना, सिंगरौली में ट्रामा सेंटर के निर्माण, टोंस बराज के डूब से अप्रभावित 36 गांवों के किसानों को उनकी जमीन वापस करने, खराब ट्रांसफार्मर बदलने, चितरंगी कालेज में नवीन कक्षाएं प्रारंभ करने तथा सतना जिले में बगदरा घाटी में गौ अभ्यारण्य निर्माण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इनमें किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अवगत कराएं। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें। राज्य स्तर पर प्रेषित प्रस्तावों को स्वीकृत कराने के लिए लगातार फालोअप करें। बैठक में सभी कलेक्टरों ने जिले के विकास कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेख शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, प्रभारी कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े, डीआईजी साकेत पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी तथा संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाले में किया कब्जा फिर लाखों रुपए में रातों-रात बेच दी सरकारी जमीन

## ग्राम पंचायत ने की एसडीएम से शिकायत

मण्डला(स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत मण्डला की ग्राम पंचायत देवदरा में भू माफियाओं का आतंक दिखाई दे रहा है यहां पर शासकीय भूमि पर कब्जा कर विक्रय किए जाने के अनेक मामले सामने आ चुकें हैं। वहीं एक ऐसा मामला चर्चाओं में आया है जहां पर मलवा विक्रय अनुबंध के नाम सरकारी नाले की जमीन को लाखों रूपए में अनिल श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के द्वारा बेचा गया है उक्त जमीन रईस अहमद खान नाम के व्यक्ति को बेची गई है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत देवदरा में की गई है जहां से ग्राम पंचायत द्वारा लिखा पढ़ी कर उक्त जमीन को खाली कराने और दोषी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन को पत्राचार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां अनिल श्रीवास्तव पिता रविशंकर श्रीवास्तव निवासी वार्ड नं.12 राजीव कॉलोनी देवदरा मण्डला तहसील व जिला मण्डला ने




रईस अहमद खान पिता रशीद अहमद खान निवासी रानी दुर्गावती वार्ड क्र.8 तहसील जिला मण्डला को पक्षों के मध्य इस विलेख कर निष्पादन दिनांक 02/12/2019 को किया गया है जिसमें मलमा का विवरण ग्राम देवदरा प. 40. तहसील व जिला मण्डला स्थित शासकीय आबादी भूमि में से रकबा 4000 वर्गफुट भूमि पर पक्ष क्र.1 के द्वारा स्वयं के व्यय पर चार कमरों का कच्चा खपरैल पोष मकान संरचना मलमा का निर्माण कराया गया है। अपने हिस्से की उक्त विवरण बाली संरचना मलमा को विक्रय करने का पूरा-पूरा हक अधिकार प्राप्त है। विक्रय किये गये मलमा की चर्तुसीमा विक्रय किया जा रहा मलमा संरचना के पूर्व दिशा की ओर नाला पश्चिम दिशा की ओर रास्ता उत्तर दिशा की ओर घनश्याम एवं दक्षिण दिशा की ओर गुमास्ता का मकान अवस्थित है। विक्रय किये गये मलमा की कीमत विक्रेता द्वारा 3 लाख 40 हजार रूपये 3 लाख चालीस रुपये मात्र में केता से विक्रय किये जाने का सौदा तय किया जाकर 2/12/2019 को विक्रय प्रति लाख चालीस हजार रूपये नगद पाक जिस स्वीकार किया जाना विक्रय किया गया है। तथा सम्पूर्ण राशि 3,40,000 रूपये तीन द्वारा पक्षक को प्रदान कर दिया गया है द्वारा उक्त स्वामित्य के मलमे को प.ह. क्र.2 को विक्रय प्रतिफल की कोई भी राशि लेनी शेष नहीं रही। मलमा विक्रय का कारण विक्रेता को अपनी पारिवारिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु राशियों की आवश्यकता होने के कारण एवं वर्तमान समय में उक्त मलमा की उचित व माकूल कीमत प्राप्त होने पर मलमा का विक्रय किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायतों में अतिक्रमण ने व्यवसाय का रूप ले लिया है। अवैध रूप से अतिक्रमण कर उक्त जमीन को बड़ी रकम लेकर बेच देने और पुन: किसी अन्य सरकारी जमीन पर कब्जा कर लेने की प्रवृत्ति को ढुलमुल रवैये के कारण बढ़ावा मिला हुआ है। मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बेच देने का व्यवसाय अत्याधिक लाभ का धंधा बन गया है। इस धंधे में जहां कब्जा कराने वालों और दलालों को लाभ पहुंचता है योजनाबद्व तरीके से कुछ लोगों के समूह को छोटे-बड़े भू खण्ड पर कब्जा कराया जाता है। कब्जा करने वालों में कुछ ऐसे भी धंधेबाज होते हैं, जो कुछ समय बाद उक्त भूमि का विक्रय कर किसी अन्य भूमि पर कब्जा करने की जुगत में रहते हैं। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचातयों का लगभग 50-60 प्रतिशत भू-भाग अतिक्रमण की चपेट में है। एक ओर नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने का प्रदर्शन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया जाता है, तो दूसरी ओर मैदानी इलाकों, टेकरियों और नालों के किनारे की भूमि अवैध कब्जों से पट चुकी है। जिला प्रशासन की नजर मुख्य मार्ग की दुकानों के अस्थाई कब्जों पर बनी रही है पर अवैध कब्जों के कारण छोटी-छोटी बस्तियां बनने पर उनकी नींद नहीं टूटती। आज भी ग्राम पंचायतों में अतिक्रमणकारियों द्वारा बेजा कब्जा का सिलसिला जारी है। विभाग द्वारा खानापूर्ति कर अपने दायित्व का निर्वहन कर लिया जाता है। यदि इसी तरह सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जाता रहा तो भविष्य में सरकारी भवन निर्माण के लिये भूमि नहीं मिल सकेगी।

## केरेगांव में श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नैनपुर अंतर्गत केरेगांव के खैरमाई मंदिर के पास श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक योगेश शुक्ला वृंदावन वाले द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न चरित्रों की संगीतमयी कथा सुनाई जा रही है। पं. योगेश शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई थी जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ कथा स्थल पर नंद के आनंद भयो जय यशोदा लाल की जयकारों से पण्डाल गूंज उठा। कथावाचक ने भगवान के जन्म से जुड़े धार्मिक गीत सुना जिसमें सभी श्रृद्धालु जमकर झूमे यह आयोजन 10 से 18 मई तक हुआ।

## संत देवेश दास की प्रतिमा स्थापित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** माँ नर्मदा के भक्त संत देवेश दास तपसी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अनुयायियों के सहयोग से 17 मई को मां नर्मदा तापसी आश्रम पदमी चौराहा में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पूज्य संत की प्रतिमा स्थापित की गई। ज्ञातव्य हो कि ब्रम्हलीन पूज्य संत कॉलेज में प्रोफेसर थे नौकरी छोड़कर नर्मदा परिक्रमा उपरांत आश्रम में अध्यात्मिक और धार्मिक जीवन व्यतीत कर रहे थे 17 मई 2023 को ब्रम्हलीन हुए थे। अनेक धर्म प्रेमियों द्वारा पूज्य संत को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया गया।

## दस्तावेज जमा करने निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जीवन रक्षा पुरस्कार वर्ष-2024 हेतु प्रतिभागियों के नामांकन विभागीय आवार्ड पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। इस संबंध में सभी कार्यालय प्रमुखों को प्रतिभागियों का चयन कर उनके नामांकन एवं आवश्यक दस्तावेज 9 जुलाई के पूर्व कार्यालय कलेक्टर में भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## उद्यानिकी को करें प्रोत्साहित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों को कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए फलदार पौधों का रोपण कराएं। उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करें। मनरेगा सहित अन्य योजनाओं से समन्वय कर संचालित नर्सरियों को बेहतर बनाएं। कलेक्टर ने फल तथा पुष्प क्षेत्र का विस्तार के निर्देश दिए।

## मत्स्य में एसएचजी को करें शामिल

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने कहा कि मत्स्य पालन सहित अन्य गतिविधियों में स्व सहायता समूहों को भी शामिल करें। अमृत सरोवरों में भी मत्स्यपालन करें। दुग्ध संघ की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि दुग्ध का संग्रहण बढ़ाएं। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौ पालकों तथा डेयरी संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पशुओं के उपचार, बीमा राशि का भुगतान तथा केसीसी आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## वृद्धा आश्रम में विधिक जागरुकता

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस जोशी के निर्देशन में एवं प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में वृद्धा आश्रम रपटाघाट मण्डला में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण कुमार सिन्हा, प्रथम जिला न्यायाधीश सुबोध कुमार विश्वकर्मा एवं वृद्धजन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि माता-पिता की देखभाल करना प्राचीनकाल से ही पुत्रों का दायित्व माना गया है।

# श्रीराम फाइनेंस ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

## लकी ड्रा से किया सम्मानित

मण्डला

शनिवार को किंग फिशर रेस्टोरेन्ट मण्डला में सरपंच सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ब्रांच मण्डला के द्वारा जिले के सरपंच व जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला, संतोष सोनू भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत मण्डला, अंजय सिंह कुशराम जिला अध्यक्ष सरपंच संघ, बलराम जसवानी संचालक पावर ट्रैक्टर्स मण्डला मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन सिंह शेखावत जोनल बिजनेस हेड श्रीराम फायनेंस कम्पनी मप्र एवं संतोष सिंह रीजनल बिजनेस हेड श्रीराम फायनेंस कम्पनी छिंदवाड़ा ने की। यहां सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित जिले के सरपंचो व मुख्य अतिथियों व जनप्रतिनिधियों का



कर्तक ध्वनि से स्वागत किया गया। यहां कम्पनी के द्वारा लकी ड्रा निकाला गया। जहां तीन ग्राम पंचायत के सरपंच व उपसरपंच लकी ड्रा के विजेता घोषित हुए जिन्हें मुख्य अतिथियों के द्वारा गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। श्रीराम फायनेंस कम्पनी के जोनल बिजनेस हेड सचिन सिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे लगता है कि ग्राम के सरपंच क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं साथ ही वे अपने दायित्वों का निर्वहन बहुत अच्छे से करते है विकास के मुख्य धारा जोडने में सरपंच संघ अभिन्न अंग होते हैं। योजना और विकास का क्रियान्वयन कोई भी सरकार भारत सरकार की योजनाओं की कोई प्लानिंग हो, हर एक योजना और विकास का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के सरपंचो के द्वारा ही संपादित किया जाता है चाहे सडक हो स्कूल हो, स्वास्थ्य सेवा हो, बुनादी ढांचे का निर्माण हो, कृषि व्यवस्था हो, स्वच्छता अभियान हो या चाहे आजीविका से संबंधित कोई भी योजनाओं को लागू करना हो सभी चीजों में सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सरपंच इन सभी परियोजनाओं प्रगति समन्वयक कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। सम्मान समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि श्रीराम फायनेंस कम्पनी आज 51वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे है इस अवसर पर उन्होंने श्रीराम फायनेंस कम्पनी के वरिष्ठजनों को साधुवात दिया और कहा कि आज जो वे इस पडाव पर पहुंचे हैं उनके शुभकानाएं को मैं विशेष तौर पर देता हूं। कम्पनी न सिर्फ फायनेंस के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी काम कर रही है जिस तरीके से हमारे बच्चों के लिए 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति देकर उनके मनोबल को आगे बढ़ाने का काम करती है यह काफी सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि मण्डला में लगभग 10 हजार से अधिक ग्राहक है जो श्रीराम कम्पनी से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान मण्डला जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी ने कहा कि हमारे बहुत सारे युवा ऐसे जो बेरोजगार है उन्हें मजबूती से आगे बढ़ाने में श्रीराम कम्पनी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष अजय सिंह कुशराम ने सरपंच संघ के ओर से श्रीराम फायनेंस कम्पनी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। सरपंच उस गांव का पृथक नागरिक कहलाता है और इस नागरिकता को अपनाते हुए आगे बढ़ते हैं। इस दौरान जिले के अनेक सरपंच सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसडीओपी ने बालगृह में बच्चों से की मुलाकात

मण्डला(स्वतंत्र मत)

किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम के तहत जिले में संचालित आदर्श बालगृह लालीपुर एवं सांस्कृतिक बालिका गृह महाराजपुर में पीयूष कुमार मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा बालगृह बालिका गृह में निवासरत बालको से मुलाकात कर व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधा का निरीक्षण किया गया। बालगृह अधीक्षक अखिल अहमद एवं बालिका गृह की अधीक्षका श्रीमती इंदुलता पांडे के द्वारा बाल गृह एवं बालिका गृह में बालक बालिकाओं को दी जारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बालकों की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कोर्स, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कंप्यूटर प्रशिक्षण,जनरल नॉलेज, क्राफ्ट प्रशिक्षण एवं चित्रकला खेलकूद, बैडमिंटन, फुटबॉल आदि में बालकों को सम्मिलित कराया जा रहा है। श्री मिश्रा द्वारा बालक बालिकाओ से कुछ जनरल नॉलेज के प्रश्न भी पूछे गए जिनका बालकों ने सही जवाब दिया बाल गृह में निवासरत सभी बालकों से



व्यवस्थाओं पर चर्चा करने पर सभी बालक खुश होते हुए बताएं कि उन्हें बालक एवं बालिका गृह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा बालक गृह एवं बालिका गृह में दी जा रही सुविधा और व्यवस्थाओं के साथ-साथ कर्मचारियों के व्यवहार पर प्रसन्नता व्यक्त की गई निरीक्षण के दौरान स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट से इंदर यादव बालगृह अधीक्षक अखिल अहमद, चाइल्ड लाइन से कोऑर्डिनेटर दीपक बाजपेई, एवं शक्ति सदन नीलिमा बाजपेई एवं अधीक्षका मालती मैडम, सोशल वर्कर हाउस फादर, हाउस मदर और अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# बाजार-हाट में भूख-प्यास से व्याकुल हैं पालतू-आवारा पशु

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** आवारा पशुओं की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। अनेक घटनाओं के साथ साथ तीन दिवस पूर्व से चकोर पुल के नीचे एक गाय पड़ी होने की जानकारी आने पर नगर पालिका कर्मचारियो के सहयोग से गाय को उठाकर गौशाला लाया गया जहां सहायक पशु-चिकित्सक सर्वेश हरदाहा के द्वारा इलाज किया जा रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी दी गई परंतु पशुपालक कोई नहीं आया। इसी तरह नगर के मुख्य मार्गों सहित बाजार हाटो में विचरण कर क्षति पहुंचाने वाले आवारा पालतू पशुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। तेज धूप भीषण गर्मी में पानी व भोजन की तलाश में भटकते ये



तेज धूप मे छाव की तलास करते मूख जानवर

पशु व्याकुल होते दिखाई दे रहे हैं। नगर की गलियों व बुधवारी बाजार में घूम घूम कर सडी गली सब्जी, बचा कुचा बासा भोजन, अखाद्य सामग्री, कागज पन्नी, पत्तों से अपना पेट भरने वाले इन पशुओं को प्यास बुझाने दूर दूर तक पानी की तलास में भटकना पड रहा है। अच्छी नस्ल के स्वस्थ्य दुधारू पशुओं की रेख देख न हो पाना इनकी अकाल मृत्यु का कारण बनता जा रहा है। आवारा वालतू पशुओ को नगर पालिका परिषद नैनपुर के हांका दल द्वारा कभी कभी कांजी हाउस ले जाकर बंद कर दिया जाता है। इससे व्यवस्था से हर्जाना भरने के बाद भी पशु पालको को सीख नहीं लग पा रही है।

# प्रतिदिन प्रशिक्षण से होता है व्यक्तित्व का निखार : भीष्म

मण्डला(स्वतंत्र मत)

विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना अनुसार जिला केंद्र में शिशु वाटिका सामान्य प्रशिक्षण वर्ग 15 दिवसीय चल रहा है जिसमें आठ संभाग की 24 जिलों से नगरी व ग्राम भारती के 65 प्रशिक्षार्थी ईसीसीई पैटर्न पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं यह प्रशिक्षण पूर्णतया आवासीय है प्रांत के आठ प्रशिक्षित दीदीयो के द्वारा गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण की इसी श्रृंखला में आज पंचम दिवस की प्रात: बेला में अग्निहोत्री एवं स्वर साधना सत्र में वैदिक मंत्र उच्चारण के द्वारा हवन पूजन यजमान कौशल कछवाहा कैलाश कछवाहा द्वारा सापत्निक किया गया सभी प्रशिक्षक को एवं प्रशिक्षार्थियों ने वैश्वनर द्वय को आशीर्वचनों से अभी संचित किया गया वा पाल्यो के लिए उत्कृष्ट शिक्षा लब्धि की कामना की गई प्रात: वंदन एवं संवाद सत्र में सरस्वती शिक्षा परिषद की प्रांतीय अधिकारी संगठन मंत्री अमित देवी परिषद के कोषाध्यक्ष विष्णुकांत समिति के सचिव सुधीर अग्रवाल द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ 15 दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रांतीय संयोजिका श्रीमती संतोषी सोनी श्रीमती ललिता पटेल एवं प्रभात सिंह के मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है जिसमें जिला सचिव राजीव वर्मा सह जिला सचिव किशोरी लाल साहू संस्था के अध्यक्ष विनायक राय तांबे की स्थानीय समिति के पदाधिकारी संघ के विभाग प्रचारक पंकज पांडे वर्ग के व्यवस्था प्रमुख अरविंद शर्मा द्वारा सतत् वर्ग में सहयोग प्राप्त हो रहा है वर्ग के दौरान क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति सराहनीय रही आज पंचम दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष भीष्म दुवेदी ने अध्यक्षता करते हुए उद्घाटन सत्र की उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से आचार्य के साथ व्यक्ति का व्यक्तित्व विकास होता है।

## मवई में वॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन

मण्डला/मवई (स्वतंत्र मत)

मंडला पुलिस द्वारा लगातार ग्रामीण अंचल के थाना चौकियों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं जिसमें आस पास के क्षेत्रों के गावों में खेल को लेकर काफी उत्साह देखने को मिलता हैं। वहीं सामुदायिक पुलिस के तहत आयोजनों में जनता एवं पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण के विकास में काफी सहायक सिद्ध होती हैं व क्षेत्र के रहवासियों की सामान्य समस्याओं से रूबरू होने का अवसर भी मिलता है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 18 मई को जिलें के नक्सल प्रभावित थाना मवई के तत्वाधान में वालिबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम धनगांव में कराया गया। जिसमे 7 ग्रामो की टीमों ने भाग लिया एवं ग्राम मवई एवं धनगांव की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर फाईनल में अपनी जगह पक्की की जिसमें मवई की टीम विजय रहीं। प्रतियोगिता में विजयी टीम को थाना प्रभारी द्वारा ट्राफी का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतियोगियों को खेल सामग्री टी-शर्ट आदि का वितरण किया गया। प्रतियोगिता के दौरान टीम के साथ साथ ग्रामीणजन खेल देखने पहुंचे।

# ठेकेदार की मनमानी...आमजनों की परेशानी

## अधूरे सड़क निर्माण से रोज हो रहे हादसे

## परेशानी का शबब बनी कायाकल्प योजना

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** नैनपुर नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड 9 में बनने वाली सीमेंट कांक्रीट सड़क अब लोगो की परेशानी का शबब बन गई है। महीनों से यहां सड़क का अधूरा पड़ा निर्माण नपा परिषद और उनके ठेकेदारों की कारगुजारी को उजागर कर रहा है। आधी बनी सड़क



यहां आवाजाही के लिए एक खतरा बनी हुई है। जहां पर आए दिन होने वाले हादसों से लोग ड़ासे परेशान हैं। अभी हाल ही में यहां एक गैस टंकी से भरा चौपाया वाहन भी दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जाहिर है कि वार्ड नंबर 9 में निर्मित सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार मनीष पड़वार के द्वारा किया जा रहा है । किंतु एक तरफ आधा निर्माण करके उसे छोड दिया गया है। सड़क का बाकी निर्माण कार्य महीनों से बंद पड़ा है। जिसके चलते रोजाना आवा जाहि में वार्ड वासी राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 14 वा 9 के साथ नगर से सटे ग्राम अतरिया धनोरा के लोगों को यह मार्ग बाजार और मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी सड़क से होते हुए अनादी पार्क और इंडोर स्टेडियम भी जाना होता है । जहां नगर के शासकीय और सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। किंतु इस लापरवाही पर नगर पालिका भी अपनी चुप्पी साधे बैठी है। ठेकेदार की लापरवाही पर नपा की यह चुप्पी अब आमजनों को सालने लगी है। इन हालातों में परेशान वार्ड वासियों का य कहना है कि रोड का निर्माण कार्य न किया जाकर पुरानी ही हालत में इसे रहने दिया जाता तो अच्छा था। एक तो अधूरा निर्माण और एक तरफ बनी सड़क मे साइड ड़ीलिंग न होने से यहां हादसे और दुर्घटनाये मुंह बाए खड़े है। अब वार्ड पार्षद ने इस लापरवाही पर निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेट किए जाने का लिखित अनुरोध किया है। बताया गया है कि उक्त निर्माण कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा में होना था। किंतु एक तो मुश्किल से ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया और अब इसे अधूरा छोड़ दिया गया है। वार्ड के कुछ रहवासियो का कहना है कि यदि जल्द इस अधूरे पड़ी सड़क निर्माण को पूरा नही किया गया तो सड़क के लिए अब सड़को पर प्रदर्शन के लिए लीग मजबूर होंगे।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा नगर पालिका में लिखित शिकायत करने के बावजूद भी मनीष पड़वार से ही कार्य कराया गया और आज अधूरा कार्य होने की वजह से पूरा वार्ड इस सड़क निर्माण से परेशान है। यहां दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

**पिंकी अजीत चौधरी**
**पार्षद**

## डॉ. गणि राजेन्द्र विजयजी के 49वें जन्म दिवस 19 मई 2024 पर

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला

ललित गर्ग

सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय 'भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय' के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा।

निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है। गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी



जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही।

त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी' हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी समाज कृतसंकल्प है रोशनी के साथ चलते हुए इस आदिवासी अंचल के जीवन को उन्नत बनाने एवं संपूर्ण मानवता को अभिप्रेरित करने के लिये।

गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक आभामंडल एवं कठोर तपचर्या का ही परिणाम है आदिवासी समाज का सशक्त होना। सर्वाधिक प्रसन्नता की बात है कि अहिंसक समाज निर्माण की आधारभूमि गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने आध्यात्मिक तेज से तैयार की है। अनेक बार उन्होंने खूनी संघर्ष को न केवल शांत किया, बल्कि अलग-अलग विरोधी गुटों को एक मंच पर ले आये। जबकि गुट व्यापक हिंसा एवं जनहानि के लिये तरह-तरह के हथियार लिये एक दूसरे को मारने के लिये उतावले रहते थे। हिंसा की व्यापक संभावनाओं से घिरे इस अंचल को अहिंसक बनाना एक क्रांति एवं चमत्कार ही कहा जायेगा। सचमुच आदिवासी लोगों को प्यार, करूणा, स्नेह एवं संबल की जरूरत है जो गणिजी जैसे संत एवं सुखी परिवार अभियान जैसे मानव कल्याणकारी उपक्रम से ही संभव है, सचमुच एक रोशनी का अवतरण हो रहा है, जो अन्य हिंसाग्रस्त क्षेत्रों के लिये भी अनुकरणीय है। गणि राजेन्द्र विजयजी की विशेषता तो यही है कि उन्होंने आदिवासी उत्थान को अपने जीवन का संकल्प और तड़प बना लिया है। आदिवासी जन-जीवन में भी बहुत उजाले हैं, लेकिन इन उजालों को छीनने के प्रयास हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे। आज बाहरी खतरों से ज्यादा भीतरी खतरे हैं। हिंसा और अलगाव की कई चुनौतियां हैं, जो समाधान चाहती है। पर गलत प्रश्न पर कभी भी सही उत्तर नहीं मिला करते। जब रोटी की जरूरत हो तो रोटी ही समाधान बनती है। रोटी के बिना आप किसी सिद्धान्त को ताकत का इंजेक्शन नहीं बना सकते।

# एकादशी के दिन करें लड्डू गोपाल जी का मोहिनी रुप श्रृंगार

दिव्यांशी भदौरिया



सनातन धर्म में एकादशी काफी महत्व होता है। साल में कुल 24 एकादशी की तिथि पड़ती है। हर एक एकादशी का अपना महत्व होता है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रीहरि विष्णु जी की विधिवत रुप से पूजा- अर्चना करता है। उसके सभी परेशानियां दूर हो सकती है और मनोकामनाएं भी पूर्ण हो सकती है। मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के मोहिनी रुप की विधिवत पूजा करने से लाभ हो सकता है। दरअसल, इस साल 19 मई को मोहिनी एकादशी है। इस दिन आप लड्डू गोपाल का श्रृंगार कर रहे हैं, तो कैसे करें, आपको बताते हैं।

## रूप श्रृंगार सामग्री

- लड्डू गोपाल जी की मूर्ति, लाल, पीले और हरे रंग का कपड़ा, मोती, सितारे और अन्य श्रृंगार सामग्री, फूलों की माला, मेवा और मिठाई, धूप और दीपक,जल।

## ऐसे करें रुप श्रृंगार

- सबसे पहले आप लड्डू गोपाल जी की मूर्ति को स्नान कराएं और साफ कपड़े से पोछ लें।
- किसी भी रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी की पीठ के पीछे से लपेटकर, उन्हें एक लहंगे की तरह पहनाएं।
- पीले रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी के सिर पर ओढ़ाकर, उन्हें एक दुपट्टे की तरह पहनाएं।
- हरे रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी के आस-पास बिछाकर, उन्हें एक आसन दें।
- लड्डू गोपल जी को मोती, सितारे और अन्य श्रृंगार सामग्री से सजाएं।
- लड्डू गोपाल जी को फूलों की माला पहनाएं।
- लड्डू गोपाल जी के सामने मेवा और मिठाई का भोग लगाएं।
- धूप और दीपक जलाकर लड्डू गोपाल जी आरती करें।
- लड्डू गोपाल जी के मंत्रों का जाप करें।

## इन मंत्रों का जाप करें

सर्वशक्तिमान मंत्र है जो भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंत्र का जाप करने श्री विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और सभी पापों का नाश होता है।

- ऊँ नमो नारायणाय
- ऊँ वासुदेवाय नमः
- ऊँश्रीकृष्णाय नमः
- ऊं नमो भगवते वासुदेवाय
- ऊँ राधे गोविंदाय नमः

# नौतपा के नौ दिन सूर्यदेव को इस तरह से दें अर्घ्य, बढ़ेगा मान-सम्मान



नौतपी के नौ दिनों नें बेहद गर्मी पड़ती है। नौतपा, जिसे नौ तप या नौ दिन भीषण गर्मी भी कहा जाता है, हिंदू कैलेंडर में एक विशेष अवधि है जो तीव्र गर्मी से जुड़ी है। यह ज्यादातर ज्येष्ठ मास यानी कि मई-जून में होती है और माना जाता है कि भारत में गर्मी का चरम भी होता है। ज्योतिष शास्त्र में नौतपा को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इन नौ दिनों में धार्मिक अनुष्ठान और दान करने से शुभ फल प्राप्त होता है। इस दौरान कई लोग व्रत भी रखते हैं। नौतपा के नौ दिनों में सूर्यदेव की विधिवत पूजा-पाठ करने का विधान है। ज्योतिष के अनुसार, जो लोग नौतपा के दिनों में सूर्य देव की पूजा-पाठ करने से सभी रोग दोष से छुटकारा मिल जाता है और मान-सम्मान में भी वृद्धि होती है। चलिए आपको बताते हैं ,नौतपा के दौरान सूर्यदेव की किस धातु से जल देना चाहिए।

सूर्यदेव को तांबे के लोटे से जल अर्पित करने काफी शुभ माना जाता है। ज्योतिष के मुताबिक, सूर्यदेव तांबे तो अपनी प्रिय धातु मानते हैं और तांबे के लोटे से अर्घ्य देने से बेहद प्रसन्न होते हैं। सूर्यदेव को जल अर्पित करने का सबसे उत्तम समय सूर्योदय का समय होता है। तांबे के लोटे में जल भरें, लोटे में थोड़ा-सा अक्षत, लाल चावल, फूल और कुमकुम भी डालें। सूर्यदेव के मंत्र का जाप करते हुए, सूर्यदेव को जल चढ़ाए। बता दें, सूर्यदेव को जल अर्पित करने से ग्रहों की शांति होती है और कुंडली में सूर्य ग्रह से संबंधित दोष दूर होते हैं। सूर्य भगवान को जल चढ़ाने से सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है।

नौतपा के 9 दिनों तक सूर्यदेव को पीतल के लोटे से अर्घ्य दें। इससे व्यक्ति को समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। इतना ही नहीं, कहा जाता है कि इस धातु से बने लोटे से अर्घ्य देने से व्यक्ति की सारी परेशानियां दूर हो जाती है और सौभाग्य में भी वृद्धि हो जाती है।

सूर्यदेव को कांस्य के लोटे से अर्घ्य दें। इससे व्यक्ति को शक्ति और साहस का वरदान मिलता है। इसके साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि होती है। वहीं, अगर आपके जीवन में किसी तरह के कार्य में कोई रूकावटें आ रही है, तो उससे छुटकारा मिल सकता है।

नौतपा के नौ दिनों में सूर्यदेव को चांदी के लोटे से अर्घ्य देने से लाभ हो सकता है। साथ ही व्यक्ति के मान-सम्मान में भी वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा ग्रह दोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

# गर्मियों की तेज धूप से अपनी त्वचा की करें देखभाल



मई के महीने में सूरज की तेज किरणों के साथ चिलचिलाती गर्मी और उमस होती है। तेज गर्मी न केवल आपको डिहाइड्रेट कर सकती है, बल्कि आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे समय से पहले बुढ़ापा, काले धब्बे और यहां तक कि कैंसर भी हो सकता है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप इस गर्मी के मौसम में अपनी त्वचा का अत्यधिक ख्याल रखें। यहां दिए गए कुछ टिप्स, जो इस गर्मी में आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में आपकी मदद करेंगे।

**वाइप्स का यूज करें**- गर्मियां आपकी त्वचा के लिए कठोर हो सकती हैं और इसका ख्याल रखना जरूरी है। जिस तरह ठंडा पानी आपके सूखे गले को राहत देता है, उसी तरह जब चिलचिलाती गर्मी आपको परेशान कर रही हो तो गीले वाइप्स आपकी त्वचा को आराम पहुंचा सकते हैं। गर्मियों के दौरान अपनी त्वचा को साफ और तरोताजा रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने साथ गीले वाइप्स का एक पैकेट रखें। गीले वाइप्स आपकी त्वचा को जल्दी तरोताजा और साफ करने के लिए एक बेस्ट समाधान हैं, खासकर जब आप यात्रा पर हों। वेट वाइप्स गर्मियों के दौरान आपकी त्वचा पर जमा होने वाले पसीने, गंदगी और बैक्टीरिया को पोंछने के लिए एकदम सही हैं। यह आपकी त्वचा पर कोमल होते हैं और इनमें एक सुखद सुगंध होती है जो आपको तरोताजा महसूस कराती है। आप इनका इस्तेमाल अपने चेहरे, गर्दन, बाहों और शरीर के किसी भी अन्य हिस्से को साफ करने के लिए कर सकते हैं, जिसे सफाई की आवश्यकता है। इस बात का ध्यान रखें कि, ऐसे उत्पादों की तलाश करें जो आपकी त्वचा के लिए कोमल हों और कठोर रसायनों से मुक्त हों। ऐसे वाइप्स से बचें जिनमें अल्कोहल, सुगंध या परिरक्षक हों क्योंकि वे आपकी त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं और सूखापन पैदा कर सकते हैं।

**सनस्क्रीन का प्रयोग करें**- आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाना महत्वपूर्ण है, लेकिन सभी सनस्क्रीन समान रूप से प्रभावी नहीं होते हैं या उनमें समान तत्व नहीं होते हैं। गर्मियों के दौरान फुल लाइट टेक्नोलॉजी वाला सनस्क्रीन चुनना जरूरी है। यह तकनीक आपकी त्वचा को यूवीए और यूवीबी किरणों के साथ-साथ हानिकारक अवरक्त किरणों और ब्लू लाइट से बचाती है, सूरज के संपर्क में आने से होने वाली टैनिंग, लगातार रंजकता और समय से पहले बूढ़ा होने से रोकती है। चूंकि गर्मियों के दौरान सनस्क्रीन का उपयोग बढ़ जाता है, इसलिए इसे लगातार दोबारा लगाने की आदत को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हालांकि सनस्क्रीन सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन इसकी स्थिरता सीमित है, जो हानिकारक यूवी किरणों के खिलाफ तुरंत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार और दोबारा आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

# व्यक्तित्व दर्शन एवं कृति समीक्षा : 'व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय और उनकी कृति' 'सींग वाले गधे'

प्रतुल श्रीवास्तव


'सींग वाले गधे' पुस्तक पर चर्चा से पहले बात करते हैं इस कृति का सृजन करने वाले श्री प्रेम जनमेजय जी की। एक धारदार व्यंग्यकार के रूप में और 'व्यंग्य यात्रा' पत्रिका के माध्यम से व्यंग्य को प्रतिष्ठित व लोकप्रिय बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत प्रेम जनमेजय जी का नाम भी साहित्य जगत का घेरा तोड़कर सम्पूर्ण देश में कुछ उसी तरह चर्चित हो गया है जैसे मुंशी प्रेमचन्द और हरिशंकर परसाई का। जिन्होंने कभी इन्हें नहीं पढ़ा, जिन्हें साहित्य और व्यंग्य से कोई लेना देना नहीं वे आमजन भी इन्हें जानते हैं। साहित्य जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान से, उनकी सफलता से परिचित हैं। एक नजर में लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेने वाले, सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी जनमेजय जी अपनी 'सींग वाले गधे' पुस्तक के अपने कथ्य में पूरे होशोहवास में शपथ पूर्वक घोषित करते हैं कि 'न तो मैं जन्मजात साहित्यकार हूं न मेरा जन्म किसी साहित्यिक परिवार में हुआ है और न ही मेरे आस-पड़ोस में कोई छोटा बड़ा साहित्यकार रहता है....मेरे खानदान में लेखक नाम का कोई जीव भी नहीं था।' उनका यह कथन साबित करता है कि उनका लेखन अनुभव, साधना, आत्मावलोकन और सिंहावलोकन से गुजरता हुआ कागज पर उतरता है। यही उनकी व्यापक सफलता और यश कीर्ति का कारण है। वे कहते हैं कि उनके जीवन में परसाई साकार और निराकार दोनों रूपों में उपस्थित हैं। प्रेम जनमेजय लिखते हैं कि जो परसाई हिंदी व्यंग्य के रक्षक दिखाई देते थे एक समय वही परसाई व्यंग्य के स्वतंत्र स्वरूप को सिरे से नकारने लगे। हरिशंकर परसाई ने घोषणा कर दी कि व्यंग्य कोई विधा नहीं है, उसका कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं। परसाई ने यहां तक लिखा कि उन्होंने कहानी, संस्मरण, निबंध आदि ही लिखे हैं। सारा प्रगतिशील खेमा व्यंग्य विरोधी हो गया। परसाई ऐसी ऊंचाई पर थे कि उनका विरोध करने का साहस किसी में नहीं था। ऐसे समय प्रेम जनमेजय ने दुरुतविलंबित स्वर में अपना च्चविधा राग, मध्यम स्वर में ही सही चालू रखा। अगस्त 2012 में साहित्य अकादमी उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान एवं 'व्यंग्य यात्रा' के संयुक्त तत्वावधान में व्यंग्य केंद्रित दो दिवसीय आयोजन में 'व्यंग्य विधा आंदोलन' को संजीवनी मिली। प्रेम जी ने लिखा है कि हिंदी साहित्य के जिन भारी भरकम हित चिंतकों ने व्यंग्य को अन्य विधाओं की पंगत में बैठाने का महापाप किया है जिसका प्रायश्चित नहीं हो सकता..... व्यंग्य लेखन एक गंभीर कर्म है।

निःसंदेह प्रेम जनमेजय के संपादकत्व में 'व्यंग्य यात्रा' में व्यंग्य पर गंभीर लेख आते रहते हैं- व्यंग्य क्या है, कहां से पैदा होता है, व्यंग्य का कौन सा तत्व है जिसके बिना रचना सब कुछ हो सकती है लेकिन व्यंग्य रचना नहीं बन सकती। व्यंग्य की दशा और दिशा क्या है-वह किस ओर जा रहा है आदि आदि। मेरे (लेखक के) अनुसार तो व्यंग्य भेदभाव, विसंगतियों, असफलता, अपमान, ईर्ष्या, निराशा आदि की पृष्ठभूमि में जन्मता और पनपता है। यहां यह भी बताना आवश्यक है कि सामान्य



शब्द अथवा वाक्य जिसमें कहीं कोई व्यंग्य नहीं है केवल उच्चारण के प्रस्तुतिकरण के तरीके से अलग अलग अर्थ प्रकट करता है। नारद मुनि मात्र नारायण-नारायण भी भिन्न-भिन्न अवसरों पर भिन्न-भिन्न तरह से बोलते दिखाए जाते हैं। कभी उनके नारायण-नारायण कहने में अपने इष्ट के प्रति भक्ति भाव प्रकट होता है, कभी श्रद्धा, कभी प्रश्न, कभी शंका तो कभी व्यंग्य। अतः व्यंग्य लिखा जाता है, पढ़ा जाता है, किंतु व्यंग्य केवल शब्दों की नाव पर ही सवारी नहीं करता, शब्दों के प्रकटीकरण का तरीका भी व्यंग्य को जन्म देता है। जिस तरह परिस्थितियों वश मनुष्य में प्रेम, दया, करुणा, भय, क्रोध, ईर्ष्या पैदा होते हैं उसी तरह व्यंग्य भी जन्म लेता और प्रकट होता है। कभी शब्दों के माध्यम से, कभी वाणी के माध्यम से, कभी हाव-भाव से तो कभी सिर्फ नजरों से अतः व्यंग्य एक भाव भी है और इस दृष्टि से मुझे हर व्यक्ति में जब-तब व्यंग्यकार नजर आ जाता है ।

अस्तु, आज के व्यंग्यकारों को प्रेम जी आधा कबीर मानते हैं, क्योंकि कबीर निर्भीक होकर सीधा प्रहार करते थे, आज के व्यंग्यकार बचकर प्रहार करते हैं। हरिशंकर परसाई जन्मशती 2023 में प्रकाशित प्रेम जनमेजय जी की कृति 'सींग वाले गधे' में प्रकाशित उनका कथ्य साबित करता है कि परसाई की




रचनाओं, विषयों, लेखन और शैली के प्रशंसक जनमेजय बचकर आधा प्रहार करने वाले व्यंग्यकार नहीं हैं, वे कबीर की तरह निर्भीकता से पूरा प्रहार करने वाले सशक्त व्यंग्यकार हैं।

अब पुस्तक पर आते हैं। जिस रचना 'सींग वाले गधे' पर पुस्तक का नाम कारण हुआ उसे पुस्तक में प्रथम क्रम में रखा गया है। इसमें करोनाकाल की विषम परिस्थितियों, परेशानियों में फंसे हुए लोगों और लाभार्थियों पर करारा व्यंग्य है। किन शक्ति संपन्न लोगों को भारी-भरकम कहा जाता है सब जानते हैं। प्रेम जी लिखते हैं- 'भारी-भरकम जी भी किसी करोना से कम नहीं हैं। भारी भरकम जी किसी के पीछे पड़ जाएं तो उसका लॉकडाउन करवा देते हैं।' वे आगे लिखते हैं- 'वह तालियों के बाजार के थोक व्यापारी हैं। कब किसके लिए तालियां बजवानी हैं और किससे बजवानी हैं- ताली शास्त्र के वे ज्ञाता हैं।' ....'वह बेचारे इसलिए हैं कि मास्टर हैं। वह डबल बेचारा इसलिए है कि हिंदी का मास्टर है ।' ....'भक्त तो पद पर बैठे सींगधारी के भक्त होते हैं। इसलिए समझदार गधे निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं कि उनके सिर से सींग गायब न हों और वे दुधारु पद पर बने रहें।' दूसरे क्रम के आलेख का शीर्षक है- 'हा! हा! श्री की दुर्दशा देखी न जाई।' इसमें प्रश्न किया गया है कि 'क्या अवतार लेने का अधिकार प्रभु को है, देवियों को नहीं?' ....देश का कानून कहता है कि हर किसी को भागने का अधिकार है। 'दो वैष्णवन की वार्ता' शीर्षक लेख में उनके सीधे तीखे व्यंग्य हैं- 'जुगाड़ जम जाए तो आदमी जनसेवक से राजा बन जाता है' ....'पुरस्कार अच्छे-अच्छों को ज्ञानी बना देवे है।' ....'जब से भगवान के कारण सत्ता मिलनी प्रारंभ हुई है हर पार्टी के अपने अपने भगवान हो गए हैं।' जुगाड़ू की शक्ति बताते हुए प्रेम जी लिखते हैं कि - 'जुगाड़ू के लिए का लंदन का अमेरिका।' 'जैसे जिनके दिन फिरे', करारी व्यंग्य रचना है जिसमें राधेलाल के माध्यम से चुनाव और लोकतंत्र पर प्रहार है। .... 'फिरते होंगे घूरे के दिन बारह बरस में, आजकल तो पांच बरस में फिरते हैं।' 'अथ पुरुष स्त्री संवाद' में पुरुष पर स्त्री के सटीक तीखे प्रहार हैं। पुरुष निरुत्तर है। 'बसंत चुनाव लड़ रहा है' में प्रेम जी कहते हैं- उसे अब पास वास होकर क्या करना है। अब तो वह जल्द शिक्षा मंत्री बनेगा और औरों को पास करेगा। उसे टिकट मिल गया है। जल्द वह देश का कर्णधार बनने वाला है।' 'बुरा न मानो साहित्यिक छापे हैं'- रचना की शुरूआत ही तीखी टिप्पणी से होती है- 'वह छोटा व्यापारी था अतः बड़े आयकर अधिकारी के सामने त्राहिमाम की मुद्रा में बैठा था। बड़ा व्यापारी होता तो आयकर अधिकारी उसके सामने भिक्षामदेहि की मुद्रा में बैठा होता।' पुस्तक के 15 वें क्रम पर रचना है- 'ओबे मास्टर जी!' व्यंग्य का पैनापन देखिए, आकाशवाणी हुई- ओबे मास्टर जी! कैसा है? मैं चौंका, बेशर्ममेव जयते के युग में, मुझ रिटायर्ड स्कूल मास्टर को 'जी' लगाकर पुकारने वाला कौन है? कौन है जो देश का हाल न पूछकर मुझ अनुत्पादी मास्टर का हाल पूछ रहा है।

'चुनाव लीला समाप्त आहे' चुनाव के साथ प्रभु चर्चा व्यंग्य के साथ हास्य भी पैदा करती है। भक्तों को दर्शन के लिए ऑनलाईन पंजीकरण और व्ही.आई.पी. तथा आम भक्त की चर्चा देश के धर्म क्षेत्र का सच प्रकट कर रही है। 'चौराहे पर इतिहास' नामक रचना में प्रेम जनमेजय लिखते हैं- प्रजातंत्र की मांग पर देश कभी तिराहे, कभी दोराहे, कभी इक राहे पर खड़ा होता है, जैसे बाजार की मांग पर उपभोक्ता खड़ा होता है। 'इश्क नहीं आसां' में लिखते हैं कि अब मजनूं सावधान हो गए हैं। सब्जी मंडी में छेड़ते, छिड़ते नहीं हैं। किसी मॉल में सुरक्षित छिड़न-छिड़ाई करते हैं। देश के सेवक भी तो देश के साथ सांसद में सुरक्षित छिड़न-छिड़ाई करते हैं। 'वाह री बाढ़' में राहत वितरण का वास्तविक चित्र दिखाया गया है- 'हम बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अफसर हैं सरकार से बाढ़ नियंत्रण के लिए जो राहत मिलेगी उसे हम ही तो बांटेंगे। पिछली बाढ़ आई थी तो हमने ये टॉप फ्लोर लिया था।' आगे एक प्रसंग पर वे लिखते हैं - 'मुर्दे की भी हैसियत होती है, देश सेवक मरता है तो उसके लिए कम से कम चार एकड़ में समाधि बनती है।'

167 पृष्ठीय, चार सौ रुपए मूल्य की इस सजिल्द पुस्तक 'सींग वाले गधे' को विद्या विहार, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें 40 रचनाएं हैं। अनेक रचनाएं कोरोना और लॉक डाउन की परिस्थितियों पर भी व्यंग्य करती हैं। सहज, सरल, प्रवाहपूर्ण भाषा शैली में रचित गंभीर व्यंग्य, विसंगतियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए न सिर्फ पाठकों को सोचने पर विवश करते हैं बल्कि उनमें आक्रोश भी पैदा करते हैं। इनमें हास्य नहीं किंतु विभिन्न प्रसंगों में कहीं-कहीं पाठकों के होंठों पर मुस्कान अवश्य उभरती है।

जनमेजय के रचना संसार में अब तक शामिल व्यंग्य संकलन हैं- राजधानी में गंवार, बेशर्ममेव जयते, कौन कुटिल खलकामी, कोई में झूठ बोल्या, हंसो-हंसो यार हंसो आदि। तीन व्यंग्य नाटक हैं- क्यूं चुप तेरी महफिल में, इर्दम-गिर्दम अहं स्मरामि (संस्मरण) एवं स्मृतियन के घाट पर जनमेजय चंदन घिसें (संपादन) के अतिरिक्त व्यक्ति और व्यक्तित्व चर्चा पर भी उनकी अनेक कृतियां हैं। प्रेम जी को श्रेष्ठ सृजन पर अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं। प्रेम जनमेजय की शैली भले ही व्यंग्य बाणों से भरी हो किंतु उनका सृजन उन्हें चिंतक-विचारक साबित करता है।

# जंगल में 'सीक्रेट एजेंट' जैसी होती हैं मकड़ियां, जाले से बिछता है 'जासूसी' का खेल

नई दिल्ली

अपने घरों में, गार्डन में या बाहर कहीं जंगल में मकड़ी का जाला आपने भी देखा होगा। आमतौर पर माना जाता है कि मकड़ी इस जाले का इस्तेमाल अपने शिकार को फंसाने के लिए करती है। जैसे ही कोई छोटा जीव उनके इस जाल में फंसता है, वो उसे अपना निवाला बना लेती हैं। लेकिन अब, मकड़ी के इस जाले का एक ऐसा सच सामने आया है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। न्यूयॉर्क की बिंगहैमटन यूनिवर्सिटी में मकड़ी के जाले पर रिसर्च हुई है। रिसर्च में बताया गया है कि मकड़ी के लिए उसका ये जाला किसी जासूस से कम नहीं है।



बिंगहैमटन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को अपनी रिसर्च में पता लगा कि मकड़ियां अपने जाले का इस्तेमाल एक बड़े माइक्रोफोन के तौर पर करती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मकड़ी के जाले का रेशम, बहुत ज्यादा संवेदनशील और लंबी दूरी के शोर का पता लगाने के लिए ध्वनि क्षेत्र में कणों की गति के आधार पर काम करता है। इंसानों के कान के पर्दे और पारंपरिक माइक्रोफोन ध्वनि की दबाव तरंगों का पता लगाते हैं, लेकिन मकड़ी के जाले का इस्तेमाल बिल्कुल अलग है। मकड़ी के जाले का रेशम ध्वनि तरंगों की तरफ से धकेले जाने पर वायु कणों के वेग में होने वाले बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हैं।

### मकड़ी के जाले में ध्वनि पहचान की अद्भुत क्षमता

रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों ने बताया कि बहुत ज्यादा संवेदनशीलता और लंबी दूरी की ध्वनि पहचान के लिए मकड़ी के जाले में अद्भुत क्षमता होती है। इनका जाल आवाज की आवृत्तियों की एक बड़ी सीरीज के लिए ध्वनि के कण वेग के आधार पर सूचना देता है। इस रिसर्च को लीड करने वाले प्रोफेसर रोनाल्ड माइल्स ने कहा, ध्वनि सुनने में सक्षम ज्यादातर कीट किसी आवाज को सुनने के लिए अपने बारीक बाल या अपने एंटीना का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इनके ये अंग उस आवाज के दबाव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। ये बारीक अंग ध्वनि क्षेत्र में हवा की गति पर प्रतिक्रिया देते हैं।

### कैसे खुला मकड़ी के जाले का राज

प्रोफेसर रोनाल्ड माइल्स ने आगे बताया, मैंने सोचा कि किसी तरह से एक इंजीनियर्ड डिवाइस बनाई जाए, जो ध्वनि से उठे हवा के वेग पर भी प्रतिक्रिया करने में सक्षम हो। हमने अलग-अलग मानव निर्मित ऐसे फाइबर के जरिए कोशिश की, जो बहुत पतले थे, लेकिन साथ ही ये बहुत नाजुक भी थे और उनके साथ काम करना मुश्किल था। उसी दौरान, डॉक्टर जियान झोउ हमारे परिसर में बने नेचर रिजर्व क्षेत्र में घूम रहे थे और उन्होंने हवा में उड़ता हुआ एक मकड़ी का जाला देखा।

### फिर ऐसे आगे बढ़ी रिसर्च

प्रोफेसर रोनाल्ड माइल्स के मुताबिक, उस डिवाइस को बनाने से पहले हमारी टीम को यह साबित करना था कि मकड़ी के जाले वास्तव में ध्वनि से उठे हवा के वेग पर प्रतिक्रिया करते हैं। इस सिद्धांत का टेस्ट करने के लिए हमने अपनी प्रयोगशाला की खिड़कियां खोलकर वहां बने मकड़ियों के जाले की जांच की। हमारी रिसर्च टीम ने मकड़ियों के लिए 1 हर्ट्ज से 50 किलोहर्ट्ज तक की ध्वनि बजाई और लेजर वाइब्रोमीटर से मकड़ी के रेशम की गति को मापा। रिसर्च में पता चला कि रेशम का ध्वनि-प्रेरित वेग उसके आसपास की हवा में उपस्थित कणों के समान ही था। और इससे उस सिस्टम का पता चला, जिसका इस्तेमाल मकड़ियां अपने शिकार का पता लगाने के लिए करती हैं। प्रोफेसर माइल्स ने आगे कहा, चूंकि मकड़ी का रेशम, निश्चित तौर पर मकड़ियों द्वारा ही बनाया जाता है, इसलिए इसे हर साल बनने वाले अरबों माइक्रोफोनों में शामिल करना संभव नहीं है। हालांकि, ये हमें इस बारे में बहुत कुछ सिखाता है कि माइक्रोफोन में कौन से यांत्रिक गुण जरूरी हैं और यह पूरी तरह से हमारे नए डिजाइनों को सपोर्ट कर सकता है।

# ईरान ने बनाई हैं अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी

## दावा- इनको सुरंग नेटवर्क से जोड़कर बना रहा है परमाणु हथियार

तेहरान

ईरान के बारे में दावा है कि उसने जमीन के नीचे मिसाइल रखे हुए हैं और वह नई पीढ़ी के भयानक हथियार बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पश्चिम और विशेष रूप से इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने अपने परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करना जारी रखा है। परमाणु हथियार विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि तेहरान अपने सीक्रेट परमाणु केंद्रों में से एक से छह महीने में एक बम बना सकता है। द सन की रिपोर्ट कहती है कि इन केंद्रों को ईरान ने विशाल सुरंगों के जाल के जरिए जोड़ा हुआ है। इनका सटीक स्थान ज्ञात नहीं है लेकिन ऐसा माना जाता है कि ईरान ने राजधानी के बाहर कम से कम सात अलग-अलग स्थानों पर परमाणु हथियार छिपाए हैं। ये सभी जमीन के नीचे 1,640 फीट की गहराई पर दबे हुए हैं।

इन परमाणु ठिकानों में सड़क-मोबाइल ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर ट्रक और दूसरे हार्डवेयर के साथ भूमिगत ठिकानों से लॉन्च करने के लिए तैयार की गई अलग-अलग रेंज की मिसाइलें हैं। 2015 में इन भूमिगत स्थलों में से एक से एक का वीडियो जारी किया गया था। इसके बाद ब्रिगेडियर जनरल अमीर अली हाजीजादेह ने कहा था कि ईरान के मिसाइल अड्डे पृथ्वी की गहराई से ज्वालामुखी की तरह फूट सकते हैं। पिछले महीने ईरान ने घरेलू हमले वाले ड्रोनों के अपने तेजी से बढ़ते शस्त्रागार में जोड़ने के लिए एक नए आत्मघाती ड्रोन के निर्माण की घोषणा की थी। ईरान ने पश्चिम के देशों के प्रतिबंधों और हथियार प्रतिबंध के बावजूद मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) की अपनी उत्पादन लाइन का आक्रामक रूप से विस्तार किया है। हालांकि जमीन के नीचे वे और क्या बनाते हैं, यह अभी देखा जाना बाकी है लेकिन ईरान ने इजरायल के साथ कुछ समय हुई तनातनी में ये जरूर दिखाया है कि उसके पास भी हथियारों का जखीरा है। ईरान ने इजरायल पर 350 से अधिक हमलावर ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। इजरायल की ओर से ईरानी शहर इस्फहान पर हमला किया गया था। ऐसा माना गया था कि वहां परमाणु स्थल एक था, जिसे इजरायल ने निशाना बनाया। हालांकि किसी भी परमाणु केंद्र पर हमला होने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। 2019 के बाद से ईरान ने समृद्ध यूरेनियम की मात्रा 997 किलोग्राम से बढ़ाकर 5,525 किलोग्राम कर दी है। पिछले साल ही इसमें 38 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। सैटेलाइट तस्वीरों में भी गुप्त ईंधन संवर्धन परिसर में गतिविधि देखी गई है। एक जटिल सुरंग नेटवर्क के पास बना यह परिसर कुहे कोलांग गाजला पहाड़ में स्थित है। कई विशेषज्ञों को चिंता है कि ईरान परमाणु बम बना सकता है, इसके लिए वह गुप्त बंकर का इस्तेमाल कर सकता है। ईरान परमाणु समझौते में सहयोग करने में ईरान की अनिच्छा के बाद पश्चिम के लिए यह पता लगाना अविश्वसनीय रूप से कठिन है कि वे क्या कर रहे हैं। ज़ाग्रोस पहाड़ों से घिरा नतान्ज का सुरंग परिसर ईरान के दूसरे प्राथमिक भूमिगत संयंत्र- फोर्डो संवर्धन केंद्र से भी अधिक गहरा है। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि यह 100,000 वर्ग मीटर को कवर करता था, इसे आठ मीटर भूमिगत दफनाया गया था और 2.5 मीटर मोटी कंक्रीट की दीवारों से घिरा हुआ था।




### बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजरः जयशंकर

नयी दिल्ली, (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है। डॉ जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज़ गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24गुणा7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद न्याय की मांग करने के लिए प्रदर्शनकारी कुरमंजन दतका स्ट्रीट और चुय एवेन्यू के चौराहे के पास एकत्र हुए।

# कैसे हुआ था मिस्र के पिरामिडों का निर्माण, रहस्य सुलझा

काहिरा

मिस्र के गीजा में हजारों साल पहले बने विश्व प्रसिद्ध पिरामिडों के बारे में वैज्ञानिकों ने नया दावा किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने आखिरकार सदियों पुराने इस रहस्य को सुलझा लिया है कि 4,000 साल से भी पहले मिस्र में गीजा के ग्रेट पिरामिड सहित 31 पिरामिडों का निर्माण कैसे किया गया था। वैज्ञानिकों ने इस बात को नकारा है कि इनके बनाने के पीछे कोई दैवीय शक्ति या एलियन की मदद थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पिरामिडों के निर्माण में अलौकिक प्राणियों की ओर से मदद नहीं से नहीं था।



सऊदी गजेट की रिपोर्ट के मुताबिक, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना विलमिंगटन के शोधकर्ताओं की एक अभूतपूर्व खोज से पता चलता है कि ये पिरामिड नील नदी की एक दबी हुई ब्रान्च के किनारे बनाए गए थे, जो रेगिस्तानी रेत और खेतों के नीचे छिपी हुई थी। बहुत सालों से पुरातत्वविदों ये अनुमान जाहिर करते रहे हैं कि प्राचीन मिस्रवासियों ने पिरामिड निर्माण के लिए आवश्यक बड़े पत्थर के ब्लॉक और अन्य सामग्रियों के परिवहन के लिए जलमार्ग का उपयोग किया था। हालांकि इस जलमार्ग का सटीक स्थान अभी भी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### नई रिसर्च में अहरामत का ज़िक्र

नए अध्ययन में कहा गया है कि तकरीबन 64 किलोमीटर (39 मील) लंबी नई खोजी गई अहरामत शाखा का इस्तेमाल पिरामिड स्थलों तक श्रमिकों और निर्माण सामग्री के लिए परिवहन जलमार्ग के रूप में किया जाता था। शोधकर्ताओं ने इस छिपी हुई शाखा को मैप करने के लिए रडार उपग्रह डेटा, भूभौतिकीय सर्वेक्षण और मिट्टी कोरिंग के कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल किया है।

अध्ययन के अनुसार, मिस्र में अनगिनत घाटी मंदिर अभी तक नहीं पाए गए हैं और इसलिए अभी भी अहरामत शाखा के नदी तट के किनारे कृषि क्षेत्रों और रेगिस्तानी रेत के नीचे दबे हो सकते हैं। नदी की यह शाखा क्यों सूख गई या गायब हो गई, इसके कारण अनिश्चित बने हुए हैं। रिसर्चर इमान घोनीम का कहना है कि इसकी सबसे अधिक संभावना है कि सूखे और मरुस्थलीकरण की अवधि के कारण क्षेत्र में रेत बह गई, जिससे नदी में गाद जमा हो गई और ये सूख गई।

# मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया: तेजस्वी

छपरा, (वार्ता)

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिये क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण संसदीय क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्य के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है। दस साल किसान कंगाल, दस साल युवा-छात्रा बेहाल, दस साल तरक्की फटे-हाल, दस साल प्रगति का बुरा हाल, दस साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मालामाल, दस साल फैलाया महा-जाल, दस साल बर्बाद भविष्य-काल, दस साल उम्मीदों का इंतकाल, दस साल भाषणों का भंवर-जाल, दस साल व्यापारियों का जी का जंजाल। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए यानि हर महीने 8,333 मिलेंगे। 10 किलो राशन मिलेगा। सिलेंडर सस्ता होगा। महंगाई कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 से ज्यादा सभा बिहार में कर चुके हैं और यहां रात्रि विश्राम भी कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद बिहार के मुद्दे पर बात नहीं कर रहे। बिहार में लोकल मुद्दे पर चुनाव हो रहा है जबकि राष्ट्रीय मुद्दे को जबरन थोपा जा रहा है। छपरा की अधिकांश समस्याएं जस की तस है और यहां के सांसद पूरी तरह से विफल साबित हुए है। दवाई, सिंचाई, पढ़ाई, महंगाई, कमाई, रोजगार ये सब लोकल मुद्दे इस समय देश में हावी हैं लेकिन पीएम मोदी जब जब बिहार आते हैं केवल हवा हवाई बातें करते हैं।



### उत्तर कोरिया ने सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

प्योंगयांग, (वार्ता) उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने परीक्षण का निरीक्षण किया और स्वतंत्र विकास और स्वायत्तता नेविगेशन प्रणाली के सफल परिचय के परिणामस्वरूप सैन्य रणनीतिक मूल्य पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

# भाजपा का विभाजनकारी सपना कभी हकीकत नहीं बनेगा: स्टालिन

चेन्नई, (वार्ता)

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कड़ा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि भाजपा का विभाजनकारी सपना सच नहीं होगा और विपक्ष के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की जीत होगी। श्री स्टालिन ने आज सुबह यहां एक बयान में श्री मोदी के हालिया भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा का विभाजनकारी सपना कभी सच नहीं होगा। उनके द्वारा बोला गया झूठ टूट जाएगा और नफरत दूर हो जाएगी, इंडिया गठबंधन जीतेगा। उन्होंने आरोप लगाया, लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के जीत की ओर बढ़ने से डरकर श्री मोदी अपने पद की गरिमा भूल गए हैं और रोजाना झूठ बोलने के अभियान में लगे हुए हैं और नफरत के बीज बो रहे हैं। लोग सदमे और दुख के साथ प्रधानमंत्री के गैर-जिम्मेदाराना भाषण और चुनाव आयोग की चुप्पी देख रहे हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई करने के लिए बाध्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर पिछड़े वर्गों, एमबीसी और आदिवासी समुदायों के जीवन में रोशनी लाने के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक दल जो सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध हैं, इस मांग पर दबाव डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने श्री मोदी पर अपने हमले को और तेज करते हुए कहा कि चूंकि सांप्रदायिक नफरत के भाषणों से वांछित परिणाम नहीं मिले हैं इसलिए प्रधानमंत्री ने राज्यों के बीच टकराव पैदा करने की चाल का सहारा लिया है। उन्होंने कहा, श्री मोदी ने झूठ का पुलिंदा फैलाया है कि दक्षिणी तमिलनाडु के नेताओं ने उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए अपमानजनक टिप्पणियां की हैं।



### अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है: ट्रम्प

वाशिंगटन, (वार्ता) अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। श्री ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह देश को चलाने वाले लोग हैं, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

### कांस फिल्म फेस्टिवल मे ऐश्वर्या राय और किायारा आडवाणी ने बिखेरा जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी ने कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेरा है। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक ने लोगों का ध्यान खींचा। वहीं कान्स में डेब्यू करने वाली कियारा आडवाणी का पहला लुक भी चर्चा में है। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के पहले दिन ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। पहले दिन के बाद वह दूसरे दिन भी अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चा में रहीं। वहीं, ऐश्वर्या के अलावा लोगों की नजरें कियारा आडवाणी पर भी टिकी हैं, जो इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं।कियारा आडवाणी ने रेड कार्पेट से पहले मीडिया इंट्रैक्शन के लिए रेडी लुक से ही सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। रेड कार्पेट पर वॉक करने से पहले कियारा ने फ्रेंच रिवेरा से अपना पहला लुक फैंस के लिए शेयर किया था। उन्होंने डीप नेकलाइन और थाई-हाई स्लिट व्हाइट गाउन में स्टाइलिश एंट्री ली है। सेलिब्रिटी डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कियारा किसी अप्सरा से कम नहीं लगीं।

कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कैमरे के सामने पोज देती नजर आ रही हैं। वीडियो में कियारा व्हाइट हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं, जिसमें डीप नेकलाइन है। उन्होंने मैचिंग ईयररिंग्स और हील्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कियारा आडवाणी स्टाइलिश अंदाज में कार से बाहर उतरती हैं और कैमरे के सामने किलर पोज देने लगती हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





### स्लो जो में मुख्य भूमिका निभायेंगे जैकी श्रॉफ

अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के निर्देशन में बन रही बायोपिक स्लो जो में जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। सिंगापुर प्रोडक्शन हाउस हेज़लनट मीडिया के सह-सीईओ इसाबेला ब्रेवाशी सेन और ओलिवियर डॉक द्वारा निर्मित, बहुप्रतीक्षित बायोपिक स्लो जो से प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेत्री और निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के निर्देशन में कदम रखा है। प्रतिष्ठित अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ सहयोग करते हुए, बोनेयर दिवंगत भारतीय संगीतकार जोसेफ मैनुअल दा रोचा, जिन्हें प्यार से स्लो जो के नाम से जाना जाता है, के जीवन की इस मनोरम सिनेमाई यात्रा को संचालित करने के लिए अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आए हैं। डॉक ने कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय कहानी को स्क्रीन पर लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं, और इस परियोजना में जैकी और सैंड्रिन को लेकर हम बेहद खुश हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा,मैं स्लो जो के निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। उनकी असाधारण प्रतिभा और दूरदृष्टि निस्संदेह फिल्म को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। ऐसे सम्मानित फिल्म निर्माता के साथ काम करना एक सम्मान की बात है, और मैं स्लो जो की असाधारण यात्रा को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्सुक हूं।

बोनेयर ने कहा,जोसेफ मैनुअल दा रोचा की कहानी मूविंग और एक्सट्रा ऑर्डिनरी है, जो दर्शाती है कि प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और अपने सपनों को हासिल करना नामुमकिन नहीं है। मैं प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं और फिल्म की शूटिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतज़ार है।



### कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बने किंग

गायक किंग कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बन गये हैं। किंग ने 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के चौथे दिन इतिहास रच दिया और प्रतिष्ठित रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बन गए। किंग की उपस्थिति भारतीय संगीत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।डिजाइनर अनामिका खन्ना का शानदार सिल्क ब्लेज़र पहने किंग ने रेड कार्पेट पर उतरते समय करिश्मा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। किंग ने कहा, कान्स। बहुत खूब। यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं था, यह वहां मौजूद सभी प्रतिभाशाली भारतीय संगीतकारों का प्रतिनिधित्व करने के बारे में था। कान्स एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह लगा, दुनिया को यह दिखाने का मौका कि भारतीय संगीत क्या कर सकता है। मैं एक भारतीय डिज़ाइनर पोशाक पहनना चाहता था और अपने देश का एक हिस्सा अपने साथ लाना चाहता था।



# ग्राम पंचायत खमरौध द्वारा नहीं किया जा रहा ऑपरेटर का भुगतान

### कलेक्टर के पास भी की गई शिकायत

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरौध में संचालित नल जल योजना के तहत कार्य कर रहे ऑपरेटर को ग्राम पंचायत के द्वारा उसकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे वह ऑपरेटर परेशान है और उसका कहना है कि मैं अब इसकी शिकायत अंतिम बार जनपद पंचायत में करूंगा और यह बताऊंगा कि नल जल योजना के तहत जो बोर करवाया गया है वह मेरे निजी स्वामित्व की भूमि पर है और यदि मेरा मजदूरी का भुगतान नहीं दिया जाता तो मैं उसे बंद करते हुए अपने उपयोग में ले लूंगा।






### यह है मामला

ग्राम पंचायत खमरौध में वर्ष 2018 में नल जल योजना का कार्य संचालित किया गया था और लगभग 4 साल तक ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई का कार्य करवाया जा रहा था। और उसमें नारायण यादव निवासी खमरौध को ऑपरेटर के रूप में रखा गया था और ठेकेदार के द्वारा बकायदे उसकी मजदूरी का भुगतान किया जा रहा था। सरपंच की देखरेख में- वर्ष 2022 से ग्राम पंचायत खमरौध के सरपंच सचिव की देखरेख में नल जल योजना का कार्य शुरू किया गया और 1 नवंबर 2022 को ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम सभा में बैठक कर नारायण यादव को लिखित में देते हुए कहा गया कि अब से ग्राम पंचायत के द्वारा नारायण यादव को ऑपरेटर के रूप में रखा जा रहा है और इसी की देखरेख में नल जल योजना संचालित की जाएगी और इसके द्वारा नल जल योजना की वसूली का कार्य भी किया जाएगा और उसमें से जो राशि आएगी उसे इसकी मजदूरी का भुगतान किया जाएगा एवं हर महीने की अंतिम तारीख को ग्राम पंचायत में आय व्यय पेश किया जाएगा। नारायण यादव के द्वारा नल जल योजना की ऑपरेटिंग एवं विद्युत सुधार कार्य एवं वसूली की जाती थी और वसूली की राशि ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को बकायदे जमा की जाती थी।

### 6000 की मजदूरी में रखा गया था

ऑपरेटर नारायण यादव का कहना है कि मुझे ग्राम पंचायत के द्वारा हर महीने 6000 रुपए की मजदूरी दर में रखा गया था। नारायण यादव का कहना है कि मैं बर्ष 2024 तक निरंतर पानी चालू कर पूर्ण गांव को पानी देता था और बिगड़े हुए लाइट विद्युत समस्या से लेकर पानी कनेक्शन तथा सुधार करना बिल वसूली करना पानी मोटर द्वारा टैंकर भरना सभी कार्य करता था जिसका भुगतान आज तक सरपंच सचिव के द्वारा नहीं किया गया मांगने पर कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है शिकायत कर दो। नारायण यादव ने बताया कि मेरी मजदूरी का भुगतान 66000 रुपए ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

### कलेक्टर के पास भी की शिकायत

ऑपरेटर नारायण यादव का कहना है कि मेरे द्वारा जिला कलेक्टर अनूपपुर को मार्च महीने में शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि मेरा मजदूरी का भुगतान 66000 रुपए ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा उक्त विभाग एवं जिला दंडाधिकारी को करते हुए सात दिवस के अंदर भुगतान करने की बात कही थी। लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है और मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उसने लिखित शिकायत में बताया था कि मेरी मजदूरी का भुगतान यदि नहीं किया गया तो मेरे स्वामित्व की भूमि पर नल जल योजना के तहत बोर का कार्य कराया गया है जिसकी सहमत भी नहीं ली गई है। जिससे मैं परेशान होकर उस बोर के माध्यम से खेती किसानी का कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करूंगा। उसने शिकायती पत्र में यह भी बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा दूसरे ऑपरेटर को कार्य में रख लिया गया है। और मेरे मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मैं और मेरा परिवार भूखो मरने की स्थिति में है। उसने जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र देते हुए मजदूरी भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत के द्वारा नल जल का कार्य नारायण यादव से करवाया जा रहा था लेकिन इतनी मजदूरी में नहीं रखा गया था मुझे ग्राम पंचायत के माध्यम से जानकारी मिली थी की उसके द्वारा कुछ अनियमितता भी की गई है। मैं सत्यता की जांच करवा लेता हूं।

**लाल बहादुर वर्मा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत कोतमा**



# नदी अनुरागी अनिल माधव दवे को घाट सफाई से दी श्रद्धांजलि

**अमरकंटक (स्वतंत्रमत)।** अनिल माधव दवे राज्यसभा सदस्य तथा भारत सरकार में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री थे। इन्होने अपने जीवनकाल में रहते हुए माँ नर्मदा और उनकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए अनेको कार्य किये आपको नर्मदा भक्त नर्मदा सुत, पर्यावरण विद के नाम से भी संबोधित करते है। इन्होने नर्मदा समग्र न्यास के नाम से एक सामाजिक संस्था का गठन किया था जो कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से बहने वाली जीवन दायनी माँ नर्मदा के संरक्षण के लिए कार्य करती है। आपके कार्यो से प्रेरणा लेकर आज हजारो कार्यकर्ता एवं संस्थाए नर्मदा के संरक्षण कार्य में नर्मदा समग्र के साथ जुड़कर कार्य कर रही है नर्मदा समग्र इनकी पूण्यतिथि 18 मई को संकल्प दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाता है इस अवसर पर अमरकंटक की घाट टोली ने बांधा माधव सरोवर में मां नर्मदा के दक्षिण तट पर घाट सफाई अभियान चलाया, इसी के साथ अमरकंटक घाट टोली ने स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान चलाकर माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने की अपील के साथ अनिल माधव दवे को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रमों में प्रमुख कार्यकर्ता दिनेश साहू, शिव खैरवार, ओम प्रकाश उईके, बलराम महोबिया, चेतराम प्रधान, प्रदुम्न कुमार के साथ अनेको कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए ।

नर्मदा समग्र एक प्रयत्न है। नर्मदा नदी, एक जल स्त्रोत, एक आस्था को स्वस्थ, सुंदर और पवित्र बनाये रखने का यह एक प्रयास है। विश्व की अधिकांश संस्कृतियों का जन्म व विकास नदियों के किनारे हुआ है। भारत के ऋषियों ने पर्यावरण संतुलन के सूत्रों को ध्यान में रखकर समाज की नदियों, पहाडों, जंगलों व पशु-पक्षियों सहित पूरे संसार की ओर देखने की विशेष सह अस्तित्व की अवधारणा का विकास किया। उन्होंने पाषाण में भी जीवन देखने का मंत्र दिया। ऐसे प्रयत्नों के कारण भारत में प्रकृति को समझने व उससे व्यवहार करने की आदान-प्रदान के भाव से युक्त परम्पराओं का विकास हुआ। जिओ और जीने दो जैसी मान्यताएं विकसित हुईं। पेड-पौधे, पशु, पानी सभी पूज्य हो गए। समय के साथ चलते-चलते जब परम्पराएं बगैर समझे निबाही जाने लगीं तो वे रूढयाँ बन गईं। आंखें तो रहीं लेकिन दृष्टि बदल गई। इसने सह अस्तित्व के सिद्धान्त को बदलकर न जियेंगें न जीने देंगें जैसे विकृत सोच का विकास किया। इसी का परिणाम रहा कि नदी व पहाड, पशु व पेड सब अब मरने लगे हैं। नर्मदा जैसी प्राचीन नदी भी इस व्यवहार से नहीं बच पा रही है। उसका अस्तित्व संकट में है।

जंगल कट रहे हैं, नदी का जल कम हो रहा है और प्रदूषण लगातार बढ रहा है। नर्मदा से सभी को पानी चाहिए, किन्तु नर्मदा में पानी कहाँ से आता है? वह कैसे बढाया जाय? इस विचार का सर्वत्र अभाव है। नर्मदा समग्र एक पहल है। पहले से कार्य कर रहे व आगे कार्य करने वालों के बीच संवाद की यह कोशिश है। नर्मदा समग्र इस पुण्य सलिला के सभी पक्षों पर संयुक्त प्रयास चाहता है। यह नर्मदा के सारे आयामों को एक स्थान पर समेटने की ओर आगे भी बढना चाहता है। आप सभी से प्रार्थना है कि सपरिवार, सकुटुम्ब इस कार्य में अपनी भागीदारी निश्चित करें जिससे प्रयत्न को सहयोग मिले व मैकलसुता की सेवा भी हो सके।

**तालाब से मछली निकालने के विवाद पर झौतेश्वर क्षेत्रातंर्गत कटकुही में हुई थी वारदात**

# महबूब के चार हत्यारे गिरफ्तार, एक फरार

**गोटेगांव।** झौतेश्वर चौकी अंतर्गत ग्राम कटकुही निवासी 39 वर्षीय महबूब खान के साथ मारपीट कर हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। वहीं एक अभी भी फरार चल रहा है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने तालाब से मछली निकालने के विवाद पर वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। पुलिस ने चारों आरोपी धन्नू पटेल, उत्तम पटेल, ईश्वर कहार, कालू विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया।

### भागने की फिराक में थे आरोपी

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीओपी भावना मरावी, टीआई गोटेगांव सहदेव राम साहू, झौतेश्वर चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय दलबल के साथ पहुंचे थे। प्रारंभिक पूछताछ और परिजनों के कथनों के आधार पर चौकी प्रभारी उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम ने देर रात ही भागने की फिराक में धन्नू, उत्तम, ईश्वर, कालू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं राजेश की तलाश जारी है। आरोपियों को दबोचने में चौकी एएसआई सुरेश धुर्वे,हलवदार धर्मेन्द्र, सैनिक रतन की सराहनीय भूमिका रही।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

महबूब ग्राम में अपने मां-पिता, पत्नी और 6 और 3 वर्ष के दो छोटे बच्चों के साथ रहता था। तालाब से मछली निकालने के अलावा वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अचानक हुई?वारदात से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ये था मामला


गौरतलब हैं कि 16 मई को ग्राम कटकुही निवासी 39 वर्षीय महबूब खान तालाब में मछली निकालने गया था। देर रात गांव के धन्नू पटेल, उत्तम पटेल, ईश्वर कहार, कालू विश्वकर्मा, राजेश पटेल उसके घर पहुंचे और लाठी-डंडो से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। महबूब ने शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

## मतगणना के संबंध में बैठक 21 मई को

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन. 2024 के अंतर्गत मतगणना 4 जून को सम्पन्न होगी। मतगणना के संबंध में आवश्यक बैठक 21 मई को प्रातरू 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में मतगणना के दिशा. निर्देशों से अवगत कराया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह ने इंडियन नेशनल कांग्रेसए भारतीय जनता पार्टीए बहुजन समाज पार्टीए आम आदमी पार्टी व भारतीय कम्प्युनिष्ट पार्टी और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 14. मंडला व 17. होशंगाबाद के समस्त अभ्यर्थी से बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

# ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 22 मई से

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय ओशो लीला आश्रम में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें तीन दिवसीय शिविर का आयोजन स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में किया गया है । शिविर के दौरान आश्रम में विभिन्न ध्यान विधिया संचालित होगी ।ओशो के सन्यासी व्हाइट रोप के उपरांत रात्रि कालीन समय में चंद्रमा के पूर्ण योवन को निहारते हुए अपने गुरु की आकृति की अनुभूती करते हैं । 22 मई को शिविर का शुभारंभ होगा 24 तारीख को समापन किया जाएगा । तीन दिवसीय शिविर के दौरान ओशो के सन्यासी आश्रम में उपस्थित रहकर ध्यान विधियां करते हुए आनंद का रसपान करेंगे ,नगर सहित विभिन्न शहरों से ओशो के अनुयायियों का भी आगमन हो रहा है शिविर की जानकारी आश्रम के संचालक स्वामी राजीव जैन एवं मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने दी है ।



# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों से कराया जा रहा रूबरू





**नरसिंहपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपालन में व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन 13 जून 2024 तक की अवधि में प्रात: 08 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है।इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एचपी कुर्मी ने बताया कि पीएम श्री शासकीय विद्यालय करकबेल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छात्र. छात्राओं द्वारा अपनी रुचि के अनुसार सहभागिता की जा रही है। प्राचार्य श्री रघुवीर प्रसाद लोधी द्वारा छात्र.छात्राओं में खेल एवं कौशल विकास की रचनात्मक गतिविधियां हेतु विद्यालय स्तर पर समुचित संसाधनों की व्यवस्था की गई है। विद्यालय में बच्चों की रुचि अनुसार खेलए कबड्डी व कृषि संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण समर कैंप के दौरान दिया जा रहा है। व्यायाम शिक्षक केएस झारिया द्वारा बच्चों की रुचि के अनुसार खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्राचार्य द्वारा जैविक खेती के लाभ से बच्चों को प्रशिक्षित कर अवगत कराया जा रहा है। खेलों का प्रशिक्षणए पेंटिंगए डांसए संगीतए विद्यार्थियों की अभिरूचि के अनुसार अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां में बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता दी जा रही है।

# जिले की दो सीएम राइज विद्यालय को लाइट हाऊस स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना के लिए चयन

**सीएम राइज एसडीएम विद्यालय नरसिंहपुर एवं सीएम राइज सांईखेड़ा बने लाइट हाऊस**

**नरसिंहपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदेश के चयनित सीएम राइज विद्यालयों को नोडल विद्यालय के रूप में तैयार करने के लिए आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के चयनित 68 सीएम राइज विद्यालयों को नोडल विद्यालय के रूप में तैयार किया गया है। जिले के अन्य विद्यालयों को भ्रमण कराने के उद्देश्य से एक लाइट हाऊस स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना के अंतर्गत 68 विद्यालयों को स्कूल लीडर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण पलाश रेजीडेंसी भोपाल में सम्पन्न हुआ। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता द्वारा जिले के एसडीएम सीएम राइज विद्यालय नरसिंहपुर एवं सीएम राइज सांईखेड़ा को उनके विगत दो वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर लाइट हाऊस विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। इस योजना के तहत समस्त जिले के विद्यालय इन विद्यालयों का विजिट करेंगे। साथ ही इन विद्यालयों में चल रही उच्चतम शैक्षणिक प्रक्रियाओं का सूक्ष्मतम अवलोकन कर अपने विद्यालय में लागू करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठतम कार्य सम्पादन करेंगे। प्रशिक्षण में चयनित सीएम राइज एसडीएम विद्यालय नरसिंहपुर से प्राचार्य श्री प्रभात मिश्राए सीएम राइज विद्यालय सांईखेड़ा से प्राचार्य श्री चंद्रकांत विश्वकर्माए प्रधानपाठक श्री सरदार सिंह राजपूत व श्री रामकुमार ठाकुर द्वारा सहभागिता दी। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एचपी कुर्मी द्वारा दोनों सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफकी सराहना करते हुए इस उपलब्धि के लिए शुभकामनायें दी।



## एडीएम ने कार्यालयीन समय पर कार्य सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित समस्त कार्यालय एवं शाखा में पदस्थ शासकीय सेवकों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यालयीन समय प्रातरू 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन शासकीय सेवकों द्वारा बिना सूचना एवं बिना अवकाश स्वीकृति के कार्यालय में अनुपस्थित पाए जाएंगे, उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# एनटीपीसी गाडरवारा ने ‘स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलवे स्टेशन पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान




**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिनांक 16 मई से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवा?ा का आयोजन किया जा रहा है। गाडरवारा रेलवे स्टेशन प्रबंधन द्वारा आवश्यकताओं के अनुसार, स्टेशन के आस पास स्वच्छता और सफाई के लिए एनटीपीसी गाडरवारा ने अपना योगदान दिया। एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर साफ सफाई भी की गई और साथ ही साथ मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को ध्यान में रखते हुए कीटनाशक का छिड़काव किया गया। इस कार्यक्रम में संदीप खुशालराव साखरे, वरिष्ट प्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कुमार, सहायक प्रबंधक (टाउनशिप ऐडमिन) रितेश कुमार राय, कार्यपालक (नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व) व् अन्य वरिष्ठ एनटीपीसी अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त स्वच्छता पखवा?ा के दौरान एनटीपीसी गाडरवारा में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

# टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस समीपी ग्राम कामती में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, उद्योगपति विनीत महेश्वरी, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया द्य उद्बोधन की श्रंखला में उद्योगपति विनीत महेश्वरी ने कहा कि खेल में स्थानीय खिलाड़ी को महत्त्व देना जरूरी है द्य पूर्व विधायक साधना स्थापक ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुये मन लगाकर खेलने की बात कही द्य नगरपालिकाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं उभर कर सामने आती है इसलिए इस तरह के आयोजन होना जरूरी है द्य स्कूल शिक्षा एवं परिवहन कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुये विजयी टीम को बधाई दी साथ ही हारने वाली टीम से आगे अच्छी मेहनत करने की बात कही द्य उन्होंने टूर्नामेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आने वाले समय में इस टूर्नामेंट को लेदर बाल से कराने की बात कही उन्होंने आगे कहा कि खेल को बढ़ावा देने की सोच से हम जगह जगह स्टेडियम का निर्माण कराने का कार्य कर रहे हैं ताकि गाँव के युवा भी खेल से अछूते न रहे द्य उन्होंने इस प्रतियोगिता में विजयी टीम को अपनी तरफ से 41 हजार की राशि एवं शील्ड प्रदान की द्य प्रतियोगिता में उपविजेता टीम को उद्योगपति विनीत महेश्वरी द्वारा 21 हजार की राशि एवं शील्ड प्रदान की द्य प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों को विभिन्न पुरूस्कार प्रदान किए गए द्य गौरतलब हो कि इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं दूसरे नंबर पर ग्राम खुर्शीपार की दोनों टीमें आई हैं द्य कार्यक्रम में मंच संचालन मनोज दुबे एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ भाजपा नेता रंजन स्थापक ने किया द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे ।

# जच्चा-बच्चा की जिंदगी अनमोल: कलेक्टर

## जिला चिकित्सालय में बने बर्थ वेटिंग रूम में पहुंचकर हाईरिस्क महिलाओं के इलाज प्रबंधों को देखा

### डॉक्टर की सलाह मिलने पर प्रसूता को अस्पताल में अवश्य कराये भर्ती

### जान बचाने के अभियान में सहभागी बनने कलेक्टर की कटनीवासियों से अपील





**कटनी/ब्यूरो।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर यहां बर्थ वेटिंग रूम में उपचाररत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के ईलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यहां भर्ती प्रसूताओं से चर्चा कर उन्हे यहां मिल रहे उपचार प्रबंधों को देखा। बर्थ वेटिंग रूम मे रीठी व कुठला की हाईरिस्क दो प्रसूताएं भर्ती है, जो एनेमिक है। इन दौनो को दो-दो यूनिट खून चढ़ाया जा चुका है। जबकि यहां भर्ती तीसरी हाई रिस्क गर्भवती महिला चिरूहला रीठी की है जो उच्च रक्तचाप से पीड़ित है। यहां इन तीनों महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार हो रहा है। बताते चले की जिले की मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए कार्ययोजना बनाकर इसपर अमल शुरू किया गया है। इसके तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु प्रसव की संभावित तिथि के चार से 7 दिन पूर्व जिला चिकित्सालय और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में बनाये गए अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से युक्त बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कर उपचार किया जाता है और एनेमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढाया जाता है।

कलेक्टर यहां गुरूवार को भी पहुंचे थे और हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के बर्थ वेटिंग रूम गये थे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने गर्भवती महिलाओं के परिवारजनों से अपील की है कि डॉक्टर्स और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञों की परामर्श के अनुसार अस्पताल में भर्ती कराने में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन के लिए जच्चा और बच्चा दोनों की जिंदगी अमूल्य है। इसलिए डॉक्टर्स की सलाह माने और अमल करें। इससे हाई रिस्क मामलों में बेहतर इलाज से जिंदगी बचाई जा सकती है। इसलिए जिंदगी बचाने के अभियान में सहभागी बने।

# सीबीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कलेक्टर ने दी बधाई

कटनी/ब्यूरो।



कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा की कक्षा 12वी में अध्ययनरत 6 छात्रों तथा कक्षा 10वीं में अध्ययनरत तीन छात्रों द्वारा सीबीएससी परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किये जाने पर विद्यालय समिति द्वारा छात्रों के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुचकर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद से सौजन्य भेंट की गई। इस दौरान कलेक्टर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवांन्वित करनें वाले छात्र- छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए अंकसूची प्रदान की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान शाला प्रबंधन के सदस्य, छात्र-छात्राएं सहित उनके अभिभावक मौजूद रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 12वी के विज्ञान संकाय के छात्र राजीव लोचन दाहिया नें 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रेहान अख्तर ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अभय सिंह ठाकुर नें 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया है।

इसी प्रकार कला संकाय की अंशिका पाण्डे नें 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, जागृति चौधरी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सर्जना कोल ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया है। जबकि कक्षा 10 वी में कला संकाय के सत्यार्थ कुमार गौतम नें 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, राधिका गुप्ता ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और युगांत चौरागडे ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया है।

# आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेड में प्रवेश शुरू

कटनी/ब्यूरो।

मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी में संचालित पाठ्यक्रम कारपेंटर, डेड्रेस मेकिंग, इलेट्रॉनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, कोपा, स्टेनो हिन्दी, वेल्डर फिटर आदि ट्रेड हेतु प्रवेश प्रारंभ है। कारपेंटर हेतु 24 सीटों तथा ड्रेस मेकिंग की 20 सीट के लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं या 10वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार इलेट्रिशियन की 20 सीट हेतु मैकेनिक मोटर व्हीकल की 24 सीट, डीजल मैकेनिक की 48 सीटए कोपा की 48 सीट, स्टेनो हिन्दी की 48 सीटए वेल्डर की 40 सीट तथा फिटर की 20 सीट हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित है। प्रवेश हेतु निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के तहत 10वीं की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट फोटो2 मूल टीसी, विकलांग प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो, इसके अतिरिक्त आवेदक का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आईडी प्रशिक्षण अवधि तक एक ही मोबाईल नंबर चालू रखना अनिवार्य है। प्राइवेट आईटी आई में प्रवेश लेने हेतु इच्छुकअयर्थी अपने दस्तावेजों का सत्यापन किसी भी शासकीय आईण्टी आई में करा सकते है इस हेतु मूल दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग हेतु वेबसाइट पर का अवलोकन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए रोशन नगर एनकेजे में एसकेपी कॉलोनी के पीछे स्थित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# श्रीमद् भागवत कथा का समापन

कटनी/ब्यूरो।





बड़वारा विकासखंड के भदौरा नंबर एक पर पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित हवन व पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा व्यास पं. चन्द्रप्रकाश तिवारी ने सात दिन तक चली कथा में भक्त को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। परम पूज्य चन्द्रप्रकाश तिवारी ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांक्षित फल प्रदान करते हैं।

उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल करे देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है कथा समापन के दिन विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। इस दौरान जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, विभाष दुबे, सचिन दुबे, लवकुश विश्वकर्मा, हरिशंकर यादव, पवन खटीक, अदित्य राज पटेल चरण सिंह, यश पटेल, अभय पटेल, सोमनाथ विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क ग्रीष्म कालीन शतरंज शिविर कल से

कटनी/ब्यूरो।

मध्यप्रदेश खेल विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क ग्रीष्म कालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम होटल मंगलम मेनोर के वातानुकुलित सभागार में सोमवार 20 मई से प्रारम्भ होगा। इसमें स्थानीय बालक बालिका वरिष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला शतरंज संघ ने बताया कि प्रातः 11 से 1 तक प्रदर्शन मैच होंगे जिससे खिलाड़ी मुकाबले में उतरते समय अपनी मानसिक एकाग्रता को संयमित रखने के टिप्स से अवगत होंगे तो लंच के बाद 2 से 5 बजे तक कोचिंग सत्र में उन्हें खेल की बारीकीयों से विशेषज्ञ परिचित कराएंगे। शतरंज प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग के खिलाड़ी के खेल उन्नयन हेतु संघ का विशेष प्रयास रहेगा। संघ ने खिलाडियों से अपेक्षा की है कि स्थान सीमित है जिन खिलाडियों ने अब तक फार्म नहीं भरे भरकर शीघ्र कार्यालय मंगलम मनोर खिरहनी में जमा कर दें।



# रेत के अवैध परिवहन पर वसूला 63 हजार का जुर्माना

कटनी/ब्यूरो।



कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिनों रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए दो वाहनों से 63 हजार 250 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई। जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 1 मई को विगजयराघवगढ़ नदीपार के पास आकस्मिक जांच के दौरान ट्रेक्टर वाहन ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 54 एए 2085 द्वारा अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, नेबे लाल कोल पिता रामकरण कोल वाहन मालिक अभिषेक कुमार परौहा पिता मुनीम कुमार परौहा निवासी पडरिया हंतला तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जबकि एक अन्य मामले में विगत 10 मई को जाजागढ बिचपुरा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रेटर वाहन ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 54 जेड 2329 द्वारा अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मलिक अखिलेष परौहा पिता कामता प्रसाद परौहा निवासी चपहनी बड़वारा द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर दोनों अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31625 -31625 कुल 63 हजार 250 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

सूचना पत्र के जवाब में दोनों अनावेदक द्वारा निर्धारित प्रशमन शुल्क को जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किया गया। जिला खनिज अधिकारी द्वारा दोनों अनावेदकों पर पृथक-पृथक निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 63 हजार 250 रुपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करने के प्रावधान के तहत जप्त ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

## जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत बोरी बंधान

कटनी/ब्यूरो।

मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल के निर्देशन एवम् लॉक समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जीवीपीएस बहोरी सेटर बचैया क्रं. 3 जन चेतना समाज सेवी संस्था बडखेरा सेटर तेवरी क्रं. 05 के सयुक्त संयोजन से अमहा नाला कुआ में जल संरक्षण अभियान के तहत बोरी बंधान किया गया। उक्त कार्यक्रम में डा. तेजसिंह केशवाल जिला समन्वयक अरविंद शाह ब्लॉक समन्वयक अवधेश बैरागी, विनोद सिंह, राम सिंह पटेल, नवांकुर संस्था से सरजू प्रसाद श्रीवास सेटर प्रभारी, आलोक सिंह सेंगर सेटर प्रभारी, धनीराम लोधी सेटर प्रभारी, सुरेंद्र चक्रवर्ती, सेटर प्रभारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अखिलेश ठाकुर सलैया कुआ, रामभरोस बर्मन निमास, दुर्गेश यादव भटगवा, शरद कुशवाहा, किर पिपरिया, विनीत कुमार बर्मन उदय यादव एवम् ग्रामीण जनों की उपस्थिति रहीं।



# निगमायुक्त ने किया विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु निरीक्षण

**कटनी/ब्यूरो।** नगर निगम कटनी द्वारा संचालित सुरम्य पार्क को और अधिक बेहतर बनाने हेतु निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निरंतर सतत् प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में श्री शुक्ल द्वारा कटायेघाट बैराज के ऊपर अमकुही पहाड़ी क्षेत्र में नगरवासियों के लिए पार्क विकास चक्की नदीघाट एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए रिक्त और खुली भूमि का निरीक्षण किया गया साथ ही कोहारी नदी गहरीकरण तथा चंडिका नगर घाट का भी निरीक्षण कर उपयंत्री अश्विनी पांडेय को पक्का स्टॉप डेम निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया।

# भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर रखें विशेष फोकस

### किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों में मिले गुणवत्तापरक बिजली

### बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**कटनी/ब्यूरो।** कटनी कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष फोकस रखें एवं यह सुनिश्चित करें कि विद्युत आपूति निर्बाध रूप से हो। उन्होनें किसानों को निर्धारित समयावधि तक गुणवत्तापरक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की हिदायत देतें हुए ग्रामीण क्षेत्र में सतत् बिजली आपूर्ति पर ध्यान देने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि बिगड़े और पात्र ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने की कार्यवाही की जाय । इस मामले में सुधार करके संतुष्टि का स्तर बढाया जाये। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत समस्या न हो, जहाँ से विद्युत व्यवधान की सूचना मिलें तत्काल टीम भेजकर विद्युत आपूति सुचारू बनायें। कलेक्टर ने विद्युत लाईनों में बार-बार आ रही ट्रिपिंग और लो - वोल्टेज की भी समीक्षा कर उसके सुधार के निर्देश दियें।

बड़वारा में लो -वोल्टेज के मामलें का निराकरण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्रामीण क्षेत्र में सुगम विद्युत आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की हिदायत देते हुए कहा कि बड़वारा क्षेत्र में और इसके आस-पास लगे गावों में आये दिन उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज प्राप्त होने की शिकायतें मिल रही हैं। लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारीयों से बैठक में सुझाव मांगा। बैठक में बताया गया कि 5 सब स्टेशन और 65 किलोमीटर की फीडर होने की वजह से बड़वारा बड़वारा क्षेत्र के करीब 22 बिजली उपभोक्ताओं और करीब 150 औद्योगिक इकाईयों को कम वोल्टेज प्राप्त होता है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया कि इस समस्या से ग्रामीणों कों निजात दिलाने देवरी हटाई, नन्हवारा सेझा या अन्य किसी उपयुक्त स्थान पर 132 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेंजें। कलेक्टर ने कहा कि बिजली अधिकारी जल्दी ही प्रस्तावित विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर अवगत करायें ताकि भूमि आवंटन की कार्यवाही तत्परता से की जा सके।

# 12 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का निराकरण

## सीमांकन मामलों के निराकरण में आई तेजी, सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में ढ़ीमरखेड़ा तहसील अग्रणी

### सीमांकन में उत्कृष्ट कार्य करने पर दो पटवारी एवं आरआई हुए सम्मानित



**कटनी/ब्यूरो।** जिले में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में तेजी आई है। मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों की सकारात्मक सोच और किसानों की मदद के भाव से किये गए प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान जिले में अब तक 1 हजार 237 सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्यमें दिन-व-दिन तेजी आ रही है। सीमांकन मे बेहतर कार्य के लिए कलेक्टर ने दो पटवारियों और एक राजस्व निरीक्षक को उनके द्वारा किये गए सीमांकन के मामले में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर समानित किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों को आरसीएमएस् पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में तेजी आई है। कलेक्टर के निर्देश के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसीलों मेंढीमरखेड़ा तहसील 219 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि कटनी नगर 150 मामलों के निपटारे के साथ दूसरे स्थान पर है और बरही तहसील ने 133 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा कर तीसरे पायदान पर है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील द्वारा चौथे स्थान में रहकर 128 सीमांकन प्रकरण निपटाये गये। वहीं पर विगढ़ तहसील सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले में पांचवे स्थान पर है। विगढ़ तहसील में अब तक कुल 127 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। जिले की बड़वारा तहसील 124 सीमांकन प्रकरण निपटाकर छठे, रीठी तहसील 122 सीमांकन प्रकरण निराकृत कर सातवें पायदान पर और कटनी तहसील 118 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ आठवें और बहोरीबंद तहसील 116 प्रकरणों के निपटारे के साथ अंतिम पायदान पर है।

### कलेक्टर कर रहे सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर श्री प्रसाद और अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जाकर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संया में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे है। कलेटर अवि प्रसाद ने सीमांकन के उत्कृष्ट कार्य संपादन पर राजस्व निरीक्षक सहित दो पटवारियों को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया है। इनमें बरही के राजस्व निरीक्षक गौरव विश्वकर्मा ने 40 सीमांकन प्रकरण और रीठी तहसील के पिपरिया परौहा, डुडरी पटवारी हल्का के पटवारी संजीत धुर्वे ने 26 सीमांकन और झिन्ना रामपुर के पटवारी दानसिंह प्रधान ने 31 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया है। कलेटर के निर्देश पर संचालित विशेष अभियान के तहत निराकृत सीमांकन प्रकरणों के प्रति किसानों का भरोसा बढ़ा है। निराकृत प्रकरणों का आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज मामलों पर किसान भी खुश है।

# कोलकाता को हराकर दूसरा स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान



**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिये कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिये गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है।अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं।साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंची

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी। चीन की इस जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गी जंग और किम सा रंग की जोड़ी को21-19 21-18 से हराया।



## आकाश और पोयमंती की जोड़ी ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

**नेवसेहिर (तुर्किये)(वार्ता)।** भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (12-10, 3-11, 8-11, 11-8, 12-10) के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रिको को 3-0 (11-8, 11-4, 11-6) से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर अपने सीनियर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था। इसके अलावा दुनिया की 338वें नंबर की खिलाड़ी क्रित्विका रॉय को सेमीफाइनल में जापान की दुनिया की 85वें नंबर की सत्सुकी ओडो से 3-0 (11-2, 11-6, 11-4) से हार मिली। रॉय ने राउंड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 55वीं रैंकिंग वाले एलआई यू-झुन को हराया था। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम में चुनी गई मनिका बत्रा को क्वार्टरफाइनल में जापान की हितोमी सातो से 3-1 (11-5, 11-4, 11-5, 13-11) से हार मिली जबकि महिला युगल में, पोयमंती बैस्या और क्रित्विका रॉय फाइनल में जापान की होनोका हाशिमोटो और हितोमी सातो के खिलाफ 3-0 (11-1, 11-3, 11-8) से हार गईं। सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने जर्मनी की फ्रांजिस्का श्राइनर और भारत की यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-7, 11-1, 14-12) से हराया था। पुरुष एकल में, राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई को राउंड ऑफ 16 में युता तनाका से 3-1 (11-8, 7-11, 11-6, 11-8) से हार मिली। हरमीत देसाई पुरुष एकल और टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## भारत पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा



**नई दिल्ली (वार्ता)।** परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। हुडा ने पिछले साल एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर शुरुआत में भारत के लिए कोटा हासिल किया था। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, जिससे भारत को अगले सप्ताह बैंकॉक में आगामी विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। हालाँकि, 11 अप्रैल से पहले रिजर्व के रूप में पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है। एंटी-डोपिंग एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट सिस्टम को अपने ठिकाने की सटीक और लगातार रिपोर्ट करने में विफलता के कारण, हुडा का निलंबन पिछले साल सितंबर से शुरू होकर जुलाई 2025 तक 22 महीने तक चला। आईटीए के अनुसार, शुरुआत में निलंबन 24 महीने के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन समीक्षा के बाद इसे दो महीने कम कर दिया गया। परवीन के कानूनी सलाहकार विदुषपत सिंघानिया ने बताया कि एडम्स प्लेटफॉर्म को संचालित करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी की कमी के कारण विफलता हुई।इस झटके के बावजूद, भारत ने पेरिस 2024 के लिए पहले ही तीन मुक्केबाजी कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (महिला 75 किग्रा), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन (महिला 50 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) ने स्थान अर्जित किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में एथलीट प्रतिनिधित्व पर अंतिम निर्णय राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) का है, जिनके पास अपने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों के लिए एथलीटों का चयन करने का विशेष अधिकार है।



## हार्दिक पंड्या एक मैच के लिये निलंबित

**मुंबई (वार्ता)** मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आख़िरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## फीफा अंडर-17 विश्व कप क्वालीफायर में जाम्बिया ने युगांडा को हराया

**कंपाला (वार्ता)** जाम्बिया ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में युगांडा को 2-1 से हरा दिया। सेंट मैरीज़ स्टेडियम, किटेन्डे में शुक्रवार को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, मेजबान युगांडा ने दूसरे हाफ में दबाव बनाया और सिल्विया काबेने ने 73वें मिनट में गोल किया। युगांडा टीम क्रेन्स ने और अधिक गोल करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहीं और क्वालीफायर से बाहर हो गई। ज़ाम्बिया के कोच कैरोल कान्येम्बा ने मेजबान टीम के दबाव को झेलने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की। कान्येम्बा ने कहा, ''मुझे खुशी है कि हमने चौथे दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हमें कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है क्योंकि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भूखे हैं। ज़ाम्बिया के कप्तान ज़ांगोज़ जुलु ने भी स्पष्ट किया कि उन्होंने युगांडा से आगे निकलने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत की है। जुलू ने कहा, मैं घर पर मौजूद सभी लोगों को प्रार्थनाओं के लिए और अपने सभी साथियों को कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। युगांडा के कोच शर्ली बोट्स ने स्वीकार किया कि हालांकि उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन वे उन्हें भुनाने में नाकाम रहे। बोट्स ने कहा, टीम ने लुसाका में पहले चरण की तुलना में बेहतर खेलने की कोशिश की, लेकिन हम आज भाग्यशाली नहीं थे। क्वालीफायर के चौथे और अंतिम दौर में जाम्बिया का मुकाबला मोरक्को और अल्जीरिया के बीच विजेता से होगा। काउंसिल ऑफ ईस्ट एंड सेंट्रल अफ्रीका फुटबॉल एसोसिएशन (सीईसीएफए) जोन की एक अन्य टीम बुरुंडी ने भी जिबूती को कुल स्कोर पर 24-0 से हराकर चौथे दौर के लिए क्वालीफाई किया। डोमिनिकन गणराज्य में 16 अक्टूबर से तीन नवंबर तक होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अफ्रीका की तीन सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी।



## सरकार स्टेडियम में दो दिनी बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**रूद्रपुर/नैनीताल(वार्ता)** उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हंस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हो गया। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में राज्य के विभिन्न हिस्सों से 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच आर ए एन स्कूल के तेजस जोशी व अनस रस्तोगी देहरादून के बीच खेला गया जिसमें तेजस जोशी 12/15, 10/15 से विजयी रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। है खेल से शरीर स्वस्थ और मन स्थिर रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित बनाता है। वर्तमान समय में खेलों में भी कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हंस स्पोर्ट्स के अमन अरोडा एवं रेखा अरोडा भी उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, ऊधम सिंह नगर बैडमिंटन संगठन के अध्यक्ष पुष्कर राज जैन, सचिव विष्णु सक्सेना, पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग प्रयागराज, ऊधम सिंह नगर देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी मौर्य के अलावा अनेक खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## कोटक लाइफ ने पॉलिसीधारकों के लिए बोनस का किया ऐलान

**नयी दिल्ली (वार्ता)** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है।



## सोना-चांदी में तेजी

**इंदौर (वार्ता)।** स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी तेजी लिए रही। आज सोना 450 रुपये चांदी 2800 रुपये महंगी बिकी। विदेशी बाजार में सोना 2414 डालर एवं चांदी 3145 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 73500 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 86500 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 900 रुपये प्रति नग।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.97 प्रतिशत चढ़कर 80.00 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84.00 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## एएसके ऑटोमोटिव का मुनाफा 112 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)** वाहनों के लिए कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड ने मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में 47.76 करोड़ रुपये का सकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 22.51 करोड़ रुपये की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 785.86 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 571.13 करोड़ रुपये की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है।

## शक्कर में मांग, तेलों में तेजी, दालों में मजबूती

**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेलों में तेजी बताई गई। आज सोयाबीन रिफाइंड तेल महंगा होकर बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दलहनों में भाव नरमी लिए रहे। वहीं दालों में तेजी रही। चावल लिवाली से मजबूत बताया गया। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में? उठाव रहा। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से स्थिर रहा। खोपरा बूरा तथा साबूदाना में उठाव साधारण बताया गया। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड महंगा होकर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार के आसार है। तिलहनों में कामकाज बढ़त लिए रहा। इससे सरसों ऊंची बिकी। संयोगितागंज अनाज मंडी में आज चना सस्ता बिका। दालों में मांग के चलते भाव ऊंचे रहे। तुअर दाल, उड़द मोगर में तेजी बताई गई। चावल में कारोबारी गतिविधियां बढ़ी रही शक्कर 3980 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 285 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6900, पैकिंग में 7200 से 7300 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5200 से 5900, सोयाबीन 4500 से 4550 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1510 से 1520, सोयाबीन रिफाइंड 935 से 940, साल्वेंट 880 से 885, पाम तेल 950 से 955 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6600 से 6650, चना विशाल 6500 से 6550, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11600 से 12000, तुअर (कर्नाटक) 11500 से 12100, मूंग 8400 से 8500, मूंग हल्की 7000 से 7500, उड़द 9000 से 9300, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8450 से 8950, तुअर दाल सवा नंबर 15700 से 15800, तुअर दाल फूल 16400 से 16500, तुअर दाल बोल्ड 17300 से 17400, आयातित तुअर दाल 14700 से 14800, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10400 से 10700, मूंग मोगर 11100 से 11400, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 12100 से 12500 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4450 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।



# शहजादे को अपना इतिहास ही नहीं मालूम : यादव



**मुंबई, भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आज कहा कि शहजादे को अपना इतिहास ही मालूम नहीं है। डॉ यादव ने मुंबई में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि उन्हें इस बात को कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस छोड़ गए। कांग्रेस केवल आरोप लगाना जानती है। कांग्रेस का मूलत: जन्म ही अंग्रेजों द्वारा हुआ है। आज भी वह 'फूट डालो राज करो' की नीति के अंतर्गत अपनी सारी व्यवस्थाओं का संचालन करते हैं। वो भूल जाते हैं कि सरकार में रहते हुए उनकी सरकार द्वारा क्या हुआ।उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से जैसे वो हैं, वैसे ही उनके साथ वाले हैं। ऐसे कई लोगों को जोड़कर वे घमंडिया गठबंधन बनाकर देश में सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। वह बातें भी ऐसी ऐसी कर रहे हैं, जैसे लगता है जनता उनकी बातों को नहीं जानती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल शहजादे ने अमेठी में एक भाषण दिया और उस भाषण में बोला कि वे अपने पापा के साथ 42 साल पहले यहां आए तो देखा कि यहां सड़क नहीं थी, कोई भी विकास का काम नहीं हुआ था। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 42 साल पहले आप आए तो ये भूल गए कि आपके दादा जी भी वहीं सांसद रहे, तो आप गलती किसकी बता रहे हो? स्वर्गीय फिरोज गांधी वहां से चुनाव लड़े थे, वे स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कुछ लगते हैं कि नहीं। पूरा गांधी खानदान वहीं से चुनाव लड़ता रहा, लेकिन खुद को इतिहास नहीं मालूम। डॉ यादव ने कहा कि अब ये कहते हैं संविधान खतरे में है। संविधान में सर्वाधिक संशोधन कांग्रेस की सरकारों ने किए।



# बूंद-बूंद पानी के लिए जूझ रहे बंधनावासी

## नल-जल योजना बनी मजाक

जबेरा।

विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुड़ेरी के ग्राम बंधना में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है। जहां नल जल योजना की लाइन तो डली है किंतु उसमें पानी नहीं आने से ग्रामवासी इस भीषण गर्मी में पानी के लिए जूझ रहे हैं। करीब तीन सौ की आबादी वाले ग्राम बंधना में पानी के लिए कोई स्थाई साधन नहीं होने के कारण भीषण जल संकट की स्थिति बनी हुई है और समस्या से ग्राम वासियों द्वारा अनेकों बार जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया किंतु समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। ग्राम निवासी बिहारी लाल झरिया, दिनेश झरिया, दीपक मेहरा, प्रदीप मेहरा, महेंद्र मेहरा, गणेश झरिया, आयुष झारिया आदि ने बताया कि ग्राम में महज दो सरकारी हेंडपंप हैं जिसमें से एक बंद हालत में है और दूसरे में मोटर तो डाली हुई है लेकिन वह भी आए दिन खराब हो जाती है। वहीं ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना की लाइन तो डाल दी गई है लेकिन उसमें भी पानी नहीं आ रहा है जिससे ग्राम में पानी की भीषण समस्या बनी हुई है। ग्राम वासियों ने बताया कि इस समस्या से निपटने के लिए खेतों में खुदे बोर से पाइप लाइन के सहारे ग्राम के कुआं में पानी भरा जा रहा है और कुआं से पानी निकाल कर लोग उपयोग कर रहे हैं किंतु शासन प्रशासन इस समस्या की और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं ग्राम के सरपंच प्रकाश सिंह धुर्वे ने बताया कि ग्राम में दो हेंड पंप है जिसमें स्कूल के पास वाले एक हेडपंप में मोटर डाली गई है और दूसरे हेंडपंप को भी उपयोगी बनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जल निगम वालों से भी अनेकों बार शिकायत की जा चुकी है किंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह स्थिति बनी हुई है।

# अयोध्या धाम में श्रीराम के किए दर्शन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य के वरिष्ठजन के साथ उत्तरप्रदेश के अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल अयोध्या धाम से लौटने के बाद स्टेट हैंगर पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि उन्हें अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राम जन्म भूमि न्यास ने अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कर उनके दर्शन का अद्भुत अवसर प्रदान किया है। भगवान श्रीराम अपने धाम में मुस्कुरा रहे हैं। यह पाँच सौ साल का संघर्ष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग दो हजार साल पहले उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने अयोध्या में कई निर्माण कार्य करवाए थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अयोध्या से लगभग दो हजार साल पुराना संबंध है। 84 कसौटियों वाले खंभों का मंदिर जो पाँच सौ साल पहले आक्रांताओं ने तोड़ा था, आज पुन: वहाँ भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन गया है। डॉ यादव के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा, नारायण केसरी, वरिष्ठ समाजसेवी ओम मेहता तथा वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा अयोध्या गए थे। डॉ. यादव ने अयोध्या के रामायणम आश्रम पहुंचकर मंदाकिनी दीदी से भी सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार वे मंत्री मंडल के साथियों के साथ दर्शन करने अयोध्या गए थे। तब ही यह निश्चित किया था कि प्रदेश के सभी जिलों के लोग अयोध्या जाकर दर्शन करें, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों के लोग भी प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने आएं, इसके लिए भी योजना बनाई जा रही है।



# लंबित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण किया जाए : कलेक्टर



**दमोह।** राजस्व अधिकारी की आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले की समस्त तहसील के तहसीलदार, नजूल नवकरण शाखा एवं नायब तहसीलदार को निर्देश दिये है कि अपनी-अपनी तहसीलों में विस्तृत रूप से शिविरों का आयोजन कर 27 मई को लंबित नामांतरणों का निराकरण एवं 20 जून को लंबित बटवारा प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निराकरण की जानकारी निर्धारित प्रारूप में उसी तिथि को शाम 6 बजे भेजना सुनिश्चित करेंगे। जानकारी प्राप्त न होने की दशा में जानकारी निरंक मानी जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक पीठासीन अधिकारी अविवादित नामांतरण/बटवारा की पटवारी हल्कावार सूची तैयार करवा लें और समस्त अविवादित नामांतरण बटवारा के प्रकरणों में इश्तिहार प्रकाशित कर संलग्न कर लिये जाये। सभी प्रकरणो में पक्षकारों के कथन दर्ज कर संलग्न कर लिये जाये। नामांतरणध्बटवारा संबंधी प्रतिवेदन पटवारी/राजस्व निरीक्षक से प्राप्त किये जाए एवं फर्द बटवारा प्राप्त कर प्रकरण में संलग्न किये जाये।

नामांतरण शिविर 27 मई को एवं बटवारा शिविर 20 जून को आयोजित कर प्रकरण निराकरण किये जाये। शिविर आयोजन की तैयारी की लगातार समीक्षा गूगल मीट से की जायेगी।

## 20 मई को वृद्धजनों को दी जायेगी स्वास्थ्य सेवाएं

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ देखरेख हेतु राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखरेख कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 20 मई को जिले स्तर पर संचालित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं यथा जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में वृद्धजनों हेतु विशेष स्वास्थ शिविर विशेषज्ञों की देखरेख में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। शिविर दौरान वृद्धजनों को हड्डी, क्षय रोग, मानसिक स्वास्थ्य जैसी व्याधियों के ईलाज उपचार संबंधी सेवाऐं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी।

# एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की आरओपी जांच प्रारंभ



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के विशेष प्रयासों से जिला अस्पताल में अनेक स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ हो रही है। इसी क्रम में कम उम्र में जन्म लेने वाले व एसएनसीयू में भर्ती होने वाले सभी बच्चों में आरओपी रेटीनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी की भी जांच प्रारंभ हो गई है। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया की जन्मजात विकृति होने से रोकने हर गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच के साथ आयरन, कैल्सियम, व फालिक एसिड देकर महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदाय करने का प्रयास किये जा रहे है। यदि किसी बच्चा कोई रोग या दोष के साथ पैदा होता है उसकी पहचान एसएनसीयू, आरबीएसके व डीईआईसी के माध्यम से पता कर अर्ली डिटेक्शन अर्ली इंटरवेशन के माध्यम से रोग को ठीक करने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। कम वजन या कम समय के साथ पैदा हुये बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती कर जीवन बचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बच्चे का पूर्ण हेल्थ स्क्रीनिंग कर रोग का पता कर आवश्यक उपचार व सर्जरी के माध्यम से ठीक किया जा रहा है ताकि जन्मजात विकृति को समय पर रोका जा सकें।सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव एवं डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया कि जिला अस्पताल में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत माह के प्रत्येक 2, 9, 16 व 25 को गर्भवती महिलाओं की जांच, चिहिंत हाई रिस्क महिलाओं की जांच, सीटी स्केन, एक्सरा, ईको जांच, डायलेसिस के आलावा अन्य सेवाऐं हितग्राहियों को मिल रही है। इसी के साथ जन्म लेने वाले बच्चों में किसी भी रूप से जन्मजात विकृति न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। यदि कोई बच्चा जन्मजात विकृति के साथ जन्म लेता भी है तो त्वरित रूप से पहचान कर समय पर उपचार अथवा सर्जरी कराकर ठीक करने का कार्य जिला अस्पताल, एसएनसीयू व आरबीएसके डीईआईसी के माध्यम से किया जा रहा है।

## अब 31 मई तक होगी समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद

**पन्ना।** जिले भर में निर्धारित 53 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। शासन के निर्देशानुसार बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं।

# कुपोषित आदिवासी बच्ची को मिला जीवन



**दमोह।**

अति कुपोषित साढ़े 4 किलो की बच्ची 2 मई को जिला अस्पताल दमोह में किसी दयालु पड़ोसी की मदद से लाई गई। मरणासन्न हालत में आई बच्ची को बिना देर किए डॉक्टर्स ने देखा। मरीज की गंभीरता देखते हुए डॉक्टर्स ने उसे तत्काल पीआईसीयू में भर्ती कराया जो कि बच्चों का आईसीयू होता है। 3-4 दिन भर्ती रखकर कुपोषित बच्ची की समस्त जांचे की गईं। जांचों में पाया गया कि बच्ची अतिकुपोषित है, रक्त में प्रोटीन एवं रक्त की गम्भीर कमी से पीड़ित है। बच्ची के जीवन के बचने की आस छोड़ चुके परिजनों, स्टाफ ने इलाज पूरी तत्परता से जारी रखा। ष्जाको राखे साइयां मार सके न कोई कहते है कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। फलस्वरूप बच्ची पुन: जीवन की ओर लौटी। पीआईसीयू के बाद बच्ची को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती किया गया।

## नि:शुल्क प्रशिक्षण 21 से

**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आगामी 21 मई से 19 जून तक 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में घरों में उपयोग होने वाले सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों की मरम्मत से संबंधित समस्त प्रकार के कार्यों को रिपेयरिंग करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने एवं चाय, नाश्ता व भोजन की उच्चतम गुणवत्ता की संपूर्ण व्यवस्थाएं भी नि:शुल्क रहेंगी।

# तहसीलदार के नेतृत्व में बड़ा बाजार से पुन: अतिक्रमण विरोधी मुहिम आरम्भ

**हटा।** पिछले दिनों हुई अतिक्रमण विरोधी मुहिम में शिकवा शिकायतों के बाद शनिवार को तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी मुहिम आरम्भ हुई जो आरम्भ से ही शिकवा शिकायतों में उलझ गई।बस स्टैंड के पास पीडब्लूडी कार्यालय के पास से टीनशैड हटाना आरम्भ हुआ जब विधायक उमादेवी खटीक के देवर गिरीश खटीक को टीनशैड हटाने का समय दिया और पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय जैन द्वारा समय मांगे जाने के बाबजूद शैड तोड़ तोड़ दिया गया यहां से शिकायते आरम्भ हुई तो पीडब्ल्यूडी कार्य के बाजू से गली का अतिक्रमण हटाया गया लेकिन पुरानी कचहरी पर करीब पांच थोक फ्ल विक्रेता अस्थाई दुकानें बनाकर सैंकडों फीट जमीन पर कब्जा किए हुए हैं वहां से दस्ता पहुंचा ही नहीं। पुरानी जनपद पंचायत से पोस्ट आफिस वाले मार्ग अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए तो आठ फीट की सड़क पचास फीट चौड़ी हो गई।जब किले के बाजू से एक दुकानदार संदीप नेमा अपना शैड निकाल रहा था और जेसीबी ऑपरेटर से बार बार गुहार लगा रहा था कि शेड निकाल रहा है मत तोड़ो लेकिन ऑपरेटर की गलती से बकेट उसके सिर में लग गया और खून की धारा बह निकली। घटना की रिपोर्ट हटा पुलिस थाना में की गई जिस पर पुलिस ने घायल की एमएलसी कराई। इसी प्रकार पुराने स्टेट बैंक वाली गली में अस्थाई शैड, पट्टियां तोड़ी ग तो करीब पंद्रह फीट की सड़क दिखने लगी इसी सड़क पर दो पट्टी छोड़ दी गई।



# सलकनपुर देवी धाम मार्ग पर दुकानों में भीषण आग

## आठ दुकानें स्वाहा

**सलकनपुर (सीहोर)(वार्ता)।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के सलकनपुर देवी धाम के मार्ग पर भीषण आग से आठ दुकानें जल कर खाक हो गईं। शुक्रवार देर रात हुए इस अग्निकांड के बाद लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। घटना के कारण अभी तक पता नहीं चल सके हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। सलकनपुर पुलिस सूत्रों के अनुसार देवीधाम सलकनपुर में सीढ़ी मार्ग पर ऊपर से लेकर नीचे तक बड़ी संख्या में दुकानें हैं। रात करीब साढ़े 9 बजे एक दुकान से आग शुरू हुई, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप लेना शुरू कर दिया था। आग एक दुकान से आठ दुकानों तक फैल गई। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार आग इतनी भीषण हो गई कि सीढ़ी मार्ग पर जाना मुश्किल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलते ही आधे घंटे के भीतर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। सकलनपुर चौकी प्रभारी भवानी सिंह सिकरवार ने बताया कि 7-8 दुकानों में आग लगी थी। कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना में कितना नुकसान हुआ है, अभी इसका पता नहीं लग सका है।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें : डॉ. रावत

## कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पन्ना।





जिले के समस्त प्रगतिरत महत्वाकांक्षी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ एवं निरंतर मॉनिटरिंग कर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। ग्रीष्मकाल के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर उपलब्धता एवं आवश्यक होने पर परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए स्थायी जलस्रोत का चिन्हांकन किया जाए एवं कंट्रोल रूम का गठन कर नंबर भी सार्वजनिक करें। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के अवसर पर दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर मतगणनाकर्मियों के प्रशिक्षण एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के मामलों में अविलंब निराकरण सुनिश्चित हो। सीमांकन के समस्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से रजिस्टर करें। समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान उपर्जित स्कंध और किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्रवृत्ति के प्रकरणों में विद्यार्थियों के घर-घर संपर्क कर शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। सीएमएचओ से आगामी मानसून सीजन में वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम संबंधी तैयारियों के बारे में पूछा। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों में बाढ़ की स्थिति में समय पूर्व आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। बंद व चालू नल जल योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी से समस्याओं के निराकरण के लिए कहा। साथ ही पेयजल स्थिति की निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए। पूर्ण नल जल योजनाओं के हैण्डओवर व मेंटेनेंस इत्यादि कार्यों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण कर लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का खाद्य सामग्री नमूना प्रमाणित पाए जाने पर जुर्माना राशि में बढ़ोत्तरी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गत दिवस जारी हुए बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा भी की और नवीन शैक्षणिक सत्र में सभी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास कर परीक्षा परिणाम में सुधार के निर्देश दिए। खाद, बीज एवं उर्वरक की निरंतर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के लिए कहा। साथ ही अटल भू-जल एवं अमृत सरोवर के कार्यों सहित लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू के प्रमुख कार्यों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय की समस्त शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। गत माह में संपन्न संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई।

**जवाबदावा प्रस्तुत करने में न बरतें लापरवाही**-कमिश्नर ने कहा कि हाईकोर्ट के विभिन्न लंबित प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक समय पर जवाबदावा प्रस्तुत किया जाए। जवाब प्रस्तुत होने तक इसकी नियमित रूप से समीक्षा भी हो। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने विभागीय जांच के संबंध में नवीन पोर्टल की शुरूआत के बारे में अवगत कराया और सभी जिला अधिकारियों से समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर प्रकरणों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए।

**निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन देखा**-संभागायुक्त डॉ. रावत ने बायपास रोड स्थित निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का अवलोकन भी किया। कार्यस्थल पर उपस्थित अभियंताओं से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और निर्बाध रूप से कार्य संचालित रखने के लिए कहा। स्कूल की मैप व डिजाइन भी देखी एवं पूर्ण व शेष कार्यों की जानकारी ली।

बताया गया कि अलग-अलग ब्लॉक में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल में शासन के निर्देशानुसार खेल मैदान व पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। यहां सोलर पैनल भी स्थापित होगा। आगामी सितम्बर माह तक स्कूल भवन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।

# उफ्फ ये पेट्रोल पम्प मीटर मार रहे जम्प



## 3 से लेकर 10 प्वाइंट के बीच खेल

## लोगों की जेब में सीधा डाका

जबलपुर

राहुल पाण्डे बहुत ही कम लोग ऐसे हैं जो पेट्रोल या डीजल डलवाते समय पेट्रोल पंप के मीटरों को गौर से देखते होंगे। क्योंकि उन्हें इस बात का यकीन रहता है कि इतने बड़ें पम्पों के मालिक उनके साथ क्या गलत करेंगें। परंतु जनता के इस भ्रम को स्वतंत्र मत तोड़ने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं शहर में चल रहे ऐसे कई पेट्रोल पम्पों की, जो शहर की जनता को चपत लगाने में किसी बात की कमी नहीं छोड़ रही है। दरअसल हाल ही में शहर में ऐसे कई पेट्रोल पम्प देखें गए हैं, जो लोगों को ठगने एवं अपनी जेबों को भरने के उद्देश्य से पम्पों के मीटर में गोलमाल कर के रखे हुए हैं।

### गौर करने पर खुलेंगी आंखें

अक्सर लोग पंपो पर पेट्रोल डलवाते समय सिर्फ ये देखते है कि उन्होंने जितने का पेट्रोल डलवाया है, तो उसका मीटर वहां तक पहुंचा की नहीं। बस इतना देखते ही लोगों को संतुष्टी मिल जाती है कि उनकी गाड़ी में बताए गए अनुसार पेट्रोल अथवा डीजल डल गया है। परंतु अगर पेट्रोल पंपों के मीटर को ध्यान से देखा जाए तो उसमें कई जगहों पर एक प्वांइट से शुरुआत नहीं हो रही है। बल्कि ये कहा जाए कि कई पेट्रोल पंपों के मीटर में 3, 5 या फिर सीधे 10 प्वाइंट से शुरुआत हो रही है।

### ेदाम मार रहे जमकर उछाल

वर्तमान में अगर हम पेट्रोल की कीमतों की बात करें तो शहर प्रति लीटर पेट्रोल 106.42 रू. का बिक रहा है, जबकि डीजल की कीमत 91.90 रू. के आसपास चल रही है। पेट्रोल पंपों के संचालकों ने अब लोगों के साथ ठगी करने का एक नया तरीका निकाल लिया है। पेट्रोल भरवाने की शुरुआत के चंद सैकडों में ही पेट्रोल पंपों के कर्मचारी इतने मीटर से प्वांइट मार जाते है कि लोगों की समझ में ही नहीं आ पाता।

### दिनभर में हजारों, लाखों की चपत

अगर हम बात करें किसी भी एक पेट्रोल पंप की, तो दिनभर में ही सैकड़ों लोग पेट्रोल पंपों पर डीजल अथवा पेट्रोल भरवाने पहुंचते है। ऐसे में शहर के कई ऐसे पेट्रोल पंप है जो इस प्रकार की ठगी कर लोगों की जेबों पर सीधा डांका डाल रहे हैं और दिनभर में हजारों-लाखों की अंधी कमाई कर रहे हैं। अब देखना ये है कि प्रशासन इन पेट्रोल पंपों पर कब कार्यवाही करता है और शहर की आम जनता को ठगने से बचाता है।

## क्यूआर कोड रीडर करेंगे पोस्टल काउंटिंग

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत ईटीपीबीएस के माध्यम से सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल आठों विधानसभा क्षेत्रो के लिये अलग.अलग क्यू आर कोड रीडर दल का गठन किया गय है। विधानसभावार गठित प्रत्येक क्यू आर कोड रीडर दल में एक गणना सुपरवाइजर, एक तकनीकी समन्वय एवं एक क्यू आर कोड रीडर की नियुक्ति की गयी है। ईटीपीबीएस से प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना के लिये नियुक्त क्यूआर कोड रीडर दल में अधिकारियों कर्मचारियों को बकायदा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। क्यूआर कोड रीडर दल में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण में तथा मतगणना में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।




## विक्की द्वारा हितकारिणी लॉ कॉलेज में मध्यस्थता घरेलू हिंसा पर सेमीनार का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

महिला भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (विक्की) के तत्वावधान में हितकारिणी लॉ कॉलेज के प्रेक्षागृह में मध्यस्थता घरेलू हिंसा विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता नीना खरे रहीं, जो विक्की की नेशनल मेंबर के साथ ही मीडिएटर इंडिया की वॉइस प्रेसीडेंट, इएमडब्लू की स्टेट कॉर्डीनेटर और एआइआइएमएएस की डायरेक्टर हैं। इस अवसर पर विक्की मध्यप्रदेश की ट्रेंड मीडिएटर सोनल पंडित ने अध्यक्षता की। विक्की मध्यप्रदेश की ट्रेंड मीडिएटर प्रीति सिंह ने उपाध्यक्षता और विक्की मध्यप्रदेश की ट्रेंड मीडिएटर दिव्या बघेल कार्यकारी उपाध्यक्ष रहीं। इस दौरान हितकारिणी विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह, जयश्री मुखर्जी, मोनिका सिंह, अभिषेक नेमा, यामिनी मिश्रा, प्रशांत वर्मा, अश्विनी दोशी, जॉली जैन सहित स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

## पांचवीं सदी के नंदी के छायाचित्रों ने मोहा मन

### विश्व संग्रहालय दिवस पर छायाचित्र प्रदर्शनी शुरु

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर आज रानी दुर्गावती संग्रहालय में नंदी प्रतिमा विषय पर पांच दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पांचवीं सदी से 17वीं शताब्दी के बीच निर्मित मंदिरों पर विराजमान नंदी के चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा और नेपाल, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका के मंदिरों में विराजमान नंदी के छायाचित्र लगाए गए हैं। 22 मई तक चलने वाली निशुल्क प्रदर्शनी का शुभारंभ पुरातत्वविद् तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षक शिवकांत वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर कला वीथिका में पुरातत्व एवं सरंक्षण विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया। इसमें पुरातत्वविद् डॉ. शिवकांत वाजपेयी, पुरातत्वविद् डॉ. यतिश जैन, प्राध्यापक डॉ. रजंना जैन, पुरातत्व विभाग के उपयंत्री प्रदीप पुरविया, मानचित्रकार प्रमोद कुमार राव ने पुरातत्व एवं संरक्षण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार रौसल्या ने किया। छायाचित्र प्रदर्शनी का लगभग 250 लोगों ने अवलोकन किया इनमें स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्रा शामिल रहे।




## होटल में युवती से दुष्कर्म

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि बीते दो वर्ष पूर्व 21 वर्षीय युवती की कटनी निवासी हर्ष कुरैशी से एक कंपनी में जॉब के दौरान मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। गत दिवस युवक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ गढ़ा स्थित एक होटल ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## आपदा संबंधी बैठक कल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी को लेकर सोमवार 20 मई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होने वाली इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## कुख्यात किस्सू तिवारी की सरगर्मी से तलाश

### कटनी, हिमाचल प्रदेश कांगडा के साथ चित्रकूट टीमें रवाना



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर फरार स्थाई 25 हजार रूपये का ईनामी वारंटी किस्सू उर्फ किशोर तिवारी की गिरफ्तारी के लिए जिला कटनी, हिमाचल प्रदेश के ज्वालाजी जिला कांगडा तथा चित्रकूट टीमें रवाना। जानकारी हो कि न्यायालय द्वारा अपराध क्रमांक 295/85 धारा 364, 365, 302, 201, 120बी, 34 भादवि के प्रकरण में आरोपी किस्सू उर्फ किशोर तिवारी पिता गोवर्धन तिवारी उम्र 61 वर्ष निवासी हीरागंज कटनी का दिनॉक 4 मार्च 2022 को गैरम्यादी वारंट जारी किया गया था। फरार वारंटी किस्सू उर्फ किशोर तिवारी के विरूद्ध जारी गैरम्यादी वारंट की तामीली के लगातार प्रयास किये गये किंतु किस्सू उर्फ किशोर तिवारी सकूनत से लगातार फरार है। गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले या गिरफ्तारी में सहयोग प्रदान करने वाले को 10 हजार रूपये के नगद पुरुस्कार से पुरूस्कृत करने की उद्घोषणा पुलिस कप्तान द्वारा 12 मार्च 2024 को की गयी थी। पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह द्वारा 25,000 रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरुस्कृत करने की उद्घोषणा की गयी है।

## भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त कोच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात तथा प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली भोपाल-हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस मे थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी के एक अतिरिक्त स्थाई कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। यह अतिरिक्त स्थाई कोच गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस में अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से दिनांक 20 मई को और गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस में अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से दिनांक 22 मई को गन्तव्य के लिए एक तृतीय इकोनॉमी वातानुकूलित श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। रेल यात्रियों को थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी की अतिरिक्त कुल 80 बर्थ की सुविधा मिलेगी।

## पमरे के राजस्व में जुड़े 3.59 करोड़

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल माल यातायात में परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादकों को भी प्रोत्साहित कर रही है। इसी कड़ी में मिशन मोड के तहत बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट द्वारा रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप पमरे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के पहले अप्रैल माह में कुल 03 करोड 59 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल मे बीडीयू के जरिए फ्रेट लोडिंग से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 57 करोड 92 लाख का रेल राजस्व अर्जित किया गया था। ग्रेएम लोडिंग से भोपाल मण्डल के हरदा से 04 मिनी रैक ग्रेएम यानि चना की लोडिंग की गई। इससे रेलवे ने रुपये 52 लाख का राजस्व अर्जित हुआ है। पल्स लोडिंग से भोपाल मण्डल के गंजबासौदा से 01 पिस मिल वैगन पल्स की लोडिंग की गई। इससे रेलवे ने रुपये 02 लाख का राजस्व अर्जित किया। इसी प्रकार फ्लाई/बेड एश लोडिंग से भोपाल मण्डल के 05 रैक श्री सिंगाजी थर्मल पॉवर प्लांट साइडिंग, 05 रैक जेपी बीना थर्मल पॉवर प्लांट साइडिंग एवं 02 रैक बीना रिफायनरी प्लांट साइडिंग से फ्लाई/बेड एस की लोडिंग की गई। इससे रेलवे ने रुपये 3 करोड़ 05 लाख का रेल राजस्व अर्जित हुआ है।

## घूस मांगते ननि महिलाकर्मी का वीडियो वायरल

### जन्म प्रमाण पत्र बनवाने एसडीएम के नाम पर मांगी 15 सौ की रकम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय कार्यालय में भ्रष्टाचार किस कदर जड़े जमा चुका है की जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी रिश्वत देना पड़ती है। ऐसा ही एक ताजा मामला नगर निगम में प्रकाश में आया है। जहां पर एक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक परिवार से नगर निगम की एक महिला कर्मचारी द्वारा खुले आम रूप से रिश्वत मांगी गई है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नगर निगम की महिला कर्मचारी द्वारा कहा जा रहा है कि एसडीएम की अनुशंसा से ही प्रमाण पत्र बन सकेगा। इसके लिए उसे 1500 देने होंगे। इसके बाद दलाल के माध्यम से एसडीएम की अनुमति और अनुशंसा करवरकर जन्म प्रमाण पत्र बन जाएगा। इसी दौरान हितग्राही पीड़ित परिवार ने महिला कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगने का वीडियो बना लिया। इसके बाद अब दोनों महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है।

## विक्टोरिया में डॉक्टर्स न मिलने पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की विक्टोरिया जिला अस्पताल में डॉक्टर्स द्वारा नियमों का पालन नहीं करने का मामला सामने आया है। शाम होते ही अस्पताल में अधिकतर डॉक्टरों के चैंबर में ताला डल जाता है और ओपीडी भी तय नियम के तहत नहीं खुली रहती है। ओपीडी में एक भी डॉक्टर नहीं होने से शाम के समय अस्पताल में आने वाले मरीजों को बिना ईलाज के ही वापस घर लौटना पड़ रहा है, जिससे गरीब मरीजों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के सीएमएचओ से मामले की जांच कराकर मरीजों के लिये उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के सम्बंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन 3 सप्ताहों में मांगा है।

## फ्लैट में चल रहा था आईपीएल का सट्टा

### पुलिस रेड में दो अरेस्ट, दो फरार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार थानातंर्गत तिलहरी दत्त टाउन शिप के फ्लैट नंबर 503 में पिछले दो माह से आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का सट्टा खिलाया जा रहा था। जिसकी भनक बीती रात पुलिस को लग गई। पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो आरोपी पीछे के रास्ते भाग निकले, वहीं मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने फ्लैट से एक टीव्ही, आठ मोबाईल, एक कम्प्रेशर बॉक्स व ढाई हजार रुपये की नगदी जप्त किये है।

***मुख्य आरोपी से 7 मोबाइल बरामद***- गोराबाजार टीआई नेहरु सिंह खण्डाते ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर दत्त टाउनशिप में ब्लॉक ए फ्लेट नम्बर 503 में दबिश दी गई। जहां कुछ व्यक्ति मुम्बई और लखनऊ के बीच आईपीएल क्रिकेट मैच टीव्ही में देखकर अपने मोबाइल से आनलाईन हारजीत की बाजी लगवा रहे थे। पुलिस ने मौके से विकास जैन उम्र 32 वर्ष निवासी राधा कन्या स्कूल के पास सराफा कोतवाली वर्तमान पता दत्त टाउनशिप में ब्लाक ए फ्लेट नम्बर 503 तिलहरी गोराबजार व अंकित कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष निवसी हाउबाग रेल्वे स्टेशन के पास गोरखपुर को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी विकास जैन के कब्जे से 7 मोबाइल, एलईडी टीव्ही, रिकार्डर, कान्फ्रेंस बॉक्स, जिसमें मोबाइल चार्जर लीड लगी बरामद की है। साथ ही एक रजिस्टर जिसमें सट्टा तथा रूपये एवं ग्राहक का शार्ट नेम लिखा था जप्त किया। वहीं आरोपी अंकित सिंह के कब्जे से एक सेमसंग कम्पनी का मोबाइलए एक कान्फ्रेंस बाक्स जिसमें 5 चार्जर लीड केबल लगी हुई थी बरामद की है। आरोपी के पास से पंद्रह सौ रुपये की नगदी बरामद की गई।



***आईडी लेकर कमीशन पर खिला रहे थे सट्टा***- पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने भागने वाले अपने साथियों का नाम संदेश जैन निवासी अंधेरदेव कोतवाली एवं विनोद मराठे बताया। आरोपियों ने बताया कि आनलाईन रेडी अन्ना एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम से इंटरनेट संसाधन का उपयोग कर पिछले दो माह से आईपीएल का सट्टा खिला रहे थे। जिसके एवज में 20 प्रतिशत कमीशन मिलता था, जिससे प्रतिदिन उन्हें पांच से दस हजार रुपये प्राप्त हो जाता था। शेष 80 फीसदी राशि आनलाईन आईडी रेडी अन्ना देने वाले बुकी को जाता था। पुलिस ने आरोपी विकास जैन, अंकित कुमार सिंह, संदेश जैन व विनोद मराठे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## पुलिस-न्याय प्रक्रिया की अहम कड़ी हो आप

### पुलिस कप्तान ने ली कोर्ट मोहर्रिर और चालान कर्मचारियों की बैठक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने न्यायालयो में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर एवं चालान ड्यूटी आरक्षक व प्रधान आरक्षक की बैठक पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में ली। इस दौरान एएसपी अपराध समर वर्मा, एएसपी प्रदीप कुमार शेण्डे, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे उपस्थित रहे। कप्तान ने बैठक में कहा कि आप सभी एक गियर के रूप में न्यायालय एवं पुलिस के बीच सेतु का काम करते है, जिस तरह एक डॉक्टर के प्रोफेशन के लिये जरूरी होता है कि वह अपने आपको अपडेट रखे उसी तरह आपको भी अपने आपको अपडेट रखना होगा, पुलिस व न्याय प्रक्रिया को जोडने की आप महत्वपूर्ण कड़ी है। कप्तान ने सभी कोर्ट मोहर्रिर, चालान ड्यूटी आरक्षक/प्रधान आरक्षक से व्यवहारिक समस्याओ को सुना एवं कहा कि न्यायालीयीन कार्य में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

***सजगता से जारी करें समंस वारंट***- कप्तान सिंह ने कोर्ट मोहर्रिरो को समय पर समंस वारंट जारी करने एवं जारी समंस वारंटो में सही नाम पता लेख करने के लिए आदेशित करते हुये कहा कि समंस वारंट सजकता से जारी करेंगे तो निश्चित ही समंस वारंट के तामीली के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी, अक्सर अधूरे नाम पता के कारण संमस वारंट की तामीली मे दिक्कतें आती है, संमंस वारंट जारी करते समय पूरा नाम पता आवश्यक रूप से लिखें, साथ ही जमानतदारों के नाम पता भी लिखें। इसके साथ ही आपके द्वारा सभी कोर्ट मोहर्रिर को निर्देशित किया गया कि न्यायालय में कानून व्यवस्था बनाये रखते हुये साक्षियों की सुरक्षा एवं अभियुक्त की अभिरक्षा सुनिश्चित करें।




हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**